Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# अगस्त 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. चलियार नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी घाट में इलाम्बालारी पहाड़ियों से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।
2. चेरुपुझा और करीमपुझा चालियार नदी की सहायक नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चलियार नदी:**

- **चलियार नदी** (Chaliyar River) पश्चिमी घाट में **इलाम्बालारी पहाड़ियों** से निकलती है और अरब सागर में मिलने से पहले मलप्पुरम तथा कोझीकोड ज़िलों से होकर बहती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ **चेरुपुझा, इरिंगिपुझा, कुरुंबनपुझा, कन्हिरापुझा, पुन्नपुझा, करीमपुझा (Karimpuzha), वडापुरम-पुझा और चालियारपुझा (Chaliyarpuzha)** हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**2. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SMR को छोटे परमाणु रिएक्टर के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनका अधिकतम उत्पादन 300 मेगावाट (MW) प्रति यूनिट होता है।
2. गैर-प्रकाश जल प्रौद्योगिकी आधारित SMR को उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टर (AMR) कहा जाता है।
3. वे ऊष्मा उत्पन्न करने के लिये परमाणु संलयन प्रतिक्रियाओं का उपयोग करते हैं जिसका उपयोग सीधे या विद्युत उत्पन्न करने हेतु किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR):**

- **स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR)** को छोटे परमाणु रिएक्टर के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनका **अधिकतम उत्पादन 300 मेगावाट (MW) प्रति यूनिट होता** है। तुलनात्मक रूप से, **बड़े आकार के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का उत्पादन 1,000 मेगावाट प्रति यूनिट** से अधिक होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **गैर-प्रकाश जल प्रौद्योगिकी** पर आधारित SMR को **उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टर (AMR)** कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे ऊष्मा उत्पन्न करने के लिये **परमाणु विखंडन अभिक्रियाओं का उपयोग** करते हैं जिसका उपयोग **सीधे या विद्युत उत्पन्न करने हेतु** किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**3. पैथोजन एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग (PABS) शब्द को कभी-कभी समाचारों में किसके संदर्भ में देखा जाता है?**

A. जैवविविधता पर कन्वेंशन
B. कार्टेगेना प्रोटोकॉल ऑन बायोसेफ्टी
C. मिनामाटा कन्वेंशन
D. WHO महामारी समझौता

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पैथोजन एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग (PABS):**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया को मज़बूत करने के लिये **WHO महामारी समझौते** का मसौदा तैयार करने पर सहमति व्यक्त की है।
- महामारी समझौता वार्ता में सबसे विवादास्पद मुद्दा **पैथोजन एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग (PABS)** प्रणाली रहा है।
- PABS प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि जब **विकासशील देश आनुवंशिक संसाधनों** और **रोगजनक नमूनों** को साझा करते हैं, तो उन्हें **इस साझा डेटा से विकसित टीके तथा निदान जैसे लाभ** प्राप्त होते हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

**4. गाडगिल समिति रिपोर्ट और कस्तूरीरंगन समिति रिपोर्ट, जो कभी-कभी समाचारों में आती हैं, निम्नलिखित से संबंधित हैं:**

A. बिहार और असम में बाढ़ की रोकथाम

B. पुरानी पेंशन योजना

C. पश्चिमी घाटों की सुरक्षा

D. रक्षा क्षेत्र का विनियमन

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पश्चिमी घाट का संरक्षण:**

- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** ने वर्ष 2010 में पश्चिमी घाट पर जनसंख्या दबाव, **जलवायु परिवर्तन तथा विकास गतिविधियों** के प्रभाव का अध्ययन करने के लिये **गाडगिल समिति का गठन** किया था।
  - इसने सिफारिश की कि समस्त **पश्चिमी घाट** को **पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र (ESA)** घोषित किया जाए तथा श्रेणीबद्ध क्षेत्रों में केवल सीमित विकास की अनुमति दी जाए।
- **पश्चिमी घाट की जैवविविधता की रक्षा के लिये** एक समग्र रास्ता खोजने तथा स्थानीय निवासियों की समावेशी वृद्धि और **सतत् विकास** की उचित आकांक्षाओं को संबोधित करने हेतु वर्ष 2012 में कस्तूरीरंगन समिति का गठन किया गया था।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**5. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. अल्जीरिया
2. तुर्की
3. लेबनान
4. इज़रायल
5. जॉर्डन
6. सोमालिया

**उपर्युक्त देशों में से कितने देश भूमध्य सागर के साथ सीमा साझा करते हैं?**

A. केवल दो

B. केवल तीन

C. केवल चार

D. केवल पाँच

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भूमध्य सागर:**

- **भूमध्य सागर** अटलांटिक महासागर का एक विस्तार है जो **यूरेशिया और अफ्रीका** महाद्वीपों के बीच स्थित है तथा लगभग पूरी तरह से भूमि से घिरा हुआ है।
- भूमध्य सागर के साथ **सीमा साझा करने वाले देश** हैं:
  - **यूरोपीय देश:** स्पेन, फ्राँस, इटली, माल्टा, मोनाको, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, मोंटेनेग्रो, अल्बानिया तथा ग्रीस।
  - **पश्चिम एशियाई (मध्य पूर्वी) देश: तुर्की**, सीरिया, लेबनान, इज़रायल, फिलिस्तीन (गाजा पट्टी) और साइप्रस (द्वीप)।
  - **अफ्रीकी देश: मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया और मिस्र।**
- **अत: विकल्प C सही है।**

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (TRL) एक प्रकार की माप प्रणाली है जिसका उपयोग किसी विशेष प्रौद्योगिकी के परिपक्वता स्तर का आकलन करने के लिये किया जाता है।
2. जब कोई प्रौद्योगिकी "उड़ान योग्य" हो जाती है और यह किसी प्रौद्योगिकी प्रणाली में कार्यान्वयन के लिये तैयार हो जाती है, तो उसे TRL का उच्चतम स्तर दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (TRL):**

- प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (TRL) एक प्रकार की माप प्रणाली है जिसका उपयोग किसी विशेष प्रौद्योगिकी के **परिपक्वता स्तर** का आकलन करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **RL 1 सबसे कम है और TRL 9 सबसे अधिक** है।
- जब किसी तकनीक को सफल मिशन के दौरान **"उड़ान परीक्षण"** के लिये प्रमाणित कर दिया जाता है, तो उसे TRL 9 का उच्चतम स्तर दिया जाता है।

नोट :

- जब किसी तकनीक का परीक्षण कर लिया जाता है और वह **"उड़ान योग्य" हो जाती** है तथा यह पहले से मौजूद तकनीक या प्रौद्योगिकी प्रणाली में कार्यान्वयन के लिये तैयार है, तो उसे TRL 8 दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**7. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य 2030 तक देश में प्रतिवर्ष 50 मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है।
2. NGHM के तहत ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (SIGHT) कार्यक्रम के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप इलेक्ट्रोलाइज़र बनाने और ग्रीन अमोनिया के उत्पादन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करता है।
3. भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और ग्रीन हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिये हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर शुरू किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM):**

- **राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM)** का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रतिवर्ष **5 मिलियन टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन** करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NGHM के तहत **हरित हाइड्रोजन संक्रमण के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप (SIGHT) इलेक्ट्रोलाइज़र** बनाने और **ग्रीन अमोनिया** के उत्पादन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिये **हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर** शुरू किये गए हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**8. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की एकमात्र वानर प्रजाति है जिसका संरक्षण एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक चिंता का विषय बन गया है?**

A. वेस्टर्न गोरिल्ला
B. चिंपैंजी
C. लार गिब्बन
D. हूलॉक गिब्बन

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हूलॉक गिब्बन:**

- **हूलॉक गिब्बन भारत की एकमात्र वानर प्रजाति** है जिसका संरक्षण एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक चिंता का विषय बन गया है।
- भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में दो विशिष्ट हूलॉक गिब्बन प्रजातियाँ पाई जाती हैं,अर्थात् **ईस्टर्न हूलॉक गिब्बन** और **वेस्टर्न हूलॉक गिब्बन**।
- गिब्बन, जिन्हें सभी वानरों में सबसे **छोटा और सबसे तेज़ माना जाता** है, **दक्षिण-पूर्व एशिया** के **उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय वनों** में रहते हैं। वे पूर्वोत्तर **भारत, बांग्लादेश, म्याँमार एवं दक्षिणी चीन** के वन क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**9. पूर्व-विधान परामर्श नीति 2014 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की समिति द्वारा तैयार किया गया था।
2. विधि एवं न्याय मंत्रालय रिकॉर्ड रखता है कि क्या अन्य मंत्रालय या विभाग पूर्व-विधायी परामर्श नीति, 2014 का पालन करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूर्व-विधान परामर्श नीति 2014:**

- **पूर्व-विधान परामर्श नीति** 10 जनवरी, 2014 को **कैबिनेट सचिव** की अध्यक्षता में सचिवों की समिति द्वारा तैयार की गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक मंत्रालय या विभाग को इस **नीति का पालन करना होगा** और इसे लागू करना होगा।
- **विधि एवं न्याय मंत्रालय** इस बात का रिकॉर्ड नहीं रखता है कि **अन्य मंत्रालय या विभाग पूर्व-विधायी परामर्श नीति 2014** का पालन करते हैं या नहीं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**10. धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का स्वदेशी रूप से विकसित आनुवंशिक रूप से संशोधित संस्करण है।
2. इसमें एलियन जीन बार्नेज और बारस्टार शामिल हैं जो उच्च उपज देने वाली वाणिज्यिक सरसों संकर के प्रजनन को सक्षम करते हैं।
3. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) ने DMH-11 के पर्यावरणीय विमोचन को मंज़ूरी नहीं दी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11):**

- **धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11)** एक स्वदेशी रूप से विकसित **ट्रांसजेनिक सरसों** है। यह **हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का आनुवंशिक रूप से संशोधित** संस्करण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें दो एलियन जीन (**'बार्नेज' और 'बारस्टार'**) शामिल होते हैं जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स (Bacillus amyloliquefaciens) नामक मृदा जीवाणु से पृथक किये जाते हैं जो **उच्च उपज** वाली वाणिज्यिक सरसों की संकर प्रजाति विकसित करने में सहायक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC)** ने **सरसों के आनुवंशिक रूप से संशोधित संस्करण, धारा मस्टर्ड हाइब्रिड -11** को जारी किये जाने हेतु पर्यावरणीय मंज़ूरी दे दी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**11. राज्य विधानमंडल में धन विधेयक पारित करने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. धन विधेयक के संबंध में विधानसभा के पास विधान परिषद की तुलना में अधिक शक्तियाँ होती हैं।
B. राज्यपाल विधेयक को राज्य विधानमंडल के पुनर्विचार के लिये वापस नहीं कर सकता।
C. विधान परिषद अधिकतम 30 दिनों की अवधि के लिये धन विधेयक को रोक सकती है या विलंबित कर सकती है।
D. राज्यपाल द्वारा धन विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा जा सकता है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**धन विधेयक:**

- **विधान परिषद के पास धन विधेयक के संबंध में सीमित शक्तियाँ** हैं। यह धन विधेयक को अस्वीकार या संशोधित नहीं कर सकती। इस प्रकार विधानसभा के पास धन विधेयक के संबंध में विधान परिषद की तुलना में अधिक शक्तियाँ हैं।
- **राज्यपाल** या तो अपनी सहमति दे सकते हैं, अपनी **सहमति रोक सकते हैं या विधेयक को राष्ट्रपति** की सहमति के लिये सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन विधेयक को राज्य विधानमंडल के पुनर्विचार हेतु वापस नहीं लौटा सकते।
- विधान परिषद किसी धन विधेयक को अधिकतम **14 दिनों तक रोक** सकती है या विलंबित कर सकती है।
- राज्यपाल द्वारा **धन विधेयक** को **राष्ट्रपति** के विचारार्थ आरक्षित रखा जा सकता है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**12. नीति आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सहकारी संघवाद की भावना से काम करता है क्योंकि राज्य समान भागीदार हैं।
2. इसके पास विभिन्न विकासात्मक उद्देश्यों के लिये राज्यों को धन आवंटित करने की शक्तियाँ हैं।
3. नीति आयोग द्वारा ई-अमृत पोर्टल विकसित किया गया है ताकि उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करने के लाभों के बारे में जागरूक किया जा सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नीति आयोग:**

- **नीति आयोग** सहकारी संघवाद की भावना से काम करता है क्योंकि **राज्य समान भागीदार** हैं। यह सहकारी संघवाद की भावना को प्रतिध्वनित करते हुए **"Bottom-Up" दृष्टिकोण पर बल** देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसके पास विभिन्न **विकासात्मक उद्देश्यों के लिये राज्यों को धन आवंटित करने की शक्तियाँ** नहीं हैं जो वित्त मंत्रालय में निहित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नीति आयोग द्वारा **इलेक्ट्रिक वाहनों (EV)** के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करने के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिये **ई-अमृत पोर्टल विकसित** किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**13. "ओस्लो शांति समझौते" और "कैंप डेविड समझौते" शब्द का उल्लेख कभी-कभी समाचारों में निम्नलिखित मामलों के संदर्भ में किया जाता है:**

A. क्यूबा

B. इज़रायल

C. आयरलैंड

D. म्याँमार

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ओस्लो शांति समझौता और कैंप डेविड समझौता:**

- **पहला ओस्लो समझौता वर्ष 1993** में हुआ जिसके अंतर्गत इज़रायल और फिलिस्तीन मुक्ति संगठन ने एक-दूसरे को आधिकारिक मान्यता देने तथा हिंसक गतिविधियों को त्यागने पर सहमति प्रकट की। इनका उद्देश्य दो-राज्य समाधान के वांछित लक्ष्य के साथ भविष्य की शांति वार्ता शुरू करना था। दोनों पक्षों ने दशकों से चले आ रहे अपने संघर्ष को समाप्त करने का भी निर्णय लिया।
- **कैंप डेविड समझौते 1978** ने इज़रायल और मिस्र के बीच ऐतिहासिक शांति संधि के लिये **रूपरेखा तैयार की। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर,** मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इज़रायल के प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन ने हस्ताक्षर किये थे।

**14. डेरिवेटिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध होते हैं जिनका मूल्य अंतर्निहित परिसंपत्ति के मूल्य से जुड़ा होता है।
2. इनका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिये किया जाता है, जिसमें सट्टेबाज़ी, हेजिंग और अतिरिक्त परिसंपत्तियों या बाज़ारों तक पहुँच प्राप्त करना शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डेरिवेटिवस:**

- डेरिवेटिवस वित्तीय अनुबंध हैं जिनका मूल्य अंतर्निहित परिसंपत्ति के मूल्य से **संबंधित** होता है। वे अपना मूल्य अंतर्निहित परिसंपत्तियों के समूह या बेंचमार्क से प्राप्त करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे जटिल वित्तीय साधन हैं जिनका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिये किया जाता है, जिसमें सट्टेबाज़ी, हेजिंग और अतिरिक्त **परिसंपत्तियों या बाजारों तक पहुँच प्राप्त करना** शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**15. भारत में श्रेणी I वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

A. वे मुख्य रूप से शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं।

B. वे विविध या जटिल व्यापारिक रणनीतियों को अपनाते हैं और सूचीबद्ध या गैर-सूचीबद्ध डेरिवेटिव में निवेश के माध्यम से उत्तोलन का उपयोग कर सकते हैं।

C. वे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा लगाए गए सभी विनियमों से मुक्त हैं।

D. वे स्टार्ट-अप, प्रारंभिक चरण के उपक्रमों, सामाजिक उपक्रमों और अर्थव्यवस्था या समाज के लिये महत्त्वपूर्ण अन्य क्षेत्रों में निवेश करने हेतु स्थापित किये गए हैं।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**श्रेणी I वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)**

- **श्रेणी I वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)** स्टार्ट-अप या प्रारंभिक चरण के उद्यमों या सामाजिक उद्यमों या एसएमई या बुनियादी ढाँचे या अन्य क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिन्हें सरकार या नियामक सामाजिक और आर्थिक रूप से वांछनीय मानते हैं।
- इसमें उद्यम पूंजी निधि, लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) निधि, सामाजिक उद्यम निधि, अवसंरचना निधि तथा अन्य वैकल्पिक निवेश निधियाँ शामिल हैं, जिन्हें निर्दिष्ट किया जा सकता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

16. **व्यय-परिवर्तन नीति का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**

A. उपभोक्ता मांग को आयातित वस्तुओं से घरेलू रूप से उत्पादित वस्तुओं की ओर मोड़ना

B. समग्र सरकारी व्यय को कम करना

C. कर दरों को समायोजित करके कर राजस्व में वृद्धि करना

D. विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच आय का पुनर्वितरण करना

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**व्यय-परिवर्तन नीति:**

- **व्यय-परिवर्तन नीति** का उद्देश्य व्यय के मौजूदा स्तर को एक आउटलेट से दूसरे आउटलेट में **परिवर्तन** करना है। उदाहरण के लिये, टैरिफ या आयात कोटा का उपयोग मौजूदा व्यय को आयात से हटाकर **घरेलू रूप से उत्पादित वस्तुओं पर करने हेतु** किया जा सकता है।
- इसका उद्देश्य **उपभोक्ता मांग को आयातित वस्तुओं से घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं की ओर परिवर्तन** करना है।
- इसे देश के **बाह्य घाटे के आकार को कम करने में मदद करने के लिये निर्यात और आयात** की सापेक्ष कीमतों को बदलने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

17. **एंजेल टैक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे आयकर अधिनियम, 1961 के तहत 2012 में पेश किया गया था।
2. इसके तहत निजी कंपनियों को उनके उचित बाज़ार मूल्य से अधिक शेयर जारी करने के लिये प्राप्त अतिरिक्त राशि पर कर का भुगतान करना आवश्यक था।
3. बजट 2024-25 में स्टार्टअप्स में निवेशकों के सभी वर्गों के लिये एंजेल टैक्स को समाप्त कर दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एंजेल टैक्स:**

- एंजेल टैक्स को **आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 56( 2 )( viib )** के माध्यम से 2012 में पेश किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- एंजेल टैक्स से तात्पर्य सरकार द्वारा गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई गई फंडिंग पर लगाया जाने वाला आयकर है, यदि उनका **मूल्यांकन** कंपनी के उचित बाज़ार मूल्य से अधिक है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह कर एंजेल निवेश पर सबसे अधिक प्रभाव डालता है और इसलिये इसे एंजल टैक्स कहा जाता है।
- बजट 2024-25 में स्टार्टअप्स में निवेशकों के सभी वर्गों के लिये एंजेल टैक्स को समाप्त कर दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

18. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, 2019 के तहत यदि कोई व्यक्ति "पुरुष" या "महिला" श्रेणी में बदलाव के लिये आवेदन करना चाहता है, तो लिंग-पुष्टि देखभाल के रूप में चिकित्सा हस्तक्षेप का प्रमाण अनिवार्य है।
2. ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) नियम, 2020 के तहत शारीरिक परीक्षण गैरकानूनी हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की धारा 7** के तहत लिंग-पुष्टि देखभाल (सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी, हार्मोन थेरेपी, आदि) के रूप में चिकित्सा हस्तक्षेप का प्रमाण अनिवार्य है यदि कोई व्यक्ति "पुरुष" या "महिला" श्रेणी में बदलाव के लिये आवेदन करना चाहता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) नियम, 2020 के तहत शारीरिक परीक्षण को गैरकानूनी घोषित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- वर्ष 2023 में पूर्व सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में एक प्रतिक्रिया से पता चला कि लगभग 24,000 में से ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण-पत्र के लिये 3,225 आवेदन मंज़ूरी हेतु लंबित थे

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चावल और गेहूँ में संकर, जो कि मुख्य रूप से स्व-परागण वाली फसलें हैं तथा संकरण के लिये कम अनुकूल हैं, पारंपरिक रूप से भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का एकाधिकार रहा है।
2. धान के खेतों में पानी भरना और गेहूँ के लिये बार-बार जुताई करना किसानों द्वारा मुख्य रूप से खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
3. IIT मद्रास ने एक उत्परिवर्तित जीन के साथ चावल और गेहूँ के संकर विकसित किये हैं जो उन्हें विभिन्न खरपतवारों को लक्षित करने वाले शाकनाशी इमेज़ेथापायर का सामना करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चावल और गेहूँ में संकर, जो कि **बड़े पैमाने पर स्व-परागण** करने वाली फसलें हैं तथा संकरण के लिये कम अनुकूल हैं, पारंपरिक रूप से भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का एकाधिकार रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- धान के खेतों में पानी भरना और गेहूँ के लिये बार-बार जुताई करना किसानों द्वारा मुख्य रूप से खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दो निजी कंपनियों राइसटेक और माहिको ने एक उत्परिवर्तित जीन युक्त चावल तथा गेहूँ के संकर/किस्में विकसित की हैं, जिनके परिवर्तित DNA अनुक्रम उनके पौधों को इमेज़ेथापायर के अनुप्रयोग को "सहन" करने में सक्षम बनाते हैं, जो खरपतवारों की एक विस्तृत शृंखला के खिलाफ प्रभावी एक शाकनाशी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने भी GM नहीं बल्कि उत्परिवर्तन संकर के माध्यम से इमेज़ेथापायर-सहिष्णु लक्षणों वाली चावल की किस्में प्रदान की।

**20. रबर के पेड़ों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राचीन ओल्मेक, माया और एज़्टेक द्वारा पहली बार खोजे गए रबर के पेड़ से निकलने वाले लेटेक्स सैप का इस्तेमाल रबर की गेंद बनाने के लिये किया जाता था।
2. हेविया ब्रासिलिएन्सिस रबरवुड की एक प्रजाति है जो भारत, श्रीलंका और नेपाल में पाई जाती है।
3. घने जंगल की तुलना में रबर के पेड़ मिट्टी को पकड़ने में कम प्रभावी होते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रबर के पेड़:**

- प्राचीन ओल्मेक, माया और एज़्टेक द्वारा पहली बार खोजे गए रबर के पेड़ से निकलने वाले लेटेक्स सैप का इस्तेमाल रबर की गेंद बनाने के लिये किया जाता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **हेविया ब्रासिलिएन्सिस रबरवुड** की एक प्रजाति है जो दक्षिण अमेरिका के अमेज़न क्षेत्र के वर्षावनों में पाई जाती है, जिसमें ब्राज़ील, वेनेजुएला, इक्वाडोर, कोलंबिया, पेरू और बोलीविया शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- घने जंगल की तुलना में रबर के पेड़ मिट्टी को रोकने में कम प्रभावी होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी घाट विश्व के आठ सबसे गर्म जैवविविधता वाले हॉटस्पॉट में से एक है।
2. वर्ष 2011 में पारिस्थितिकीविद् माधव गाडगिल की अध्यक्षता में पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल ने पूरे क्षेत्र को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) के रूप में चिह्नित किया।
3. वर्ष 2013 में कस्तूरीरंगन समिति ने पश्चिमी घाट के केवल 37% हिस्से को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) के रूप में नामित करने की सिफारिश की थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो

नोट :

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पश्चिमी घाट:**

- पश्चिमी घाट **विश्व के आठ सबसे गर्म जैवविविधता वाले हॉटस्पॉट** में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2011 में पारिस्थितिकीविद् **माधव गाडगिल** की अध्यक्षता में पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल ने **पूरे क्षेत्र को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (Ecologically Sensitive Area- ESA)** के रूप में चिह्नित किया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **गाडगिल समिति ने विश्व के आठ सर्वाधिक जैवविविधता वाले हॉटस्पॉटों** में से एक, पश्चिमी घाट के बड़े हिस्से में निर्माण, खनन और उत्खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।
- वर्ष 2013 में कस्तूरीरंगन समिति ने पश्चिमी घाट के केवल 37% हिस्से को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) के रूप में नामित करने की सिफारिश की थी। **अतः कथन 3 सही है।**




नोट :

**22. रोज़गार-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 5 लाख रुपए तक मासिक वेतन वाले पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारी तीन किस्तों में 15,000 रुपए तक पाने के पात्र हैं।
2. दूसरी किस्त पाने के लिये उम्मीदवार को ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम से गुज़रना होगा।
3. इस योजना के तहत करीब 1 करोड़ कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा और यह योजना 10 वर्ष तक चलेगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रोज़गार-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना:**

- इस योजना के तहत, **1 लाख रुपए** तक के मासिक वेतन वाले पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारी को तीन किस्तों में 15,000 रुपए तक की राशि प्राप्त करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- दूसरी किस्त प्राप्त करने के लिये उम्मीदवार को ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम से गुज़रना होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत लगभग **1 करोड़ कर्मचारियों को कवर करने की उम्मीद** है और यह योजना 2 वर्ष तक चलेगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यदि उम्मीदवार की नौकरी 12 महीने से कम अवधि में समाप्त हो जाती है तो कंपनी को सब्सिडी वापस करनी होगी।

**23. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन I:** ट्रिकल-डाउन सिद्धांत के अनुसार जब अर्थव्यवस्था बढ़ती है, तो समृद्ध वर्ग द्वारा खर्च में वृद्धि दूसरों के लिये रोज़गार और आय सृजन करती है, जिससे अंततः मध्यम वर्ग को लाभ होता है।

**कथन II:** ट्रिकल-डाउन का समर्थन करने वाले आर्थिक सिद्धांत को कुज़नेट वक्र द्वारा दर्शाया गया है, जो समाज में असमानता में वृद्धि और पुनः कमी के पैटर्न का वर्णन करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं लेकिन कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है
B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं लेकिन कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन 1 सही है किंतु कथन 2 सही नहीं है
D. कथन 1 सही नहीं है किंतु कथन 2 सही है

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ट्रिकल-डाउन सिद्धांत बताता है कि **जब अर्थव्यवस्था में वृद्धि होती है,** तो अमीर/समृद्ध वर्ग द्वारा खर्च में वृद्धि दूसरों के लिये रोज़गार और आय उत्पन्न करती है, जिससे अंततः मध्यम वर्ग को लाभ होता है। **अतः कथन I सही है।**
- ट्रिकल-डाउन का समर्थन करने वाले आर्थिक सिद्धांत को **कुज़नेट वक्र द्वारा दर्शाया गया** है, जो समाज में असमानता में वृद्धि और फिर कमी के पैटर्न का वर्णन करता है। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है** क्योंकि **कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं लेकिन कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।**

**24. वेनेज़ुएला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार:**

1. यह दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी तट पर स्थित है।
2. यह उत्तर में कैरेबियन सागर व अटलांटिक महासागर, पूर्व में गुयाना और दक्षिण में ब्राज़ील से घिरा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वेनेज़ुएला ( Venezuela ):**

- यह **दक्षिण अमेरिका के उत्तरी तट पर** स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह उत्तर में कैरेबियन सागर व अटलांटिक महासागर, पूर्व में गुयाना, दक्षिण में ब्राज़ील और दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम में कोलंबिया से घिरा है। **अतः कथन 2 सही है।**




**25. स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट, 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है ?**

A. विश्व बैंक

B. विश्व स्वास्थ्य संगठन

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट, 2024:**

- "स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन इन द वर्ल्ड 2024" (SOFI 2024) रिपोर्ट **FAO, IFAD, UNICEF, WFP एवं WHO द्वारा प्रकाशित की गई थी** और यह वैश्विक खाद्य सुरक्षा तथा पोषण प्रवृत्तियों का एक महत्त्वपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत करती है।
  - इस वर्ष की रिपोर्ट भूख, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण को उसके सभी रूपों में समाप्त करने के लिये **वित्तपोषण में वृद्धि** की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**26. आठ कोर उद्योगों के सूचकांक (ICI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICI आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है।

नोट :

2. आठ प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (ICI) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं।
3. इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा द्विमासिक रूप से तैयार और जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आठ कोर उद्योगों का सूचकांक (ICI):**

- ICI आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है। **अत:कथन 1 सही है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक (Index of Eight Core Industries- ICI) **प्रत्येक माह तैयार किया जाता है** और आर्थिक सलाहकार (OEA), उद्योग संवर्द्धन तथा आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) एवं वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोलियो अपंगता का कारक और एक संभावित घातक वायरल संक्रामक रोग है।
2. यह मुख्यत: 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। आँत में वायरस की संख्या में बढ़ोतरी होती, जहाँ से यह तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण कर सकता है और पक्षाघात का कारण बन सकता है।
3. पोलियो आधुनिक समय की बीमारी है और इसका पहली बार 21वीं सदी में पता चला था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोलियो:**

- पोलियो अपंगता का कारक और एक संभावित घातक वायरल संक्रामक रोग है जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह वायरस मुख्य रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है, जो आँत में फैलता है और संभवत: तंत्रिका तंत्र को संक्रमित कर देता है, जिसके परिणामस्वरूप पक्षाघात हो सकता है।
- यह मुख्यत: 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। इससे आँत में वायरस की संख्या में बढ़ोतरी होती है, जहाँ से यह तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण कर सकता है और पक्षाघात का कारण बन सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **पोलियो प्रागैतिहासिक काल से व्याप्त है,** प्राचीन मिस्र की छवियों में बच्चों को बेंत के सहारे चलते हुए दिखाया गया है, जिनके अंग सूखे हुए हैं जो पोलियो की बीमारी को दर्शाते है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जैविक हथियार हानिकारक जीवों या विषाक्त पदार्थों को संचारित करते हैं जो मनुष्यों, पशुओं या पौधों को संक्रमित कर सकते हैं और मार सकते हैं तथा प्राय: अत्यंत संक्रामक होते हैं।
2. जैविक हथियार अभिसमय (BWC) जैविक और विषैले हथियारों के विकास, उत्पादन, अधिग्रहण, हस्तांतरण, भंडारण तथा उपयोग को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित करता है।
3. BWC सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) की एक पूरी श्रेणी पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण संधि थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जैविक हथियार:**

- जैविक हथियार हानिकारक जीवों या विषाक्त पदार्थों को संचारित करते हैं जो मनुष्यों, पशुओं या पौधों को संक्रमित कर सकते हैं

और मार सकते हैं तथा प्राय: अत्यंत संक्रामक होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- जैविक हथियार अभिसमय (BWC) जैविक और विषैले हथियारों के विकास, उत्पादन, अधिग्रहण, हस्तांतरण, भंडारण एवं उपयोग पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- BWC सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) की एक पूरी श्रेणी पर प्रतिबंध लगाने वाली **पहली बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण संधि** थी। **अत: कथन 3 सही है।**

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रीनवॉशिंग शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. किसी कंपनी की पर्यावरण प्रथाओं का पूरी तरह से ऑडिट और सत्यापन करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिये कि वे उच्चतम स्थिरता मानकों को पूरा करते हैं।

B. किसी कंपनी की पहल विशेष रूप से पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करने और उनके पर्यावरणीय प्रभाव के विषय में विस्तृत रिपोर्ट पारदर्शी रूप से साझा करने की है।

C. पर्यावरणीय स्थिरता में वास्तविक सुधार लाने तथा बिना किसी छल या अतिशयोक्ति के इस प्रगति की सटीक जानकारी जनता को देने का कार्य।

D. किसी उत्पाद, सेवा या कंपनी के पर्यावरणीय लाभों के विषय में भ्रामक दावे करने की प्रथा ताकि वह वास्तव में पर्यावरण हेतु अधिक अनुकूल दिखाई दे।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ग्रीनवॉशिंग:**

- किसी उत्पाद, सेवा या कंपनी के पर्यावरणीय लाभों के विषय में **भ्रामक दावे करने** की प्रथा, ताकि वह वास्तविकता से अधिक पर्यावरण अनुकूल दिखाई दे।
  - यह व्यवसायों के लिये अपने प्रदूषणकारी और अन्य हानिकारक कार्यों को जारी रखने या बढ़ाने का एक साधन हो सकता है तथा साथ ही सिस्टम में हेर-फेर भी किया जा सकता है या पर्यावरण के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं से लाभ भी उठाया जा सकता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**30. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत ने वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प लिया है, लेकिन वर्ष 2023 में वैश्विक तापमान में वृद्धि में योगदान देने वाले देशों की सूची में वह पाँचवें स्थान पर है।

**कथन-II:** प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के अंतर्गत भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) हरित नवाचारों के लिये स्थिरता नीतियों और उद्यम सहयोग पर ज़ोर दे सकता है तथा स्थिरता समझौतों व छूट विधियों पर मार्गदर्शन नोट जारी कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत ने वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प लिया है, लेकिन वर्ष 2023 में यह ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देने वालों की सूची में पाँचवें स्थान पर रहा। **अत: कथन-I सही है।**
- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत, CCI हरित नवाचारों के लिये स्थिरता नीतियों और उद्यम सहयोग पर ज़ोर दे सकता है तथा स्थिरता समझौतों व छूट विधियों पर मार्गदर्शन नोट जारी कर सकता है। **अत: कथन-II सही है।**
  - प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 की धारा 49(3) के तहत CCI प्रतिस्पर्द्धा का समर्थन और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये कदम उठा सकता है। यह प्रतिस्पर्द्धा एवं स्थिरता को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियों को तैयार करने में भी भाग ले सकता है।
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में स्थानीय इकाइयों की आयात निर्भरता और उच्च टैरिफ को देखते हुए, गैर-पारंपरिक उत्पादन के लिये कच्चे माल की लागत अधिक है।
2. चीन का लाभ बड़े पैमाने पर घरेलू उत्पादन और कुशल आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण कम लागत से उपजा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत में स्थानीय इकाइयों की उच्च आयात निर्भरता और उच्च टैरिफ को देखते हुए, गैर-पारंपरिक उत्पादन के लिये कच्चे माल की लागत अधिक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चीन का लाभ बड़े पैमाने पर घरेलू उत्पादन और कुशल आपूर्ति शृंखलाओं के कारण कम लागत से उपजा है, जबकि वियतनाम आयात पर कम या शून्य टैरिफ के साथ प्रतिस्पर्द्धी लागत प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में औद्योगिक विद्युत् की लागत 0.08 डॉलर से 0.10 डॉलर प्रति किलोवाट घंटा है, जो चीन की 0.06 डॉलर से 0.08 डॉलर तथा वियतनाम की 0.08 डॉलर से 0.09 डॉलर प्रति किलोवाट घंटा से अधिक है।

**32. केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं (CBDC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 'डिजिटल रुपए' के लिये CBDC पायलट परियोजना शुरू की, जिसमें थोक लेन-देन के लिये CBDC-W और डिजिटल फिएट मनी के रूप में खुदरा उपयोग हेतु CBDC-R की शुरुआत की गई।
2. जबकि UPI जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानांतरित धन वाणिज्यिक बैंकों की देनदारी है, डिजिटल रुपया RBI की प्रत्यक्ष देनदारी है।
3. CBDC वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र के बाहर भुगतान की अनुमति देते हैं और भुगतान प्रणालियों में लचीलापन बढ़ाते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 'डिजिटल रुपए' के लिये CBDC पायलट परियोजना शुरू की। अपने परीक्षण के हिस्से के रूप में इसने वर्ष 2022 के अंत में दो प्रकार के CBDC लॉन्च किये: द्वितीयक बाज़ार लेन-देन के निपटान हेतु CBDC-W (थोक) और फिएट मनी के डिजिटल संस्करण के रूप में उपयोग किये जाने के लिये CBDC-R (खुदरा)। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक संप्रभु मुद्रा है।
- जबकि UPI जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हस्तांतरित धन वाणिज्यिक बैंकों की ज़िम्मेदारी है, डिजिटल रुपया RBI की प्रत्यक्ष ज़िम्मेदारी है, जो इसे चरणों में लागू कर रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अतिरिक्त कार्यात्मकताएँ और विशेषताएँ, जैसे कि ऑफलाइन परिचालन, डिजिटल भुगतान समाधानों (जैसे- UPI) के साथ अंतर-संचालन तथा गैर-बैंक भुगतान ऑपरेटरों को शामिल करना भी हाल ही में शुरू किया गया है।
- CBDC वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र के बाहर भुगतान की अनुमति देते हैं और भुगतान प्रणालियों में लचीलापन बढ़ाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि अर्थशास्त्रियों का 32वाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICAE) भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
2. ICAE विश्व की खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध कृषि अर्थशास्त्रियों का सबसे बड़ा सम्मेलन है।
3. ICAE के संस्थापक अध्यक्ष भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कृषि अर्थशास्त्रियों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICAE):**

- कृषि अर्थशास्त्रियों का 32वाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICAE) भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ICAE विश्व की खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध कृषि अर्थशास्त्रियों का सबसे **बड़ा सम्मेलन** है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- ICAE के संस्थापक अध्यक्ष ब्रिटिश कृषि विज्ञानी **लॉर्ड एल के एल्महर्स्ट** थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**34. लेबनान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी एशिया का एक देश है, जिसकी सीमा उत्तर और पूर्व में सीरिया से लगती है।
2. इसके दक्षिण में इज़रायल है, जबकि साइप्रस भूमध्य सागर के पार पश्चिम में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लेबनान:**

- यह पश्चिमी एशिया का एक देश है, जिसकी सीमा उत्तर और पूर्व में सीरिया से लगती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमा दक्षिण में इज़रायल से लगती है, जबकि साइप्रस भूमध्य सागर के पार पश्चिम में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**35. अक्सर समाचारों में देखा जाने वाला शब्द इंडेक्सेशन का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. इंडेक्सेशन किसी परिसंपत्ति या निवेश के मूल खरीद मूल्य को समायोजित करने की प्रक्रिया है, ताकि उस पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को बेअसर किया जा सके।
B. इंडेक्सेशन एक ऐसी विधि है जिसका उपयोग सरकारें अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी की दर को मापने के लिये करती हैं।
C. इंडेक्सेशन का अर्थ बेहतर सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन के लिये वेबसाइट की सामग्री को इंडेक्स करने की प्रक्रिया से है।
D. इंडेक्सेशन एक वित्तीय शब्द है जो दैनिक ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर स्टॉक की कीमतों को समायोजित करने की प्रथा का वर्णन करता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडेक्सेशन:**

- इंडेक्सेशन किसी परिसंपत्ति या **निवेश के मूल क्रय मूल्य को समायोजित करने की प्रक्रिया** है, ताकि उस पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को बेअसर किया जा सके।
- **केंद्रीय बजट 2024-25** में प्रस्तावित नई LTCG व्यवस्था संपत्ति, सोना और अन्य गैर-सूचीबद्ध परिसंपत्तियों पर LTCG की गणना के लिये उपलब्ध इंडेक्सेशन लाभ को समाप्त कर देती है, जबकि LTCG कर की दर को 20% से घटाकर 12.5% कर देती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**36. सौभाग्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी परिवारों (APL और गरीब परिवार दोनों) तथा शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों को मुफ्त विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाते हैं।
2. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) को सौभाग्य योजना के लिये नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।
3. इस योजना के तहत मुफ्त विद्युत कनेक्शन के लिये लाभार्थी परिवारों की पहचान SECC 2011 के आँकड़ों का उपयोग करके की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सौभाग्य योजना:**

- सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों (APL और गरीब परिवारों दोनों) तथा शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों को मुफ्त विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (REC) को सौभाग्य योजना के लिये नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत मुफ्त विद्युत कनेक्शन के लिये लाभार्थी परिवारों की पहचान SECC 2011 आँकड़ों का उपयोग करके की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**37. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** एक प्रकार के 'वृहद् पैमाने पर अपक्षय' है, जिससे गुरुत्वाकर्षण के प्रत्यक्ष प्रभाव में मिट्टी और चट्टान समूह खिसककर ढाल से नीचे गिरते हैं।

**कथन-II:** ढलान संचलन तब होता है जब नीचे की ओर (मुख्य रूप से गुरुत्वाकर्षण के कारण) कार्य करने वाले बल ढलान निर्मित करने वाली पृथ्वी जनित सामग्री से अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भूस्खलन:**

- यह **एक प्रकार के 'वृहद् पैमाने पर अपक्षय'** है, जिससे गुरुत्वाकर्षण के प्रत्यक्ष प्रभाव में मिट्टी और चट्टान समूह खिसककर ढाल से नीचे गिरते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
  - कारणों में वे कारक शामिल हैं जो ढलान के नीचे की ओर बल के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
  - वर्षा, बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, जलधारा के कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखी गतिविधि, मानवीय गतिविधियों से व्यवधान या इनमें से किसी भी कारक के संयोजन से, पहले से ही गति के कगार पर खड़ी ढलानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है।
- ढलान संचलन तब होता है जब नीचे की ओर (मुख्य रूप से गुरुत्वाकर्षण के कारण) कार्य करने वाले बल ढलान निर्मित करने वाली पृथ्वी जनित सामग्री से अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जॉन निकोलसन एक ब्रिटिश ब्रिगेडियर-जनरल थे, जो बाद में भारतीय समर्थक बन गए, जिन्होंने वर्ष 1857-58 में भारतीय स्वतंत्रता के महाविद्रोह का समर्थन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. जॉन निकोलसन की कब्र जिसे निकोलसन कब्रिस्तान के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के तहत राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक (MNI) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जॉन निकोलसन (वर्ष 1821-1857):**

- जॉन निकोलसन (वर्ष 1821-1857) एक ब्रिटिश ब्रिगेडियर-जनरल थे, जिन्होंने सन् 1857-58 के **भारतीय स्वतंत्रता के महाविद्रोह का दमन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **जॉन निकोलसन की कब्र** जिसे **निकोलसन कब्रिस्तान** के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक (एमएनआई) है। जॉन निकोलसन की कब्र जिसे निकोलसन कब्रिस्तान के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के तहत **राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक (MNI)** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**39. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** तकनीकी प्रगति के कारण विश्व भर में पिछले दशकों में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि के प्रति इकाई रोज़गार सृजन में तेज़ी से गिरावट आई है।

**कथन-II:** बहुत बड़ी संख्या में नई नौकरियों के सृजन का एकमात्र तरीका भारत को नए विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की क्षमताओं के निर्माण के लिये एक आकर्षक गंतव्य बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- तकनीकी प्रगति और उत्पादकता में तेज़ी से वृद्धि करने वाले अन्य कारकों के कारण विश्व भर में पिछले दशकों में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि के प्रति इकाई रोज़गार सृजन में **तेज़ी से गिरावट** आई है। **अतः कथन-I सही है।**
  - 1970 के दशक में भारत में सकल घरेलू उत्पाद की रोज़गार लोच लगभग 1 थी और जनसंख्या भी बहुत कम थी।
  - वर्तमान दशक में रोज़गार लोच शायद 0.1% तक कम हो गई है। इस प्रकार, अकेले 8% आर्थिक विकास से **पर्याप्त नौकरियों के सृजन की संभावना नहीं** है।
- बहुत बड़ी संख्या में नई नौकरियों के सृजन का एकमात्र तरीका, भले ही वे पूरी मांग की आपूर्ति न कर सके, भारत को नए विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की क्षमताओं के निर्माण के लिये एक आकर्षक गंतव्य बनाना है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्याज की प्राकृतिक दर को मुख्य तौर पर उस दर के रूप में परिभाषित किया जाता है जब बचत निवेश के बराबर होती है, जो स्थिर कीमतों के अनुरूप होती है।
2. वास्तविक नीति दर और प्राकृतिक दर के बीच का अंतर नीतिगत रुख को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ब्याज की प्राकृतिक दर को मुख्य तौर पर उस दर के रूप में परिभाषित किया जाता है जब बचत निवेश के बराबर होती है, जो स्थिर कीमतों के अनुरूप होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वास्तविक नीति दर और प्राकृतिक दर के बीच का अंतर नीतिगत रुख को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि वास्तविक दर प्राकृतिक दर से अधिक है, तो नीति को प्रतिबंधात्मक और इसके विपरीत माना जाता है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**41. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य मंत्रिमंडल से परामर्श किये बिना MCD में 10 पार्षदों की नियुक्ति करने के उपराज्यपाल (LG) के अधिकार को बरकरार रखा तथा कहा कि यह संवैधानिक ढाँचे और संविधान के अनुच्छेद 239AA के अनुरूप है।

**कथन-II:** भारतीय संविधान में 96वें संशोधन द्वारा अनुच्छेद 239AA जोड़ा गया, जिसके तहत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली का प्रशासन उपराज्यपाल द्वारा किया जाएगा, जो निर्वाचित विधान सभा की सहायता और सलाह पर काम करेगा।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य मंत्रिमंडल से परामर्श किये बिना MCD में **10 पार्षदों की नियुक्ति करने के उपराज्यपाल (LG) के अधिकार** को बरकरार रखा तथा कहा कि यह **संवैधानिक ढाँचे और संविधान** के अनुच्छेद 239AA के अनुरूप है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत के **संविधान में 69वें संशोधन** द्वारा अनुच्छेद 239AA जोड़ा गया, जिसके अनुसार केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली का प्रशासन LG द्वारा किया जाएगा या जो निर्वाचित विधान सभा की सहायता और सलाह पर काम करेगा। **अतः कथन-II सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने हाल ही में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का समापन किया, जिससे वह लगातार दस वर्षों तक इस आयोजन की मेज़बानी करने वाला एकमात्र देश बन गया।

नोट :

2. 46वें सत्र के दौरान, 24 नए स्थलों को जोड़ा गया, जिसमें असम के चराइदेव में मोइदम्स अंत्येष्टि प्रणाली भी शामिल है, जिससे भारत के विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 44 हो गई तथा यह विश्व स्तर पर छठे स्थान पर आ गया।
3. विश्व धरोहर बैठक के दौरान, भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका (US) के साथ ऐतिहासिक सांस्कृतिक संपदा समझौते (CPA) पर हस्ताक्षर किये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत ने हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का समापन किया। 1972 में विश्व धरोहर सम्मेलन की शुरुआत के बाद से यह **पहली बार था** जब भारत ने इस तरह के आयोजन की मेज़बानी की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नवीनतम सत्र के दौरान **चौबीस नए स्थल जोड़े गए,** जिनमें **असम के चराइदेव में अहोम राजवंश** की **टीले वाली दफन प्रणाली मोइदम** भी शामिल है। इस वृद्धि के साथ भारत में विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 44 हो गई है, जो इसे विश्व धरोहर स्थलों की संख्या के मामले में छठे स्थान पर रखता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व धरोहर बैठक के दौरान, भारत ने **संयुक्त राज्य अमेरिका (US)** के साथ ऐतिहासिक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते (CPA) पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 3 सही है।**
  - CPA, सांस्कृतिक संपत्ति के अवैध आयात, निर्यात और स्वामित्व के हस्तांतरण को रोकने तथा प्रतिषेध करने के साधनों पर 1970 के यूनेस्को कन्वेंशन के अनुरूप है, जिस पर दोनों देशों ने हस्ताक्षर किये हैं।

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व धरोहर सम्मेलन का उद्देश्य विश्व के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों की रक्षा एवं संरक्षण करना है, जो उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य रखते हैं।
2. वर्ष 1939 में पाकिस्तान के हड़प्पा में 40,000 वर्ष पुरानी विशालकाय दाँत की मूर्ति की खोज की गई थी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व धरोहर सम्मेलन** का उद्देश्य उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य के विश्व के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत स्थलों की रक्षा एवं संरक्षण करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 1939 में **जर्मनी की होलेनस्टीन-स्टैडल गुफाओं में 40,000 साल पुरानी विशालकाय दाँत** की मूर्ति मिली थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**44. हाल ही में 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024: द मिडिल इनकम ट्रैप' रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. विश्व बैंक

B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

C. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट** 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024: द मिडिल इनकम ट्रैप' में आने वाले दशकों में उच्च आय का दर्जा हासिल करने में भारत सहित 100 से अधिक देशों के सामने आने वाली महत्त्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 को लागू करता है।
2. EPFO और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) ने संयुक्त रूप से महिलाओं की कार्यबल भागीदारी बढ़ाने के लिये नियोक्ता समर्थन का आकलन करने तथा उसे प्रोत्साहित करने हेतु नियोक्ता रेटिंग सर्वेक्षण शुरू किया है।
3. मौजूदा EPFO नियमों के तहत, 15,000 रुपए तक के मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 12%

वेतन अंशदान देना होता है और नियोक्ता द्वारा एक समान हिस्सा दिया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 को लागू करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **EPFO और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD)** ने संयुक्त रूप से महिलाओं की कार्यबल भागीदारी बढ़ाने के लिये नियोक्ता समर्थन का आकलन करने तथा उसे प्रोत्साहित करने हेतु नियोक्ता रेटिंग सर्वेक्षण शुरू किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान EPFO नियमों के तहत, 15,000 रुपए तक के मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 12% वेतन अंशदान देना होता है और नियोक्ता द्वारा एक समान हिस्सा दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक सर्वेक्षण (ES), 2023-24 में यह पता लगाने का सुझाव दिया गया है कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचे को खाद्य को छोड़कर मुद्रास्फीति दर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।
2. मुद्रास्फीति का मुख्य माप आमतौर पर दैनिक जीवन में एक सामान्य परिवार द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की जीवन-यापन लागत को दर्शाता है।
3. हाल ही में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जब उच्च एवं लगातार खाद्य मुद्रास्फीति का असर मुख्य मुद्रास्फीति पर भी पड़ा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आर्थिक सर्वेक्षण (ES) 2023-24 ने सुझाव दिया है कि **भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचे को खाद्य को छोड़कर मुद्रास्फीति दर पर ध्यान केंद्रित** करना चाहिये या नहीं, क्योंकि किसानों को बढ़ती कीमतों से लाभ उठाने से रोका जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुद्रास्फीति का मुख्य माप आमतौर पर **दैनिक जीवन में एक सामान्य परिवार द्वारा उपभोग** की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की जीवन-यापन लागत को दर्शाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल के दिनों में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जब **उच्च और लगातार खाद्य मुद्रास्फीति ने मुख्य मुद्रास्फीति को प्रभावित** किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जबकि बिजली उत्पादन केंद्रीय सूची में है, पारेषण और बिजली वितरण संविधान की अनुसूची 7 के तहत समवर्ती विषय हैं।
2. भारत ने वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा से भारत की 50% ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये एक रोडमैप निर्धारित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चूँकि बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण समवर्ती विषय हैं, इसलिये **हरित ऊर्जा संक्रमण** की डिज़ाइन तथा प्रभावशीलता केंद्र एवं राज्यों की संयुक्त ज़िम्मेदारी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का रोडमैप तैयार किया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व एथलेटिक्स की हाइपरएंड्रोजेनिज़्म की परिभाषा यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक महिला एथलीट के रक्त में प्रति लीटर 10 नैनोमोल से अधिक टेस्टोस्टेरोन का स्तर पाया जाता है।

नोट :

2. ओलंपिक अब 2021 टोक्यो ओलंपिक से पहले की तरह सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी पूरी किये बिना, संक्रमण करने वाले एथलीटों को प्रतिस्पर्द्धा करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विश्व एथलेटिक्स में हाइपरएंड्रोजेनिज़्म की परिभाषा यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक महिला एथलीट के रक्त में प्रति लीटर 10 नैनोमोल से अधिक टेस्टोस्टेरोन पाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ओलंपिक अब वर्ष 2021 टोक्यो ओलंपिक से पहले की तरह **सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी** पूरी किये बिना, संक्रमण करने वाले एथलीटों को प्रतिस्पर्द्धा करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - लेकिन अधिकांश प्रतियोगिताओं में संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघ इस नियम का पालन करते हैं कि पुरुष से महिला बनने वाले खिलाड़ियों को 12 वर्ष की आयु से पहले हार्मोन दमन चिकित्सा शुरू कर देनी चाहिये।
- IOC प्रत्येक खेल को नियंत्रित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासंघ द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करता है।

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये चल या अचल संपत्तियों का स्थायी समर्पण है।
2. ट्रस्टों के साथ-साथ वक्फ को भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत विनियमित किया जाता है।
3. वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है जो संपत्ति अर्जित करने, रखने और हस्तांतरित करने में सक्षम है तथा अदालत में मुकदमा कर सकता है एवं उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त धार्मिक, धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये चल या अचल संपत्तियों का स्थायी समर्पण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में वक्फ को वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा विनियमित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है जो संपत्ति अर्जित करने, रखने और हस्तांतरित करने में सक्षम है तथा अदालत में मुकदमा कर सकता है एवं उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आधिकारिक विकास सहायता (ODA) विकासशील देशों के आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी जाने वाली सहायता है, जिसमें सैन्य उद्देश्यों के लिये ऋण और क्रेडिट शामिल हैं।
2. जापान भारत को आधिकारिक विकास सहायता (ODA) प्रदान करने वाले सबसे बड़े देशों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- आधिकारिक विकास सहायता (ODA) सरकारी सहायता है जिसका उद्देश्य विकासशील देशों के आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देना है, **जिसमें सैन्य उद्देश्यों के लिये ऋण तथा क्रेडिट शामिल नहीं हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जापान भारत को आधिकारिक विकास सहायता (ODA) प्रदान करने वाले सबसे बड़े देशों में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - दिल्ली मेट्रो ODA के उपयोग के माध्यम से जापानी सहयोग के सबसे सफल उदाहरणों में से एक है।

**51. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पोषण उपलब्ध कराने की चुनौती को कई स्तरों पर संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिसमें खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में सुधार करना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभावों को रोकना शामिल है।

नोट :

**कथन-II:** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) से पता चलता है कि वर्ष 2015-16 (NFHS-4) और 2019-21 (NFHS-5) के बीच अधिक वज़न वाले बच्चों, पुरुषों एवं महिलाओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पोषण उपलब्ध कराने की चुनौती को कई स्तरों पर संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिसमें खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में सुधार और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के दुष्प्रभावों को रोकना शामिल है। **अतः कथन-I सही है।**
- **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5)** से पता चलता है कि वर्ष 2015-16 (NFHS-4) और 2019-21 (NFHS-5) के बीच अधिक वज़न वाले बच्चों, पुरुषों एवं महिलाओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**52. न्यायालय की अवमानना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायालय की अवमानना न्यायिक संस्थाओं को हमलों और आलोचनाओं से बचाती है तथा इसके अधिकार को कमज़ोर करने वालों को दंडित करती है।
2. जब संविधान को अपनाया गया था, तो अनुच्छेद 19(2) में न्यायालय की अवमानना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के रूप में शामिल किया गया था।
3. संविधान का अनुच्छेद 129 सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित करने की शक्ति देता है, जबकि अनुच्छेद 215 उच्च न्यायालयों को यही शक्ति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**न्यायालय की अवमानना:**

- न्यायालय की अवमानना न्यायिक संस्थाओं को हमलों और आलोचनाओं से बचाती है तथा इसके अधिकार को कमज़ोर करने वालों को दंडित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब संविधान को अपनाया गया था, तो अनुच्छेद 19(2) में न्यायालय की अवमानना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के रूप में शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 129 सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित करने की शक्ति प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 215 उच्च न्यायालयों को यही शक्ति प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी देश में स्थायी परिसंपत्तियों के योग को सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF) के रूप में मापा जाता है, जिसे आमतौर पर सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में बताया जाता है।
2. GFCF आमतौर पर निरंतर आर्थिक विकास की अवधि के दौरान बढ़ता है और अर्थव्यवस्था धीमी होने पर कम होता है।
3. वित्त वर्ष 23 में GFCF सकल घरेलू उत्पाद का 34% था, लेकिन पूंजी निर्माण में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगातार घट रही है, जिसमें सरकार का प्रमुख योगदान है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसी देश में स्थायी परिसंपत्तियों के योग को सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF) के रूप में मापा जाता है, जिसे आमतौर पर सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में बताया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- GFCF आमतौर पर निरंतर आर्थिक विकास की अवधि के दौरान बढ़ता है और अर्थव्यवस्था धीमी होने पर कम होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वित्त वर्ष 23 में GFCF सकल घरेलू उत्पाद का 34% था, लेकिन पूंजी निर्माण में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगातार घट रही है, जिसमें सरकार का प्रमुख योगदान है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - भारत में सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में GFCF वित्त वर्ष 2004 और वित्त वर्ष 2008 के बीच बढ़ा, जो वित्त वर्ष 2008 में 37.5% के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया, लेकिन वर्ष 2007-08 के वैश्विक वित्तीय संकट ने इस वृद्धि को तेज़ी से धीमा कर दिया।
  - तब से GFCF की वृद्धि में लगातार गिरावट दर्ज की गई है, हालाँकि हाल के वर्षों में इसमें तेज़ी आई है, जिसका मुख्य कारण भौतिक बुनियादी ढाँचे पर सरकार का व्यापक खर्च है।

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) दुनिया की सबसे बड़ी क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्था है, जो भारत सहित पूरे पूर्वी एशिया को कवर करती है।
2. ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (CPTPP) के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौते का नेतृत्व चीन कर रहा है तथा वर्तमान में इसमें 11 देश शामिल हैं।
3. भारत ने हाल ही में सभी मौजूदा द्विपक्षीय निवेश संधि (BIT) को एकतरफा रूप से रद्द कर दिया है और प्रस्ताव दिया है कि भारत के साझेदार नए मॉडल BIT को स्वीकार करें।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) दुनिया की सबसे बड़ी क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्था है, जो चीन सहित पूरे पूर्वी एशिया को कवर करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौते (CPTPP) में वर्तमान में जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया तथा कुछ आसियान देशों सहित 11 देश शामिल हैं।
  - हाल ही में ब्रिटेन को सदस्यता के लिये मंज़ूरी दे दी गई है, इसलिये जल्द ही इसमें 12 देश शामिल हो जाएंगे।
  - चीन ने CPTPP में शामिल होने के लिये आवेदन किया है, लेकिन अभी तक उसे स्वीकार नहीं किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत ने हाल ही में सभी मौजूदा द्विपक्षीय निवेश संधि (BIT) को एकतरफा रूप से रद्द कर दिया है और प्रस्ताव दिया है कि भारत के साझेदार नए मॉडल BIT को स्वीकार करें। **अत: कथन 3 सही है।**
  - समस्या यह है कि नए मॉडल के तहत, पीड़ित निवेशक घरेलू कानून के तहत सभी अन्य संभावनाओं को आजमाए बिना मेज़बान राज्य के साथ विवादों को सुलझाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता का सहारा नहीं ले सकते।

**55. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** यूरोपीय संघ की कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (CBAM) लागत बढ़ा सकती है और यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्द्धात्मकता कम कर सकती है, विशेष रूप से इस्पात तथा एल्युमीनियम जैसे क्षेत्रों में।

**कथन-II:** CBAM का उद्देश्य कार्बन-गहन आयातों के कार्बन उत्सर्जन का उचित मूल्य निर्धारण करना तथा गैर-यूरोपीय संघ देशों में स्वच्छ औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM):**

- यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) लागत बढ़ा सकता है और यूरोपीय संघ को भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को कम कर सकता है, विशेष रूप से इस्पात तथा एल्युमीनियम जैसे क्षेत्रों में, जो यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार का एक बड़ा हिस्सा है। **अत: कथन-I सही है।**

- यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) का उद्देश्य कार्बन-गहन आयातों के कार्बन उत्सर्जन का उचित मूल्य निर्धारण करना और गैर-यूरोपीय संघ के देशों में स्वच्छ औद्योगिक उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) भारत में गृह मंत्रालय के अधीन सात सुरक्षा बलों को संदर्भित करता है।
2. असम राइफल्स एकमात्र केंद्रीय बल है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के दायरे में नहीं आता है।
3. यह 1835 में 'कछार लेवी' नामक मिलिशिया के रूप में अस्तित्व में आया, जिसका मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश चाय बागानों और उनकी बस्तियों को आदिवासी छापों से बचाना था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) भारत में गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सात सुरक्षा बलों को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- असम राइफल्स केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के तहत एक केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह वर्ष 1835 में **'कछार लेवी'** नामक मिलिशिया के रूप में अस्तित्व में आया, जिसका मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश चाय बागानों और उनकी बस्तियों को आदिवासी छापों से बचाना था। **अत: कथन 3 सही है।**

**57. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत का सबसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त पक्षी माना जाता है।
2. भारत में यह केवल राजस्थान में पाया जाता है।
3. इसे घास के मैदानों की प्रमुख प्रजाति माना जाता है, जो घास के मैदानों की पारिस्थितिकी के स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सहीं नहीं हैं/हैं?**


A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्रेट इंडियन बस्टर्ड:**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को भारत का सबसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त पक्षी माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी आबादी ज़्यादातर राजस्थान और **गुजरात** तक ही सीमित है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी इसकी कम आबादी पाई जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे **घास के मैदान** की प्रमुख प्रजाति माना जाता है, जो घास के मैदान की पारिस्थितिकी के स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करती है। **अत: कथन 3 सही है।**




**58. भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस कमेटी ने 8 अगस्त, 1942 को भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया।
2. महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत करते हुए अपने भाषण में कहा था, "करो या मरो" - या तो भारत को आज़ाद करो या कोशिश करते हुए मर जाओ।
3. 21 महीने तक आंदोलन में भूमिगत भूमिका निभाने के बाद, बाल गंगाधर तिलक को 10 मई, 1944 को बॉम्बे में गिरफ्तार कर लिया गया।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत छोड़ो आंदोलन:**

- अखिल **भारतीय कॉन्ग्रेस कमेटी** ने 8 अगस्त, 1942 को **भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित** किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत करते हुए अपने भाषण में कहा था, "करो या मरो" - या तो भारत को आज़ाद करो या कोशिश करते हुए मर जाओ। **अतः कथन 2 सही है।**
- 21 महीने तक आंदोलन में भूमिगत भूमिका निभाने के बाद, राम मनोहर लोहिया को 10 मई, 1944 को बॉम्बे में गिरफ्तार कर लिया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण एक मौद्रिक नीति ढाँचा है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2016 में अपनाया था।
2. समायोज्य रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन की आपूर्ति का विस्तार करने हेतु तैयार है।
3. स्थायी जमा सुविधा (SDF) एक तरलता खिड़की है जिसके माध्यम से RBI बैंकों को अपने पास अतिरिक्त तरलता रखने का विकल्प देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **भारत में मुद्रास्फीति** लक्ष्यीकरण एक मौद्रिक नीति ढाँचा है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2016 में अपनाया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- समायोज्य रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये धन की आपूर्ति का विस्तार करने हेतु तैयार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्थायी जमा सुविधा (SDF) एक तरलता खिड़की है जिसके माध्यम से RBI बैंकों को अपने पास अतिरिक्त तरलता रखने का विकल्प देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES) हर साल राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा आयोजित किया जाता है।
2. HCES में एकत्र किये गए डेटा का उपयोग सकल घरेलू उत्पाद (GDP), गरीबी दर और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) जैसे विभिन्न अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों को प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES):**

- घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (HCES) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा **हर 5 साल में आयोजित** किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- HCES में एकत्र किये गए डेटा का उपयोग सकल घरेलू उत्पाद (GDP), गरीबी दर और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) जैसे विभिन्न अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों को प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 संसद तथा उसके सदस्यों की शक्तियों, विशेषाधिकारों एवं उन्मुक्तियों को रेखांकित करते हैं।
2. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (AIPOC) ने भारत के विधानमंडलों में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
3. लोकसभा में एक तदर्थ आचार समिति है, जिसकी सिफारिशें सदस्यों के आचरण को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान के **अनुच्छेद 105 और 194** संसद तथा उसके सदस्यों की शक्तियों, विशेषाधिकारों एवं उन्मुक्तियों को रेखांकित करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (AIPOC) ने भारत के विधानमंडलों में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2000 में AIPOC के प्रयासों से एक तदर्थ आचार समिति की स्थापना की गई, जो बाद में वर्ष 2015 में लोकसभा की स्थायी समिति बन गई। इसकी सिफारिशों का सदस्यों के आचरण पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**62. संप्रभु स्वर्ण बॉण्ड योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नवंबर 2015 में भौतिक सोने की मांग को कम करने और घरेलू बचत को वित्तीय निवेश में लगाने के लिये इसे लॉन्च किया गया था। ये बॉण्ड केवल निवासी व्यक्तियों द्वारा खरीदे जाने के लिये उपलब्ध हैं।
2. स्वर्ण बॉण्ड की परिपक्वता अवधि आठ वर्ष है, जिसमें पहले पाँच वर्षों के बाद निवेश से बाहर निकलने का विकल्प होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सहीं नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संप्रभु स्वर्ण बॉण्ड योजना:**

- नवंबर 2015 में भौतिक सोने की मांग को कम करने और घरेलू बचत को वित्तीय निवेश में लगाने के लिये इसे लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये बॉण्ड निवासी व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (HUF), ट्रस्टों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थानों द्वारा खरीद के लिये उपलब्ध हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- स्वर्ण बॉण्ड की परिपक्वता अवधि आठ वर्ष है, जिसमें पहले पाँच वर्षों के बाद निवेश से बाहर निकलने का विकल्प होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**63. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** केंद्र सरकार ने विनिर्माण में शामिल चीनी तकनीशियनों के लिये वीज़ा अनुमोदन में तेज़ी लाने और उसे सुचारु बनाने का निर्णय लिया है।

**कथन-II:** केंद्र सरकार के इस कदम से विशेष रूप से उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं के तहत 14 क्षेत्रों के लिये जटिलताएँ कम होने की उम्मीद है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने विनिर्माण में शामिल चीनी तकनीशियनों के लिये वीज़ा अनुमोदन में तेज़ी लाने और उसे सुचारु बनाने का निर्णय लिया है। **अतः कथन-I सही है।**
- केंद्र सरकार के इस कदम से विशेष रूप से **उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं के तहत 14 क्षेत्रों** के लिये जटिलताएँ कम होने की उम्मीद है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।**

**64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "पूर्वोदय" योजना का लक्ष्य बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश सहित भारत के पूर्वी क्षेत्र में व्यापक विकास करना है।
2. पूर्वी राज्यों में सामूहिक रूप से भारत के प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा है, जिसमें देश का लगभग 80% लौह अयस्क और 100% कोकिंग कोल शामिल है।

नोट :

3. वर्ष 2022-23 में इन राज्यों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 17.26% का योगदान दिया क्योंकि वे आर्थिक और सामाजिक विकास के मामले में अन्य राज्यों से बहुत पीछे हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **"पूर्वोदय" योजना** का लक्ष्य बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश सहित भारत के पूर्वी क्षेत्र में व्यापक विकास करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पूर्वोदय योजना, जैसा कि 2024 के बजट में रेखांकित किया गया है, का उद्देश्य मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढाँचे में वृद्धि और आर्थिक अवसरों के सृजन पर ध्यान केंद्रित करके महत्त्वपूर्ण मुद्दों से निपटना है।
- पूर्वी राज्यों में सामूहिक रूप से भारत के **प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा है,** जिसमें देश का लगभग 80% लौह अयस्क और 100% कोकिंग कोल शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2022-23 में इन राज्यों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 17.26% का योगदान दिया क्योंकि वे आर्थिक और सामाजिक विकास के मामले में अन्य राज्यों से बहुत पीछे हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**65. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** खेल प्रसारण सिग्नल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य साझाकरण) अधिनियम, 2007 के अनुसार निजी प्रसारकों को राष्ट्रीय महत्त्व के खेल आयोजनों के लाइव सिग्नल प्रसार भारती के साथ साझा आवश्यक है।

**कथन-II:** प्रसार भारती अधिनियम, 1997 द्वारा स्थापित प्रसार भारती भारत की सबसे बड़ी वैधानिक स्वायत्त सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- खेल प्रसारण सिग्नल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य साझाकरण) अधिनियम, 2007 के अनुसार निजी प्रसारकों को **राष्ट्रीय महत्त्व** के खेल आयोजनों के **लाइव सिग्नल प्रसार भारती** के साथ साझा आवश्यक है। **अतः कथन-I सही है।**
  - **इससे ऐसे आयोजनों की पहुँच को बढ़ावा देने में मदद मिलती है** और आबादी के एक बड़े हिस्से को इनका आनंद लेने का अवसर मिलता है।
- **प्रसार भारती अधिनियम 1997** द्वारा स्थापित **प्रसार भारती भारत** की सबसे बड़ी वैधानिक स्वायत्त सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**66. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** यद्यपि भारत ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCRPD) की पुष्टि नहीं की है, फिर भी उसने विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 (RPWDA) को अधिनियमित किया है।

**कथन-II:** विकलांग व्यक्तियों की एक श्रेणी के रूप में 'मानसिक बीमारी' वाले व्यक्तियों को RPWDA के तहत स्वास्थ्य देखभाल के अधिकार सहित कई अधिकारों की गारंटी दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत ने UNCRPD की पुष्टि की है और इसके बाद विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 (RPWDA) को

अधिनियमित किया है जो विकलांग व्यक्तियों को संबंधित गारंटी प्रदान करता है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**

- विकलांग व्यक्तियों की एक श्रेणी के रूप में **'मानसिक बीमारी'** वाले व्यक्तियों को RPWDA के तहत कई अधिकारों की गारंटी दी जाती है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार, उपस्थिति और उपचार (धारा 25) में प्राथमिकता के अलावा मुफ्त एवं बाधा मुक्त पहुँच शामिल है। **अतः कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I सही नहीं है और कथन-II सही है।

**67. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** इसके वर्ष 1951 के शरणार्थी सम्मेलन और वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल के पक्ष में नहीं होने के बावजूद भारत में शरणार्थियों की बहुत बड़ी संख्या निवास करती है।

**कथन-II:** सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा, विकलांग व्यक्तियों और शरणार्थियों सहित कमज़ोर आबादी को सशक्त बनाने पर ज़ोर देता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इसके वर्ष 1951 के शरणार्थी सम्मेलन और वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल के पक्ष में नहीं होने के बावजूद भारत में शरणार्थियों की बहुत बड़ी संख्या निवास करती है। **अतः कथन-I सही है।**
- सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा, विकलांग व्यक्तियों और शरणार्थियों सहित कमज़ोर आबादी को सशक्त बनाने पर ज़ोर देता है। **अतः कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पहली समकालिक जनगणना 1881 में भारत के जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी. प्लोडेन द्वारा की गई थी।
2. भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 जनगणना के समय और आवधिकता को निर्दिष्ट करते हुए जनगणना के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जनगणना:**

- पहली समकालिक जनगणना 1881 में भारत के जनगणना आयुक्त **डब्ल्यू.सी. प्लोडेन** द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की जनगणना अधिनियम, 1948 जनगणना करने के लिये कानूनी ढाँचा प्रदान करता है, हालाँकि **इसमें समय या आवधिकता का उल्लेख नहीं** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, जिसका प्रबंधन वर्तमान में अमेरिका, रूस, कनाडा, जापान और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा किया जाता है, के वर्ष 2030 तक बंद हो जाने की संभावना है।
2. सोवियत संघ के यूरी गगारिन वर्ष 1965 में ओडीसियस अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरिक्ष में जाने वाले पहले मानव थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, जो वर्तमान में अमेरिका, रूस, कनाडा, जापान और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा प्रबंधित है, के वर्ष 2030 तक बंद होने का अनुमान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सोवियत संघ के यूरी गगारिन वर्ष 1961 में वोस्तोक 1 अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरिक्ष में जाने वाले पहले मानव थे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने फैसला सुनाया कि राज्यों को संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत प्रकाशित अनुसूचित जाति (SC) सूची में बदलाव करने का अधिकार है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 341(1) भारत के राष्ट्रपति को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अनुसूचित जाति को निर्दिष्ट करने की शक्ति प्रदान करता है।
3. संविधान का अनुच्छेद 335 यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी सेवाओं में नियुक्तियाँ करते समय प्रशासनिक दक्षता से समझौता किये बिना अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावों पर विचार किया जाए।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने फैसला सुनाया कि **राज्यों को** संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत प्रकाशित अनुसूचित जाति (SC) की सूची में **बदलाव करने का अधिकार नहीं** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 341(1)** भारत के राष्ट्रपति को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अनुसूचित जाति को निर्दिष्ट करने की शक्ति प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान का **अनुच्छेद 335** यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी सेवाओं में नियुक्तियाँ करते समय प्रशासनिक दक्षता से समझौता किये बिना अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावों पर विचार किया जाए। **अत: कथन 3 सही है।**

**71. धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसी अवैध गतिविधियों से संबंधित धन शोधन से निपटना है।
2. PMLA की धारा 25 में एक अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना का प्रावधान है, जिसे न्यायनिर्णयन प्राधिकरण द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपील सुनने की शक्ति प्राप्त है।
3. PMLA बैंकों और वित्तीय संस्थानों को लेन-देन का रिकॉर्ड रखने और संदिग्ध आदान-प्रदान की सूचना वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) को देने का आदेश देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA):**

- इसका उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसी अवैध गतिविधियों से संबंधित धन शोधन से निपटना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PMLA की **धारा 25** में एक अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना का प्रावधान है, जिसे न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध अपील सुनने की शक्ति प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**
- PMLA बैंकों और वित्तीय संस्थानों को लेन-देन का रिकॉर्ड रखने तथा वित्तीय खुफिया इकाई (FIU) को संदिग्ध आदान-प्रदान की रिपोर्ट करने का आदेश देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय औषधि महानियंत्रक (DGCI) ने फार्मा कंपनियों के लिये विश्व के किसी भी देश से अनुमोदन प्राप्त करने पर नई दवाओं हेतु क्लिनिकल परीक्षण की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।
2. छूट के माध्यम से अनुमोदित दवाओं को किसी भी गंभीर दुष्प्रभाव की निगरानी के लिये अभी भी "चरण IV विपणन-पश्चात निगरानी" करनी होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में फार्मा कंपनियाँ अब नई दवाएँ बेचने की मंज़ूरी पा सकती हैं, अगर वे मौजूदा उपचारों की तुलना में **महत्त्वपूर्ण**

**चिकित्सीय लाभ** दिखाती हैं और उन्हें पहले ही **अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा या यूरोपीय संघ में मंज़ूरी** मिल चुकी है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- **भारतीय औषधि महानियंत्रक (DGCI)** ने दुर्लभ बीमारियों, जीन और सेलुलर थेरेपी, महामारी की स्थिति तथा विशेष रक्षा उद्देश्यों से संबंधित नई दवाओं के लिये क्लिनिकल परीक्षण की आवश्यकता को माफ कर दिया है।

- इस छूट के तहत स्वीकृत दवाओं को अभी भी प्रतिकूल प्रभावों की निगरानी के लिये **पोस्ट-मार्केटिंग निगरानी से गुज़रना होगा,** ताकि कड़े नियमों वाले अन्य देशों में पहले से स्वीकृत दुर्लभ बीमारियों के उपचारों तक जल्दी पहुँच सुनिश्चित हो सके। **अतः कथन 2 सही है।**

**73. राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार, पुरस्कारों का एक प्रतिष्ठित समूह है जो भारतीय मूल के वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है तथा उन्हें प्रोत्साहित करता है।
2. विज्ञान रत्न श्रेणी के पुरस्कारों के तहत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिये प्रतिवर्ष 25 व्यक्तियों को पुरस्कार दिये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार:**

- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (RVP), पुरस्कारों का एक प्रतिष्ठित समूह है जो भारतीय मूल के वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है तथा उन्हें प्रोत्साहित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - RVP पुरस्कारों की स्थापना गृह मंत्रालय और विज्ञान विभागों के प्रमुखों द्वारा वर्ष 2022 में इस निष्कर्ष पर किये जाने के बाद की गई थी कि व्यक्तिगत वैज्ञानिक विभागों द्वारा बहुत अधिक पुरस्कार दिये जा रहे हैं तथा उन्हें छोटा करके उनके 'कद' को राष्ट्रीय पुरस्कारों के स्तर तक बढ़ाना आवश्यक है।
- **विज्ञान श्री (VS) श्रेणी** के पुरस्कारों के तहत, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिये प्रतिवर्ष 25 व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान ने संसदीय लोकतंत्र की ब्रिटिश प्रणाली को अपनाया है, जिसमें संघ और राज्यों के लिये मंत्रिमंडलीय सरकार है।
2. संसदीय लोकतंत्र में सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय केंद्र में राष्ट्रपति और राज्य में राज्यपाल की अध्यक्षता में कैबिनेट है।
3. संघ या राज्य के मंत्रिमंडल के पास किसी भी मामले पर नीति बनाने का अनन्य और अंतिम अधिकार होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संसदीय लोकतंत्र:**

- संविधान ने संसदीय लोकतंत्र की ब्रिटिश प्रणाली को अपनाया है, जिसमें संघ और राज्यों के लिये मंत्रिमंडलीय सरकार का स्वरूप है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय **केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्य में मुख्यमंत्री** की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल/कैबिनेट है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संघ या राज्य के मंत्रिमंडल के पास किसी भी मामले पर नीति बनाने का अनन्य और अंतिम अधिकार होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**75. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951 की धारा 29A एक राजनीतिक दल को "भारत के किसी भी नागरिक का संगठन या निकाय जो खुद को राजनीतिक दल कहता है" के रूप में परिभाषित करती है।

**कथन-II:** RP अधिनियम 1951 की धारा 29C के तहत, कानून राजनीतिक दलों को सरकारी कंपनियों को छोड़कर व्यक्तियों या कंपनियों से प्राप्त सभी योगदानों की जानकारी भारत के चुनाव आयोग को घोषित करने का अधिकार देता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951:**

- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951 की धारा 29A एक राजनीतिक दल को "भारत के किसी भी नागरिक का संगठन या निकाय जो खुद को राजनीतिक दल कहता है" के रूप में परिभाषित करती है। **अतः कथन-I सही है।**
  - इस परिभाषा के अंतर्गत, भारत का कोई संघ या व्यक्तिगत नागरिक तभी राजनीतिक दल बन जाता है जब वह स्वयं को राजनीतिक दल कहता है।
  - इसलिये व्यक्तियों के सभी संगठनों को तब तक राजनीतिक दल नहीं माना जा सकता जब तक कि वे स्वयं को राजनीतिक दल न कहें।
- RP अधिनियम 1951 की धारा 29C के तहत, कानून राजनीतिक दलों को सरकारी कंपनियों को छोड़कर व्यक्तियों या कंपनियों से प्राप्त सभी योगदानों की जानकारी भारत के चुनाव आयोग को घोषित करने का अधिकार देता है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**76. प्रेसिजन न्यूट्रिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें किसी व्यक्ति के चयापचय, माइक्रोबायोम को समझना और यह जानना शामिल है कि उनका शरीर भोजन तथा कैलोरी व्यय के प्रति किस तरह प्रतिक्रिया करता है, ताकि उनके लिये सर्वोत्तम आहार पद्धतियों का निर्धारण किया जा सके।
2. यह सिस्टम बायोलॉजी और मल्टी-ओमिक्स दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जो साक्ष्य-आधारित व्यक्तिगत पोषण संबंधी सिफारिशें प्रदान करने के लिये जैव सूचना विज्ञान और मशीन लर्निंग के साथ एकीकृत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रेसिजन न्यूट्रिशन:**

- इसमें **किसी व्यक्ति के चयापचय,** माइक्रोबायोम को समझना और यह जानना शामिल है कि उनका शरीर भोजन तथा कैलोरी व्यय के प्रति किस तरह प्रतिक्रिया करता है, ताकि उनके लिये सर्वोत्तम आहार पद्धतियों का निर्धारण किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सिस्टम बायोलॉजी और **मल्टी-ओमिक्स दृष्टिकोण** (जीनोमिक्स, प्रोटिओमिक्स, मेटाबोलोमिक्स, माइक्रोबायोम एवं एपिजेनेटिक्स सहित) पर केंद्रित है, जो साक्ष्य-आधारित व्यक्तिगत पोषण संबंधी सिफारिशें प्रदान करने के लिये जैव सूचना विज्ञान तथा मशीन लर्निंग के साथ एकीकृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह **डेटा-संचालित दृष्टिकोण** एथलीट की शारीरिक प्रतिक्रियाओं के आधार पर समायोजन की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे प्रतियोगिता के लिये सर्वोत्तम स्थिति में हैं।

**77. सतत् ग्लूकोज़ मॉनिटर (CGM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मधुमेह से पीड़ित लोग आमतौर पर भोजन के प्रति अंतरालीय रक्त शर्करा प्रतिक्रियाओं की निगरानी के लिये सतत् ग्लूकोज़ मॉनिटर (CGM) का उपयोग करते हैं।
2. इन उपकरणों को चमड़े के नीचे की परत (त्वचा के ठीक नीचे) में प्रत्यारोपित किया जाता है, ताकि रक्त शर्करा के स्तर को मिनट दर मिनट रिकॉर्ड किया जा सके।
3. यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल एथलीटों को बेहतर पारदर्शिता के लिये प्रतियोगिताओं के दौरान CGM का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सतत् ग्लूकोज़ मॉनिटर ( CGM ):**

- **सतत् ग्लूकोज़ मॉनिटर ( CGM )** का उपयोग आमतौर पर मधुमेह वाले लोग भोजन के लिये अंतरालीय रक्त शर्करा प्रतिक्रियाओं की निगरानी हेतु करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन उपकरणों को चमड़े के नीचे की परत (त्वचा के ठीक नीचे) में प्रत्यारोपित किया जाता है, ताकि रक्त शर्करा के स्तर को मिनट दर मिनट रिकॉर्ड किया जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**
- यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल (साइक्लिंग की विश्व शासी संस्था और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त) ने प्रतियोगिताओं के दौरान **स्वस्थ एथलीटों द्वारा CGM के उपयोग पर प्रतिबंध** लगा दिया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**78. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत के दक्षिण में स्थित मालदीव, अरब सागर तक पहुँचने के मुख्य मार्ग के रूप में हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है।

**कथन-II:** 12वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक, मालदीव द्वीपसमूह में बौद्ध धर्म प्रमुख धर्म था।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मालदीव:**

- भारत के दक्षिण में स्थित मालदीव, अरब सागर तक पहुँचने के मुख्य मार्ग के रूप में हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन-I सही है।**
- 12वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक, मालदीव द्वीपसमूह में बौद्ध धर्म प्रमुख धर्म था। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**




**79. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** चालू खाता घाटा-GDP अनुपात राष्ट्रीय लेखांकन परिप्रेक्ष्य से किसी देश की घरेलू बचत और निवेश दरों के बीच के अंतर को दर्शाता है।

**कथन-II:** चालू खाता घाटा अर्थव्यवस्था की शुद्ध बाह्य देनदारियों में वृद्धि करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चालू खाता घाटा-GDP अनुपात राष्ट्रीय लेखांकन परिप्रेक्ष्य से किसी देश की घरेलू बचत और निवेश दरों के बीच के अंतर को दर्शाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- चालू खाता घाटा अर्थव्यवस्था की शुद्ध बाह्य देनदारियों में वृद्धि करता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

नोट :

**80. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. विदेश मंत्रालय (MEA), जिसमें भारतीय विदेश सेवा (IFS) के कर्मचारी शामिल हैं, भारत की विदेश नीति को संभालता है और देश के अंतर्राष्ट्रीय हितों की देख-रेख करता है।
2. वर्ष 1968 में भारत ने देश के हितों को प्रभावित करने वाले अप्रत्यक्ष खतरों को उजागर करने और उनका समाधान करने के लिये अपनी बाहरी खुफिया सेवा की स्थापना की।
3. भारत में नए सुरक्षा ढाँचे का गठन 1999 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निर्माण के साथ शुरू हुआ।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय विदेश सेवा (IFS) द्वारा संचालित विदेश मंत्रालय (MEA) भारत की विदेश नीति को संभालता है और देश के अंतर्राष्ट्रीय हितों की देख-रेख करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1968 में भारत ने देश के हितों को प्रभावित करने वाले अप्रत्यक्ष खतरों को उजागर करने और उनका समाधान करने के लिये अपनी बाहरी खुफिया सेवा की स्थापना की। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में नए सुरक्षा ढाँचे का निर्माण वर्ष 1999 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन के साथ शुरू हुआ। **अतः कथन 3 सही है।**

**81. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1648 में बना लाल किला शाहजहानाबाद की राजधानी था।
2. देश में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ वर्ष 1857 के विद्रोह के दौरान, लाल किला हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्त्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1648 में बना लाल किला शाहजहानाबाद की राजधानी था। **अतः कथन 1 सही है।**
- देश में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ वर्ष 1857 के विद्रोह के दौरान, लाल किला हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्त्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा। **अतः कथन 2 सही है।**

**82. केंद्रीय बजट 2024-25 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिये घोषणा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य विनिर्माण MSME के लिये बिना किसी संपार्श्विक या तीसरे पक्ष की गारंटी के तरलता की सुविधा प्रदान करना है।
2. औपचारिक लेखा प्रणाली के बिना MSME को बेहतर ढंग से शामिल करने के लिये बैंकों को इन-हाउस क्रेडिट मूल्यांकन हेतु डिजिटल फुटप्रिंट स्कोरिंग का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।
3. बजट में 'तरुण' मुद्रा ऋण सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय बजट 2024 में घोषित नई क्रेडिट गारंटी योजना का उद्देश्य विनिर्माण MSME के लिये संपार्श्विक या **तीसरे पक्ष की गारंटी की आवश्यकता** के बिना तरलता की सुविधा प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैंकों से कहा गया है कि वे MSME परिसंपत्तियों या टर्नओवर के आधार पर पारंपरिक मूल्यांकन से आगे बढ़कर **डिजिटल फुटप्रिंट स्कोरिंग का उपयोग करके इन-हाउस क्रेडिट मूल्यांकन विकसित** करें। इससे उन MSME को शामिल करने में मदद मिलेगी जिनके पास औपचारिक लेखा प्रणाली का अभाव है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बजट में 'तरुण' मुद्रा ऋण की सीमा को दोगुना कर दिया गया है **(₹10 लाख से बढ़ाकर ₹20 लाख)**, जिससे सफल

पुनर्भुगतान रिकॉर्ड वाले उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिये बड़ी धनराशि सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** बैंक जमा की धीमी वृद्धि और तीव्र ऋण वृद्धि के बीच अंतर बढ़ता जा रहा है।

**कथन-II:** आज निवेशक ऋण देने में वित्तीय संस्थाओं की भूमिका के लिये कम भुगतान करने को तैयार हैं, जिसके कारण वित्तीय बाज़ारों में महत्त्वपूर्ण बदलाव आ रहा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- धीमी बैंक जमा वृद्धि और **तेज़ ऋण वृद्धि के बीच अंतर बढ़** रहा है, जिससे RBI गवर्नर और वित्तमंत्री चिंतित हैं, जो **बैंकों से जमा जुटाने** के प्रयासों को बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- आज **निवेशक ऋण देने में वित्तीय संस्थानों** की भूमिका के लिये कम भुगतान करने को तैयार हैं, जिससे वित्तीय बाज़ारों में महत्त्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। **अतः कथन-II सही है।**
  - **गैर-ऋण साधनों से बेहतर रिटर्न की लोकप्रिय खोज,** विशेष रूप से वास्तविक रूप में बैंकों के पास पैसा रखने की प्रवृत्ति से दूर जाने का संकेत है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**84. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. कृषि प्रदर्शन और खाद्य मुद्रास्फीति मौसम की अनिश्चितताओं से प्रभावित होती है तथा सरकार के नियंत्रण से बाहर होती है, इसलिये उन्हें क्षणिक माना जा सकता है।
2. ऐतिहासिक डेटा दक्षिण-पश्चिम मानसून और कृषि सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) के बीच उच्च सहसंबंध दर्शाता है, क्योंकि भारत में खेती काफी हद तक बारिश पर निर्भर है।
3. लगातार उच्च खाद्य मुद्रास्फीति घरेलू विवेकाधीन खर्च को कम करती है, जिसके कारण उन्हें या तो खपत को स्थगित करना पड़ता है या उसमें कटौती करनी पड़ती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कृषि प्रदर्शन और खाद्य मुद्रास्फीति **मौसम की अनिश्चितताओं से प्रभावित** होती है तथा सरकार के नियंत्रण से बाहर होती है, इसलिये उन्हें क्षणिक माना जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऐतिहासिक डेटा दक्षिण-पश्चिम मानसून और कृषि सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) के बीच उच्च सहसंबंध दर्शाता है, क्योंकि भारत में **खेती काफी हद तक बारिश पर निर्भर** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लगातार **उच्च खाद्य मुद्रास्फीति** घरेलू विवेकाधीन खर्च को कम करती है, जिससे उन्हें या तो उपभोग को स्थगित करना पड़ता है या उसमें कटौती करनी पड़ती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वर्ष 2014 में शुरू की गई "मेक इन इंडिया" पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देकर विनिर्माण क्षेत्र को फिर से जीवंत करना और भारत को उत्पादन में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना था।

**कथन-II:** बढ़ते बाज़ार और श्रम की स्थिर आपूर्ति का संयोजन व्यापार विस्तार के लिये अनुकूल वातावरण बनाता है, जिससे भारत उन कंपनियों हेतु एक पसंदीदा स्थान बन जाता है जो अपने विनिर्माण कार्यों को स्थापित या विस्तारित करना चाहती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2014 में शुरू की गई **"मेक इन इंडिया"** पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देकर विनिर्माण क्षेत्र को फिर से जीवंत करना और भारत को उत्पादन में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना था। **अतः कथन-I सही है।**
    - इस पहल के केंद्र में कई सहायक सरकारी नीतियाँ हैं, जिनमें **उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएँ,** सरलीकृत नियामक प्रक्रियाएँ, बुनियादी ढाँचे के विकास पर ध्यान और कौशल विकास पर ज़ोर शामिल हैं।
- बढ़ते बाज़ार और श्रम की स्थिर आपूर्ति का संयोजन व्यापार विस्तार के लिये अनुकूल वातावरण बनाता है, जिससे भारत उन कंपनियों हेतु एक पसंदीदा स्थान बन जाता है जो अपने विनिर्माण कार्यों को स्थापित या विस्तारित करना चाहती हैं। **अतः कथन-II सही है।**
    - परिणामस्वरूप, भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्त्वपूर्ण अभिकर्त्ता बनने के लिये तैयार है, जो संभवतः वैश्विक विनिर्माण परिदृश्य में आधारशिला के रूप में कार्य करेगा।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आखिरी अल नीनो के कारण संभवतः सर्दियों में देरी, मानसून की बारिश में कमी और असामान्य रूप से उच्च तापमान, विशेष रूप से मध्य एवं दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में होने की संभावना है।
2. स्थानिक और समय के अनुसार समान रूप से वितरित बारिश के कारण धान, दालें, मक्का एवं तिलहन जैसी प्रमुख खरीफ फसलों की बुआई बड़े क्षेत्र में हुई।
3. कपास की खेती में कमी आई है क्योंकि किसान मूंगफली, मक्का या धान की खेती की ओर रुख कर रहे हैं, जिसका मुख्य कारण गुलाबी बॉलवर्म का हमला और Bt कपास के बाद प्रभावी यील्ड-सुरक्षा प्रौद्योगिकियों की कमी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अप्रैल 2023 से मई 2024 तक के **आखिरी अल नीनो के कारण संभवतः सर्दियों में देरी, मानसून की** बारिश में कमी और असामान्य रूप से उच्च तापमान, विशेष रूप से मध्य एवं दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में होने की संभावना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्थानिक और सामयिक दोनों ही तरह से समान रूप से वितरित बारिश के परिणामस्वरूप धान, दालें, मक्का तथा तिलहन जैसी प्रमुख खरीफ फसलों की बुआई बड़े क्षेत्र में हुई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कपास की खेती में कमी आई है क्योंकि किसान मूंगफली, मक्का या धान की खेती की ओर रुख कर रहे हैं, जिसका मुख्य कारण **गुलाबी बॉलवर्म का हमला और Bt कपास के बाद प्रभावी यील्ड-सुरक्षा** प्रौद्योगिकियों की कमी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**87. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** केंद्र सरकार ने पाँच श्रेणियों की दवाओं के लिये क्लिनिकल ट्रायल की आवश्यकता को अस्वीकार कर दिया है, यदि उन्हें अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा और यूरोपीय संघ के नियामकों द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**कथन-II:** यह छूट देश में डॉक्टरों को अल्जाइमर, कैंसर के उन्नत चरणों और ऑटोइम्यून विकारों के लिये नवीन उपचारों को अपनाने में सक्षम बनाने की दिशा में पहला कदम हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्र सरकार ने पाँच श्रेणियों की दवाओं के लिये **क्लिनिकल ट्रायल की आवश्यकता को छूट कर** दिया है, यदि उन्हें अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा और यूरोपीय संघ के नियामकों द्वारा अनुमोदित किया गया है। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- यह छूट देश में डॉक्टरों को अल्ज़ाइमर, **कैंसर के उन्नत चरणों और ऑटोइम्यून विकारों के लिये** नवीन उपचारों को अपनाने में सक्षम बनाने की दिशा में पहला कदम हो सकता है। **अत: कथन-II सही है।**
- वैश्विक फार्मा प्रमुख कंपनियाँ स्थानीय परीक्षणों की लागत बचायेगी तथा कुछ लाभ भारतीय मरीज़ों को देने के लिये प्रोत्साहित होंगी।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर प्रवेश बाधाओं को कम करके और नवाचार को बढ़ावा देकर प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाते हैं, जिससे अंतत: उपभोक्ताओं एवं छोटे विक्रेताओं के हितों की रक्षा होती है।

**कथन-II:** डिजिटल प्रतिस्पर्द्धा विधेयक (DCB), एक प्रस्तावित कानून जिसका उद्देश्य बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को विनियमित करना है, प्रतिस्पर्द्धा-समर्थक प्रभावों के लिये बहुत कम ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर प्रवेश बाधाओं को कम करके और नवाचार को बढ़ावा देकर प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाते हैं, अंतत: उपभोक्ताओं एवं छोटे विक्रेताओं के हितों की रक्षा करते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- **डिजिटल प्रतिस्पर्द्धा विधेयक (DCB),** एक प्रस्तावित कानून जिसका उद्देश्य बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को विनियमित करना है, प्रतिस्पर्द्धा-समर्थक प्रभावों के लिये बहुत कम ज़िम्मेदार है। **अत: कथन-II सही है।**
    - DCB विनियमित कंपनियों को साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे कारकों के आधार पर विभिन्न दायित्वों से छूट प्रदान करता है। हालाँकि छूट उपभोक्ता लाभ तथा लागत कम करने वाली दक्षताओं सहित बाज़ार आचरण के प्रतिस्पर्द्धा-समर्थक प्रभावों का आकलन करने की अनुमति नहीं देती है।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सागरमाला योजना ने टर्नअराउंड समय को घटाकर 0.9 दिन कर दिया है, जो अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों से बेहतर प्रदर्शन है।
2. भारत में हवाई अड्डे हरित ऊर्जा में परिवर्तित हो रहे हैं, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 2030 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है।
3. राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1.4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की परियोजनाओं को पूरा करना है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र से 100% निवेश होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **सागरमाला योजना** ने टर्नअराउंड समय को घटाकर 0.9 दिन कर दिया है, जो अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों से बेहतर प्रदर्शन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में हवाई अड्डे हरित ऊर्जा में परिवर्तित हो रहे हैं, **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** ने वर्ष 2030 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन** का लक्ष्य वर्ष 2025 तक 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजनाओं को पूरा करना है, जिसमें 21% निवेश निजी क्षेत्र से होगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - इसमें हरित बुनियादी ढाँचा, नवीकरणीय ऊर्जा (RE) परियोजनाएँ और टिकाऊ शहरी गतिशीलता समाधान शामिल हैं।

नोट :

**90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वक्फ एक अद्वितीय इस्लामी धर्मार्थ निधि है, जिसमें चल और अचल संपत्तियाँ शामिल होती हैं।
2. वक्फ संपत्तियों से प्राप्त सभी लाभ दान के लिये उपयोग किये जाने हैं।
3. समय के साथ संपत्ति लगातार उपयोग के माध्यम से वक्फ बन सकती है, जिससे इसका उद्देश्य स्थायी और अपरिवर्तनीय हो जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वक्फ एक अद्वितीय इस्लामी धर्मार्थ निधि है, जिसमें चल और अचल संपत्तियाँ शामिल होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वक्फ संपत्तियों से प्राप्त सभी लाभ दान के लिये उपयोग किये जाने हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- समय के साथ, संपत्ति लगातार उपयोग के माध्यम से वक्फ बन सकती है, जिससे इसका उद्देश्य स्थायी और अपरिवर्तनीय हो जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोंज़ी स्कीम एक निवेश घोटाला है जो बड़े मुनाफे का भ्रम पैदा करने के लिये बाद के निवेशकों से लिये गए पैसे से शुरुआती निवेशकों को भुगतान किया जाता है।
2. चिट फंड भारत में एक प्रमुख बचत संस्थान है और असंगठित मुद्रा बाज़ार का एक प्रमुख घटक है।
3. चिट फंड को RBI द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) की परिभाषा में उप-शीर्षक विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (MNBC) के अंतर्गत शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पोंज़ी स्कीम एक निवेश घोटाला है जो बड़े मुनाफे का भ्रम पैदा करने के लिये बाद के निवेशकों से लिये गए पैसे से शुरुआती निवेशकों को भुगतान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चिट फंड भारत में एक प्रमुख बचत संस्थान है और असंगठित मुद्रा बाज़ार का एक प्रमुख घटक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चिट फंड को RBI द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) की परिभाषा में उप-शीर्षक विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (MNBC) के अंतर्गत शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**92. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1954 का विशेष विवाह अधिनियम (SMA) एक सिविल मैरिज को नियंत्रित करता है जहाँ राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंज़ूरी देता है।
2. SMA अंतर-धार्मिक या अंतर-जातीय जोड़ों के बीच विवाह को सक्षम बनाता है, बिना उनकी धार्मिक पहचान छोड़े या धर्मांतरण का सहारा लिये।
3. SMA के अनुसार जोड़े के नाम, फोन नंबर और पते को सार्वजनिक रूप से पोस्ट करने के लिये एक महीने का नोटिस आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1954 का **विशेष विवाह अधिनियम (SMA)** एक सिविल मैरिज को नियंत्रित करता है जहाँ राज्य धर्म के बजाय विवाह को मंज़ूरी देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SMA अंतर-धार्मिक या अंतर-जातीय जोड़ों के बीच विवाह को सक्षम बनाता है, बिना उनकी धार्मिक पहचान छोड़े या धर्मांतरण का सहारा लिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- SMA के अनुसार जोड़े के नाम, फोन नंबर और पते को सार्वजनिक रूप से पोस्ट करने के लिये एक महीने का नोटिस आवश्यक है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हरीश उप्पल बनाम भारत संघ (2003) में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वकीलों को किसी भी परिस्थिति में हड़ताल में शामिल नहीं होना चाहिये या अदालती काम से दूर नहीं रहना चाहिये।
2. भारत की न्यायालय प्रबंधन प्रणाली में न्यायाधीश केस-एडमिशन चरण में वकीलों के साथ समय-सीमा तय करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मामलों का समाधान पूर्व-निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **हरीश उप्पल बनाम भारत संघ (2003) में सर्वोच्च न्यायालय** ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वकीलों को किसी भी परिस्थिति में हड़ताल में शामिल नहीं होना चाहिये या अदालती काम से दूर नहीं रहना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में कोई **न्यायालय प्रबंधन प्रणाली नहीं अपनाई** जा रही है। विकसित देशों में न्यायाधीश मामले के दाखिले के चरण में ही दोनों पक्षों के वकीलों को समय-सीमा पर सहमत होने के लिये बुलाते हैं, ताकि मामलों का यथासंभव पूर्व-निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान किया जा सके। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीका वायरस के संक्रमण से गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का खतरा होता है, जो एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से परिधीय तंत्रिका तंत्र के हिस्से पर हमला करती है।
2. चाँदीपुरा वायरस (CHPV) सैंडफ्लाइज़ की विभिन्न प्रजातियों, जैसे कि फ्लेबोटोमाइन सैंडफ्लाइज़, फ्लेबोटोमस पापाटासी और एडीज़ एजिप्टी जैसे मच्छरों द्वारा फैलता है।
3. निपाह वायरस इंसेफेलाइटिस का कारण बनने वाला जीव एक RNA या राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस है और हेंड्रा वायरस से काफी हद तक संबंधित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **जीका वायरस** के संक्रमण से गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का खतरा होता है, जो एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से परिधीय तंत्रिका तंत्र के हिस्से पर हमला करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **चाँदीपुरा वायरस (CHPV)** सैंडफ्लाइज़ की विभिन्न प्रजातियों, जैसे कि फ्लेबोटोमाइन सैंडफ्लाइज़, फ्लेबोटोमस पापाटासी और एडीज़ एजिप्टी जैसे मच्छरों द्वारा फैलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **निपाह वायरस** इंसेफेलाइटिस का कारण बनने वाला जीव एक RNA या राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस है और हेंड्रा वायरस से काफी हद तक संबंधित है। **अतः कथन 3 सही है।**

**95. हाल ही में समाचारों में वानाक्राई, शमून और पेट्या शब्द निम्नलिखित संदर्भ में देखे गए:**

A. साइबर हमले
B. प्राकृतिक आपदाएँ
C. अंतरिक्ष अन्वेषण
D. चिकित्सा क्षेत्र में सफलताएँ

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2017 के बाद से हुए उल्लेखनीय **साइबर हमलों**, जिनमें वानाक्राई, शमून और पेट्या शामिल हैं, ने वैश्विक स्तर पर व्यापक व्यवधान पैदा किया, तेल कंपनियों से लेकर बैंकों तक के क्षेत्रों को प्रभावित किया, तथा परिणामस्वरूप कई देशों में अरबों डॉलर का नुकसान हुआ।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत, सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से शीर्ष 10 देशों में शामिल है और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये सार्वजनिक वित्तपोषण में विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जिसने पिछले एक दशक में अपने GDP का 5% वार्षिक आवंटित किया है।
2. 'देहरादून घोषणा-पत्र' 2015 में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के निदेशकों द्वारा तैयार किया गया था।

3. ANRF अधिनियम 2023 के तहत, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को देश में अनुसंधान को निधि देने और अनुसंधान तथा विकास, शिक्षा एवं उद्योग के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के मामले में भारत शीर्ष 10 में शामिल है, हालाँकि भारत में विज्ञान अनुसंधान के लिये सार्वजनिक **वित्त पोषण का अनुपात पिछले दशक से GDP का 0.6% से 0.7%** रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **'देहरादून घोषणा-पत्र' 2015** में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की प्रयोगशालाओं के निदेशकों द्वारा तैयार किया गया था, जहाँ पेटेंट को स्व-वित्तपोषण अनुसंधान के साधन के रूप में विपणन करने का निर्णय लिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **ANRF अधिनियम 2023** के तहत, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को देश में अनुसंधान को निधि देने और अनुसंधान तथा विकास, शिक्षा एवं उद्योग के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**97. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 2024-25 के केंद्रीय बजट में परिवहन और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गई है, जो विकसित भारत के लिये महत्त्वपूर्ण है।

**कथन-II:** वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने की भारत की महत्त्वाकांक्षी दृष्टि बुनियादी ढाँचे के विकास के माध्यम से परिवर्तनकारी यात्रा पर टिकी हुई है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**कथन: A**

**व्याख्या:**

- **2024-25 के केंद्रीय बजट** में परिवहन और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गई, जो विकसित भारत के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अतः कथन-I सही है।**
  - इस योजना को वर्ष 2023 में 3.7 ट्रिलियन रुपए से वर्ष 2024 में 5 ट्रिलियन रुपए तक की बजटीय वृद्धि द्वारा समर्थित किया गया है, जो सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से निजी क्षेत्र के निवेश के लिये विशाल अवसरों का संकेत देता है।
- वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की भारत की महत्त्वाकांक्षी दृष्टि बुनियादी ढाँचे के विकास के माध्यम से परिवर्तनकारी यात्रा पर टिकी है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आपातकालीन गर्भनिरोधक विधियाँ संभोग के बाद गर्भधारण को रोकती हैं और पाँच दिनों के भीतर उपयोग किये जाने पर सबसे अधिक प्रभावी होती हैं, जितनी जल्दी इनका उपयोग किया जाता है, प्रभावशीलता उतनी ही बढ़ती है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने हाल ही में आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियों (ECPs) के प्रतिकूल प्रभाव के कारण इनके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।
3. अनुसंधान और तकनीकी प्रगति के साथ गर्भनिरोधक के लिये पुरुषों एवं महिलाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार जारी रहेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **आपातकालीन गर्भनिरोधक विधियाँ** संभोग के बाद गर्भधारण को रोकती हैं और पाँच दिनों के भीतर उपयोग किये जाने पर

सबसे अधिक प्रभावी होती हैं, जितनी जल्दी इनका उपयोग किया जाता है, प्रभावशीलता उतनी ही बढ़ती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** का कहना है कि सभी महिलाएँ, जिनमें वे महिलाएँ भी शामिल हैं, जो हार्मोनल गर्भनिरोधक विधियों का उपयोग नहीं कर सकती हैं, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियों (ECPs) का सुरक्षित और प्रभावी रूप से उपयोग कर सकती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुसंधान और तकनीकी प्रगति के साथ गर्भनिरोधक के लिये पुरुषों एवं महिलाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार जारी रहेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**99. साइमन कमीशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने द्वैध शासन को समाप्त करने तथा प्रांतों में प्रतिनिधि सरकार की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिन्हें स्वायत्तता दी जानी चाहिये।
2. इसने सुझाव दिया कि उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत तथा बलूचिस्तान को स्थानीय विधानमंडल मिलना चाहिये तथा केंद्र में प्रतिनिधित्व का अधिकार मिलना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **साइमन कमीशन** ने द्वैध शासन को समाप्त करने और **प्रांतों में प्रतिनिधि सरकार की स्थापना** का प्रस्ताव रखा, जिन्हें स्वायत्तता दी जानी चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- साइमन कमीशन ने सुझाव दिया कि उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत और बलूचिस्तान को स्थानीय विधायिका तथा केंद्र में प्रतिनिधित्व का अधिकार मिलना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**

**100. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) रैंकिंग 2024 जारी की गई।
2. इस वर्ष तीन नई श्रेणियाँ जारी की गई हैं, मुक्त विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और राज्य द्वारा वित्तपोषित सरकारी विश्वविद्यालय।
3. रैंकिंग फ्रेमवर्क पंद्रह व्यापक मापदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) रैंकिंग 2024 जारी की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस वर्ष **तीन नई श्रेणियाँ** जारी की गई हैं: मुक्त विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और राज्य वित्त पोषित सरकारी विश्वविद्यालय। **अतः कथन 2 सही है।**
- **रैंकिंग फ्रेमवर्क पाँच व्यापक मापदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन** करता है- शिक्षण, सीखना और संसाधन, अनुसंधान तथा पेशेवर अभ्यास, स्नातक परिणाम, आउटरीच एवं समावेशिता व धारणा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**101. वस्त्र उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिधान, जो कपड़ा मूल्य शृंखला का अंतिम चरण है, वह चरण भी है जहाँ अधिकतम मूल्य संवर्द्धन होता है।
2. भारत में उद्योग की प्रमुख चुनौती इसकी खराब अर्थव्यवस्था है, जहाँ 80% कपड़ा और परिधान उत्पादक छोटे पैमाने पर संचालन वाले MSME हैं।
3. जबकि महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु उद्योग के लिये कच्चे माल के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं, कताई सुविधाएँ मुख्य रूप से दक्षिणी राज्यों में हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- परिधान, जो कपड़ा **मूल्य श्रृंखला** का **अंतिम चरण** है, वह चरण भी है जहाँ अधिकतम मूल्य संवर्द्धन होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में, उद्योग की सबसे बड़ी चुनौती इसकी **खराब अर्थव्यवस्था** है, क्योंकि 80% कपड़ा और परिधान उत्पादक छोटे पैमाने पर संचालन वाले MSME हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु उद्योग के लिये कच्चे माल के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं, कताई सुविधाएँ (Spinning Facilities) मुख्य रूप से दक्षिणी राज्यों में हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** IPCC की एक रिपोर्ट के अनुसार बदलते मानसून पैटर्न, घातक गर्म लहरें, समुद्र का बढ़ता स्तर और तीव्र तूफान भारत के कृषि क्षेत्र के लिये गंभीर जोखिम पैदा करते हैं।

**कथन-II:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 2011 में जलवायु-अनुकूल खेती पर एक परियोजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य ऐसी फसलें विकसित करना था जो तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी पैदावार को बनाए रख सके या बढ़ा सके।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) की रिपोर्ट के अनुसार मानसून के बदलते पैटर्न, घातक हीटवेव, समुद्र का बढ़ता स्तर और तीव्र तूफान भारत के कृषि क्षेत्र के लिये गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने वर्ष 2011 में जलवायु-लचीली खेती पर एक परियोजना शुरू की, जिसका उद्देश्य ऐसी फसलें विकसित करना था जो तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी पैदावार को बनाए रखे या बढ़ाए। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत अपने 'सुरक्षा पहले' दृष्टिकोण से आगे बढ़ चुका है और सुरक्षा के साथ-साथ व्यापार तथा विकास पर ज़ोर देने वाली एक सर्वांगीण नीति के माध्यम से पड़ोसियों से जुड़ने को तैयार है।
2. भारत ने एहतियात के तौर पर लक्षद्वीप में अपनी नौसेना की मौजूदगी को मज़बूत किया है और मालदीव के पास मिनिकॉय द्वीप पर एक नया बेस विकसित किया है।
3. भले ही भारत इस क्षेत्र में आर्थिक विकास और स्थिरता का एक द्वीप है, लेकिन इसका आगे का रास्ता एक स्थिर तथा सुरक्षित पड़ोस से होकर गुज़रता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत अपने **'सुरक्षा पहले' दृष्टिकोण** से आगे बढ़ चुका है और सुरक्षा के साथ-साथ व्यापार तथा विकास पर ज़ोर देते हुए एक सर्वांगीण नीति के माध्यम पड़ोसियों से जुड़ने को तैयार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने एहतियात के तौर पर **लक्षद्वीप** में अपनी नौसेना की मौजूदगी को मज़बूत किया है और मालदीव के पास मिनिकॉय द्वीप पर एक नया बेस विकसित किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भले ही भारत इस क्षेत्र में आर्थिक विकास और स्थिरता का एक द्वीप है, लेकिन इसका आगे का रास्ता एक स्थिर तथा सुरक्षित पड़ोस से होकर गुज़रता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**104. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कृषि क्षेत्र में रोज़गार में वर्ष 2017-18 में कुल रोज़गार के 44% से वर्ष 2022-23 में 45.8% तक पर्याप्त वृद्धि हुई है।

**कथन-II:** भारत विश्व के उन कुछ उदाहरणों में से एक है जहाँ अभी भी बहुत बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है क्योंकि आधे से भी कम कार्यबल अभी भी भूमि पर निर्भर है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कृषि क्षेत्र में रोज़गार में वर्ष 2017-18 में कुल रोज़गार के 44% से वर्ष 2022-23 में 45.8% तक पर्याप्त वृद्धि हुई है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत विश्व के उन कुछ उदाहरणों में से एक है जहाँ अभी भी बहुत बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है क्योंकि आधे से भी कम कार्यबल अभी भी भूमि पर निर्भर है। **अतः कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैंक जमा और ऋण वृद्धि के बीच बढ़ते और लगातार अंतराल ने पिछले दो दशकों में सबसे विकट जमा संकट को जन्म दिया है।
2. जमा वृद्धि में गिरावट का नकारात्मक प्रभाव बैंकिंग क्षेत्र से आगे बढ़कर व्यापक अर्थव्यवस्था तक हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- बैंक जमा और ऋण वृद्धि के बीच बढ़ते **और लगातार अंतराल** ने पिछले दो दशकों में सबसे विकट जमा संकट को जन्म दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जमा वृद्धि में गिरावट का नकारात्मक प्रभाव बैंकिंग क्षेत्र से आगे बढ़कर व्यापक अर्थव्यवस्था तक हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**106. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के 50% से अधिक बच्चे दीर्घकालिक कुपोषण से पीड़ित हैं।
2. भारतीय महिलाओं और बच्चों में एनीमिया की दर वैश्विक औसत से अधिक है।
3. स्कूल जाने वाले बच्चों में कुपोषण और भुखमरी की समस्या को दूर करने के लिये सरकार द्वारा मध्याह्न भोजन (MDM) कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत देश के लगभग 12 करोड़ बच्चे शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने संसद को बताया कि भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के 50% से अधिक बच्चे **दीर्घकालिक कुपोषण से पीड़ित हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय महिलाओं और बच्चों में एनीमिया की दर वैश्विक औसत से क्रमशः 20% और 15% अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्कूल जाने वाले बच्चों में कुपोषण और भूख की समस्या को दूर करने के लिये सरकार **मिड-डे मील अर्थात् मध्याह्न भोजन (MDM) कार्यक्रम संचालित करती है**। MDM कार्यक्रम देश के लगभग 12 करोड़ बच्चों को कवर करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने दो वर्षों में दूसरी बार एमपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय चिंता से जुड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC) घोषित किया है।
2. ब्रिटेन में वर्ष 2022 एमपॉक्स का प्रकोप लाइट क्लेड 2बी वायरस के कारण हुआ था, जबकि वर्तमान प्रकोप अधिक घातक क्लेड 1बी के कारण है जो केवल यौन संपर्क के माध्यम से प्रसारित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एमपॉक्स ( Mpox ) प्रकोप:**

- विश्व **स्वास्थ्य संगठन ( WHO ) ने** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) में इसके प्रकोप और अफ्रीका के एक दर्जन से अधिक देशों में इसके फैलने के बाद दो साल में दूसरी बार mpox को अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC) घोषित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यू.के. में वर्ष 2022 एमपॉक्स का प्रकोप, जो 100 से अधिक देशों में फैल गया था, लाइट क्लेड 2बी वायरस के कारण हुआ था, जो मुख्य रूप से पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों को प्रभावित करता है, बच्चों और किशोरों में सीमित मामलों के साथ, वर्तमान प्रकोप एक नए तथा अधिक घातक क्लेड 1बी द्वारा संचालित है, जो **यौन और गैर-यौन संपर्क के माध्यम से प्रभावी रूप से फैलता है । अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य पदार्थों पर व्यय के अनुपात को प्राय: जीवन स्तर और निर्धनता के सूचक के रूप में उपयोग किया जाता है, क्योंकि खाद्य पदार्थों पर व्यय का उच्च हिस्सा परिवारों को बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रति संवेदनशील बनाता है।
2. भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें घरेलू व्यय में भोजन की हिस्सेदारी लगभग 50% है।
3. भारत में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति पिछले दस वर्षों से लगातार नकारात्मक रही है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भोजन पर व्यय का अनुपात अक्सर **जीवन स्तर** और निर्धनता के संकेतक के रूप में उपयोग किया जाता है, उच्च खाद्य हिस्सा परिवारों को बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रति संवेदनशील बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें घरेलू व्यय में भोजन की हिस्सेदारी 50% के करीब है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति 2011-12 (वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के लिये आधार वर्ष) के बाद से 13 वर्षों में से किसी भी वर्ष में **नकारात्मक नहीं रही है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**109. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन द्वारा शिक्षा के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21A के अंतर्गत मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किया गया।

**कथन-II:** 93वें संविधान संशोधन अधिनियम ने राज्य को अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों सहित सभी सहायता प्राप्त या गैर-सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में नागरिकों के किसी भी पिछड़े वर्ग की उन्नति के लिये आरक्षण जैसे विशेष प्रावधान बनाने में सक्षम बनाया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2002 में, **संविधान के 86वें संशोधन ने** संविधान के अनुच्छेद 21A के तहत शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किया गया। **अत: कथन-I सही है।**
- वर्ष 2006 में, **93वें संविधान संशोधन अधिनियम ने अनुच्छेद 15** में खंड (5) को जोड़ा गया, जिसने राज्य को अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर सभी सहायता प्राप्त या गैर-सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जैसे नागरिकों के किसी भी पिछड़े वर्ग की उन्नति के लिये आरक्षण जैसे विशेष प्रावधान बनाने में सक्षम बनाया। **अत: कथन-II सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

नोट :

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1917 में स्थापित वीमेंस इंडियन एसोसिएशन महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने पर केंद्रित पहला राष्ट्रीय संगठन था।
2. स्त्री धर्म वीमेंस इंडियन एसोसिएशन का मुखपत्र था और इसमें नियमित रूप से कारखाना श्रमिकों सहित महिलाओं की दुर्दशा पर लेख प्रकाशित होते थे।
3. वर्ष 1947 में, महात्मा गांधी द्वारा वर्ष 1939 में गठित राष्ट्रीय योजना समिति की महिलाओं संबंधी उप-समिति ने रोज़गार में अवसर की समानता का आह्वान किया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1917 में स्थापित वीमेंस इंडियन एसोसिएशन महिलाओं के समक्ष आने वाले मुद्दों से निपटने पर केंद्रित पहला राष्ट्रीय संगठन था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **स्त्री धर्म** वीमेंस इंडियन एसोसिएशन का मुखपत्र था और कारखाना श्रमिकों सहित महिलाओं की दुर्दशा को उजागर करने वाले नियमित लेख प्रकाशित करता था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 1947 में, सुभाष चंद्र बोस** द्वारा वर्ष 1939 में गठित राष्ट्रीय योजना समिति (National Planning Committee) की महिलाओं पर उप-समिति ने **रोज़गार में अवसर की समानता** का आह्वान किया, एक समान नागरिक संहिता का समर्थन किया और यह भी प्रस्ताव रखा कि उत्तराधिकार कानूनों को लैंगिक रूप से तटस्थ बनाया जाना चाहिये। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**111. ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. विश्व आर्थिक मंच
B. विश्व बैंक
C. विश्व स्वास्थ्य संगठन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स विश्व आर्थिक मंच** द्वारा जारी किया जाता है ।
  - वर्ष 2024 के संस्करण में आर्थिक भागीदारी और अवसर के आधार पर 146 देशों में भारत को 142वें स्थान पर रखा गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स विश्व आर्थिक मंच** द्वारा जारी किया जाता है ।
  - वर्ष 2024 के संस्करण में आर्थिक भागीदारी और अवसर के आधार पर 146 देशों में भारत को 142वें स्थान पर रखा गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 42 के अनुसार, राज्य भारत के सभी क्षेत्रों में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
2. डॉ. बी.आर. अंबेडकर समान नागरिक संहिता (UCC) के विरुद्ध थे, फिर भी संविधान की मसौदा समिति ने इस प्रावधान को शामिल किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**समान नागरिक संहिता (UCC):**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44** के अनुसार, राज्य भारत के सभी क्षेत्रों में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 42 में कहा गया है कि राज्य को काम की न्यायसंगत और मानवीय स्थिति** तथा मातृत्व राहत प्रदान करनी चाहिये।
- **डॉ. बीआर अंबेडकर** UCC प्रावधान के **विरोधी नहीं** थे । उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विवाह और उत्तराधिकार

पर व्यक्तिगत कानूनों को छोड़कर लगभग सभी मानवीय संबंधों के लिये समान कानून मौजूद हैं, जिन्हें UCC कवर करने का लक्ष्य रखता है और कहा कि **इसके कार्यान्वयन पर चर्चा करने में बहुत देर हो चुकी है** क्योंकि यह पहले से ही काफी हद तक लागू है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**113. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** प्रधानमंत्री ने हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा विकसित कृषि और बागवानी फसलों की 109 उच्च उपज वाली, जलवायु-अनुकूल और बायो-फोर्टिफाइड बीज किस्मों का अनावरण किया है।

**कथन-II:** उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने की कुंजी (विशेष रूप से जल की कमी वाले क्षेत्रों और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में) उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उपयोग करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री ने हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा विकसित कृषि और बागवानी फसलों की 109 उच्च उपज वाली, जलवायु-अनुकूल और बायो-फोर्टिफाइड बीज किस्मों का अनावरण किया है। **अतः कथन-I सही है।**
- उत्पादन को बढ़ावा देने और लागत को कम करने की कुंजी (विशेष रूप से जल की कमी वाले क्षेत्रों और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में) उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उपयोग करना है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

**114. निम्नलिखित में से कौन-से देश फाइव आइज़ एलायंस का हिस्सा हैं?**

1. कनाडा
2. संयुक्त राज्य अमेरिका
3. यूनाइटेड किंगडम
4. ऑस्ट्रेलिया
5. भारत
6. न्यूज़ीलैंड
7. फ्राँस

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. 2, 3, 4, 5 और 6
B. 1, 2, 3, 4 और 6
C. 3, 4, 5, 6 और 7
D. 1, 2, 5, 6 और 7

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फाइव आइज़ एलायंस:**

- फाइव आइज़ एक **खुफिया गठबंधन** है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देश शामिल हैं। **अतः विकल्प B सही है।**
- ये देश बहुपक्षीय UK-USA समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग हेतु एक संधि है।

**115. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति पूरी तरह से राज्यों के पास है।

**कथन-II:** सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार, खननकर्त्ताओं (Minors) द्वारा केंद्र को दी जाने वाली रॉयल्टी को कर नहीं कहा जा सकता है बल्कि यह एक संविदात्मक भुगतान है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति पूरी तरह से राज्यों के पास है। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार, खननकर्त्ताओं (Minors) द्वारा केंद्र को दी जाने वाली रॉयल्टी को कर नहीं कहा जा सकता है बल्कि यह एक संविदात्मक भुगतान है। **अतः कथन-II सही है।**
- इसलिये विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**116. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **बंदरगाह** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | न्यूकैसल बंदरगाह | ऑस्ट्रेलिया |
| 2. | एबॉट पॉइंट बंदरगाह | तंज़ानिया |
| 3. | दार एस सलाम बंदरगाह | इज़रायल |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **न्यूकैसल बंदरगाह ऑस्ट्रेलिया** में स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **एबॉट पॉइंट बंदरगाह ऑस्ट्रेलिया** का सबसे उत्तरी कोयला निर्यात बंदरगाह है और इसमें व्यापार वृद्धि की उल्लेखनीय संभावना है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **दार एस सलाम बंदरगाह तंज़ानिया** में स्थित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय बजट 2024 में घोषित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना और चिकित्सा संस्थानों में मनोरोग विंग को उन्नत करना है।
2. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS), बंगलूरु राष्ट्रीय शीर्ष केंद्र है, जो भारत में टेली मानस की गतिविधियों का समन्वय करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) वर्ष 1982** में शुरू किया गया और वर्ष 2003 में पुनर्गठित किया गया, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना और चिकित्सा संस्थानों में मनोरोग विंग को उन्नत करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS), बंगलूरु राष्ट्रीय शीर्ष केंद्र है, जो भारत में टेली मानस की गतिविधियों का समन्वय करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**118. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (CBAM) के अनुसार यूरोपीय संघ में होने वाले सभी आयातों के संदर्भ में उत्सर्जित प्रत्येक टन कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) के लिये यूरोपीय संघ में उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) के समान लागत वहन करनी होगी।
2. CBAM का वर्तमान चरण (जो 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उत्सर्जन दोनों की विस्तृत डेटा रिपोर्टिंग पर केंद्रित है।
3. यूरोपीय संघ के इस निर्णय से भारतीय एल्युमिनियम निर्यात के 70% से अधिक पर प्रभाव हो सकता है, जिससे भारतीय एल्युमीनियम के लिये यूरोपीय संघ का बाजार काफी हद तक बंद हो जाएगा क्योंकि भारतीय स्मेल्टर कोयले पर निर्भर हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यूरोपीय संघ के **कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (CBAM)** के अनुसार यूरोपीय संघ में होने वाले सभी आयातों के संदर्भ में उत्सर्जित प्रत्येक टन कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) के लिये यूरोपीय संघ में उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) के समान लागत वहन करनी होगी। **अतः कथन 1 सही है।**

- भारत के लिये इसका तत्काल प्रभाव दो क्षेत्रों पर पड़ेगा, एल्युमीनियम और स्टील। यूरोपीय संघ इनके लिये एक प्रमुख गंतव्य है, जिसकी भारत के एल्युमिनियम निर्यात में लगभग 27% तथा स्टील निर्यात में 38% हिस्सेदारी है।

- CBAM का वर्तमान चरण (जो 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उत्सर्जन दोनों की विस्तृत डेटा रिपोर्टिंग पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अप्रत्यक्ष उत्सर्जन वे हैं जो CBAM वस्तुओं के उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होते हैं, जिसमें प्रासंगिक पूर्ववर्ती भी शामिल हैं। अप्रत्यक्ष उत्सर्जन में CBAM वस्तुओं के उत्पादन के दौरान खपत होने वाली विद्युत का उत्पादन शामिल है।
- यूरोपीय संघ के इस निर्णय से भारतीय एल्युमिनियम निर्यात के 70% से अधिक पर प्रभाव हो सकता है, जिससे भारतीय एल्युमीनियम के लिये यूरोपीय संघ का बाजार काफी हद तक बंद हो जाएगा क्योंकि भारतीय स्मेल्टर कोयले पर निर्भर हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूंजीगत लाभ में सूचकांकीकरण पहली बार वर्ष 1992-93 के बजट में राजा जे. चेलैया समिति की सिफारिश पर किया गया था।
2. वर्ष 2004 के बजट में इक्विटी पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (LTCG) के कराधान को हटा दिया और इसके बजाय प्रतिभूति लेनदेन कर प्रस्तुत किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पूंजीगत लाभ में सूचकांकीकरण** पहली बार **राजा जे. चेलैया समिति** की सिफारिश पर वर्ष 1992-93 के बजट में प्रस्तुत किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2004 के बजट में इक्विटी पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (LTCG) के कराधान को हटा दिया और इसके बजाय प्रतिभूति लेनदेन कर प्रस्तुत किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**120. बाँस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाँस की 136 अच्छी तरह से प्रलेखित देशी किस्मों के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा बाँस उत्पादक है।
2. भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अनुसार बाँस को एक "पेड़" के रूप में नामित किया गया है, जो इसे कृषि फसल के रूप में खेती करने की अनुमति देता है।
3. बाँस अपनी तीव्र वृद्धि दर और प्रचुरता के कारण इथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा उत्पादन के लिये एक विश्वसनीय स्रोत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में बाँस की 136 से अधिक अच्छी तरह से प्रलेखित देशी किस्में हैं और प्रतिवर्ष इसका लगभग 3.23 मिलियन टन उत्पादन होता है, जो चीन के बाद **विश्व का दूसरा सबसे बड़ा** बाँस उत्पादक देश है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बाँस को वन्य फसल के बजाय कृषि फसल के रूप में उगाने को वर्ष 2017 में **भारतीय वन अधिनियम** में संशोधन करके सुगम बनाया गया था ताकि **बाँस को "पेड़" के बजाय "घास" के रूप में नामित किया जा सके। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - बाँस को अब किसी भी अन्य फसल की तरह उगाया जा सकता है और बिना किसी लाइसेंस या वन विभाग या किसी अन्य सरकारी एजेंसी से अनुमति लिये इसका विपणन किया जा सकता है।
- बाँस अपनी तीव्र वृद्धि दर और प्रचुरता के कारण इथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा उत्पादन के लिये एक विश्वसनीय स्रोत है। **अतः कथन 3 सही है।**

**121. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17A के अनुसार, यदि किसी लोक सेवक पर अपने आधिकारिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करते समय अधिनियम के तहत अपराध करने का आरोप लगाया जाता है, तो जाँच या निरीक्षण शुरू करने से पहले केंद्र या राज्य सरकार या किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

**कथन-II:** धारा 17A को एक प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय के रूप में देखा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जाँच विवेकपूर्ण तरीके से और उचित निगरानी के साथ की जाए, जिससे जाँच की शक्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17A** के अनुसार, यदि किसी लोक सेवक पर अपने आधिकारिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करते समय अधिनियम के तहत अपराध करने का आरोप लगाया जाता है, तो जाँच या निरीक्षण शुरू करने से पहले केंद्र या राज्य सरकार या किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन की आवश्यकता होती है। **अतः कथन-I सही है।**
- **धारा 17A** को एक **प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय** के रूप में देखा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जाँच विवेकपूर्ण तरीके से और उचित निगरानी के साथ की जाए, जिससे जाँच की शक्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।**

**122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. द्विपक्षीय निवेश संधि (BIT) दो देशों के बीच एक संधि है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के निवेशकों द्वारा किये गए निवेश की सुरक्षा करना है।
2. BIT विदेशी निवेशकों को अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के समक्ष मेज़बान राज्य पर सीधे मुकदमा करने का अधिकार देता है, यदि निवेशक का मानना है कि मेज़बान राज्य ने अपने संधि दायित्वों का उल्लंघन किया है।
3. जबकि भारत ने एकतरफा तौर पर अपने लगभग सभी BIT को समाप्त कर दिया है, बांग्लादेश के साथ एक अभी भी अस्तित्व में है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- BIT **दो देशों के बीच** एक संधि है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के निवेशकों द्वारा किये गए निवेश की सुरक्षा करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- BIT विदेशी निवेशकों को **अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के समक्ष मेज़बान** राज्य पर सीधे मुकदमा करने का अधिकार देता है, यदि निवेशक का मानना है कि मेज़बान राज्य ने अपने संधि दायित्वों का उल्लंघन किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जबकि भारत ने एकतरफा तौर पर अपने लगभग सभी BIT को समाप्त कर दिया है, बांग्लादेश के साथ एक अभी भी अस्तित्व में है। **अतः कथन 3 सही है।**

**123. जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) के पास पुलिस, सिविल सेवकों की नियुक्ति और स्थानांतरण, मुकदमा चलाने की मंज़ूरी तथा यहाँ तक कि वित्त सहित कई प्रमुख अधिकार हैं।
2. अधिनियम के तहत नए नियम यह कहते हैं कि LG के फैसलों की मंत्रिपरिषद द्वारा समीक्षा नहीं की जा सकती।
3. मंत्रियों के कार्यक्रम और/या बैठकों के एजेंडे कम से कम दो दिन पहले LG के कार्यालय में जमा करने होंगे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) के पास पुलिस, सिविल सेवकों की नियुक्ति** और स्थानांतरण, मुकदमा चलाने की मंज़ूरी तथा यहाँ तक कि वित्त सहित कई प्रमुख अधिकार हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- अधिनियम के तहत नए नियम यह कहते हैं कि LG के फैसलों की मंत्रिपरिषद द्वारा समीक्षा नहीं की जा सकती। **अतः कथन 2 सही है।**
- मंत्रियों के कार्यक्रम और/या बैठकों के एजेंडे कम-से-कम दो दिन पहले LG के कार्यालय में जमा करने होंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**124. मंकीपॉक्स (Mpox) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंकीपॉक्स वायरस से होने वाली वायरल बीमारी मंकीपॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC) घोषित किया गया है।
2. PHEIC पदनाम अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (IHR, 2005) के अंतर्गत चेतावनी का उच्चतम स्तर है, जो रोग के अफ्रीका से बाहर फैलने की संभावना को दर्शाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मंकीपॉक्स वायरस के कारण होने वाली वायरल बीमारी एमपॉक्स को **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** द्वारा अंतर्राष्ट्रीय चिंता का **सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC)** घोषित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- PHEIC पदनाम अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (IHR, 2005) के अंतर्गत चेतावनी का उच्चतम स्तर है, जो रोग के अफ्रीका से बाहर फैलने की संभावना को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत मालदीव का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता है तथा मालदीव की लगभग 70% संप्रभु गारंटी भारतीय ऋणदाताओं की है।
2. मालदीव ने भारत के साथ मौजूदा तरजीही व्यापार समझौते को मुक्त व्यापार समझौते में अपग्रेड करने का प्रस्ताव रखा है।
3. मालदीव ने चीन के साथ देश के संबंधों को रणनीतिक व्यापक साझेदारी में अपग्रेड किया है और वैश्विक सुरक्षा पहल में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **चीन सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता** है और मालदीव की लगभग 70% संप्रभु गारंटी चीनी ऋणदाताओं की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मालदीव ने भारत के साथ मौजूदा अधिमान्य व्यापार समझौते को मुक्त व्यापार समझौते में अपग्रेड करने का प्रस्ताव दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मालदीव ने चीन के साथ देश के संबंधों को रणनीतिक व्यापक साझेदारी में उन्नत किया है और वैश्विक सुरक्षा पहल में भाग लेने के लिये सहमत हुआ है। **अतः कथन 3 सही है।**

**126. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ाना श्रम शक्ति और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कारक है।

**कथन-II:** श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में लैंगिक अंतर को कम करने से विकासशील देशों में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कार्यस्थल सुरक्षा बढ़ाना** श्रम बल और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण कारक है (पूर्व में काम की तलाश करने वालों के अलावा, जो काम पर हैं तथा कार्यबल में शामिल हैं, उनमें एक व्यापक समूह शामिल है)। **अतः कथन-I सही है।**

नोट :

- **श्रम बल भागीदारी दरों (LFPR) में लैंगिक अंतर को कम करने से** विकासशील देशों में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। **अत: कथन-II सही है।**
    - उदाहरण के लिये यदि पुरुषों और महिलाओं के LFPR के बीच का अंतर पूरी तरह से समाप्त हो जाए, तो IMF के अनुमान के अनुसार, उत्पादन में पाँचवें हिस्से से अधिक की वृद्धि हो सकती है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्वांटम कंप्यूटर, जो एक साथ बड़ी मात्रा में सूचनाओं को संसाधित कर सकते हैं, सेकंड में मौजूदा एन्क्रिप्शन को ब्रेक कर सकते हैं।
2. क्वांटम क्रिप्टोग्राफी क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का प्रयोग करके प्रसारण को सुरक्षित करने की एक विधि है।
3. क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) दो पक्षों को एक गुप्त कुंजी साझा करने की अनुमति देता है जिसका प्रयोग संदेशों को एन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिये किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- क्वांटम कंप्यूटर, जो एक साथ बहुत बड़ी मात्रा में सूचना को संसाधित कर सकते हैं, सेकंड में मौजूदा एन्क्रिप्शन को ब्रेक कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्वांटम क्रिप्टोग्राफी क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का प्रयोग करके ट्रांसमिशन को सुरक्षित करने की एक विधि है। **अत: कथन 2 सही है।**
- क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) दो पक्षों को एक गुप्त कुंजी साझा करने की अनुमति देता है जिसका प्रयोग संदेशों को एन्क्रिप्ट और डिक्रिप्ट करने के लिये किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** जलवायु परिवर्तन और संधारणीय कृषि पद्धतियों की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधान तथा भू-स्थानिक तकनीक भारत के कृषि परिदृश्य को बदल सकते हैं।

**कथन-II:** राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (NPSS) एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली है जो देश भर में कीट प्रबंधन में मदद कर रही है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन और संधारणीय कृषि पद्धतियों की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर, **कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधान** तथा भू-स्थानिक तकनीक भारत के कृषि परिदृश्य को बदल सकते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- **राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (NPSS)** एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तंत्र है जो पूरे देश में कीट प्रबंधन में मदद करेगी। **अत: कथन-II सही है।**
    - इससे लगभग 140 मिलियन किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है जो संक्रमित फसल या संक्रामक कीटों की तस्वीरें लेकर उन्हें NPSS प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपलोड कर सकते हैं। यह **पीड़कनाशी के अत्यधिक प्रयोग की समस्या का समाधान** करने में मदद करेगा।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**129. ओपन नेटवर्क्ड कोर्ट्स (ON कोर्ट्स) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?**

1. यह वादी को सम्मन का जवाब देने, दस्तावेज़ प्रस्तुत करने, सुनवाई पुनर्निर्धारित करने और यहाँ तक कि कहीं से भी अदालत में उपस्थित होने में सक्षम बनाता है।

2. यह वकीलों को एक स्मार्ट कैलेंडर के साथ अपने कार्यक्रम को अधिक कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने में मदद करता है, जो भविष्य की सुनवाई के लिये सर्वोत्तम समय खोजने हेतु एल्गोरिदम का उपयोग करता है।
3. न्यायालय के कर्मचारियों के लिये यह मैनुअल डेटा प्रविष्टि को पूरी तरह से समाप्त कर देता है तथा एक नियम-आधारित, केस-विशिष्ट ई-फाइलिंग प्रणाली प्रदान करता है, जिससे मैनुअल समीक्षा की आवश्यकता कम हो जाती है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ओपन नेटवर्क्ड कोर्ट्स (ON Courts):**

- वादी/प्रतिवादी (Litigants) के लिये इसे **कहीं से भी पहुँच की अनुमति देने हेतु डिज़ाइन** किया गया है, जिससे उन्हें सम्मन का जवाब देने, दस्तावेज़ जमा करने, सुनवाई को पुनर्निर्धारित करने और यहाँ तक कि कहीं से भी पेश होने की अनुमति मिलती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वकीलों के लिये** यह उन्हें एक नए स्मार्ट कैलेंडरिंग समाधान के माध्यम से अपने शेड्यूल को **बेहतर ढंग से समन्वयित** करने की अनुमति देता है जो एल्गोरिदम द्वारा भविष्य की सुनवाई हेतु सबसे उपयुक्त समय की पहचान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **न्यायालय के कर्मचारियों के लिये,** यह मैन्युअल डेटा प्रविष्टि को पूरी तरह से समाप्त कर देता है, इसके बजाय **नियम-आधारित, केस-विशिष्ट ई-फाइलिंग वर्कफ्लो** की पेशकश करता है जिसका उद्देश्य आवश्यक मैन्युअल जाँच की आवश्यकता को कम करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक प्रगति सूचकांक (SPI) सामाजिक विकास के पहलुओं पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन करता है तथा उन्हें रैंकिंग प्रदान करता है।
2. दक्षिणी राज्यों की निम्न सामाजिक प्रगति रैंकिंग सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिये केंद्रित विकास रणनीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करती है।
3. विकसित भारतीय अर्थव्यवस्था में अपनी क्षमता का एहसास करने के लिये दक्षिणी क्षेत्रों हेतु आर्थिक प्रदर्शन और मानव विकास में बीटा अभिसरण प्राप्त करना महत्त्वपूर्ण है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सामाजिक प्रगति सूचकांक (SPI)** सामाजिक विकास के पहलुओं पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का आकलन करता है तथा आर्थिक समकक्षों के साथ उनके प्रदर्शन के सापेक्ष उन्हें रैंकिंग प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पूर्वी राज्यों की निम्न** सामाजिक प्रगति रैंकिंग सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर प्रदर्शन को संबोधित करने के लिये केंद्रित विकास रणनीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **पूर्वी क्षेत्रों के लिये विकसित भारतीय** अर्थव्यवस्था में अपनी क्षमता का एहसास करने हेतु आर्थिक प्रदर्शन और मानव विकास में बीटा अभिसरण प्राप्त करना महत्त्वपूर्ण है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - बीटा कन्वर्जेंस अभिसरण का एक रूप है जो यह बताता है कि गरीब क्षेत्र, **अमीर क्षेत्रों की तुलना में तेज़ी से विकास** कर रहे हैं।

**131. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूक्रेन रूस के बाद यूरोप में सबसे बड़ा क्षेत्र रखता है।
2. जर्मनी मध्य यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रूस के बाद यूरोप में सबसे बड़ा क्षेत्रफल **यूक्रेन** का है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पोलैंड** मध्य यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**




**132. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपनी विनियमित संस्थाओं के लिये जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों पर कई दिशा-निर्देश तथा सिफारिशें विकसित की हैं।

**कथन-II:** प्राय: अपूर्ण परिसंपत्ति-स्तरीय लोकेशन डेटा के कारण बैंक जलवायु परिवर्तन जोखिमों जैसे- हीटवेव, बाढ़, वर्षा और अनावृष्टि के लिये अनुकूली क्षमता के जोखिम से निपटने में विफल रहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- RBI तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपनी विनियमित संस्थाओं के लिये **जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों पर** कई **दिशा-निर्देश व सिफारिशें** विकसित की हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- प्राय: **परिसंपत्ति-स्तरीय लोकेशन डेटा के अपूर्ण होने के कारण** बैंक जलवायु परिवर्तन जोखिमों जैसे- हीटवेव, बाढ़, वर्षा और अनावृष्टि के लिये अनुकूली क्षमता के जोखिम से निपटने में विफल रहते हैं। **अत: कथन- II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

**133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्ववर्ती सेवा कर कानून ने वस्तु एवं सेवा कर (GST) की नींव रखी, जिसने इसकी कई अवधारणाओं को अपनाया।
2. जबकि कई GST मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया गया है, संबंधित-पक्ष लेन-देन (RPT) वर्षों से अनसुलझे हैं।
3. आयकर कानून के तहत स्थानांतरण मूल्य निर्धारण (TP) प्रावधानों की तुलना में RPT एक पूर्ण मूल्यांकन ढाँचे के साथ अच्छी तरह से परिभाषित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पूर्ववर्ती सेवा कर कानून ने GST कानून का आधार बनाया, जिसने अधिकांश अवधारणाओं को इससे उधार लिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जबकि GST में अन्य मुकदमेबाज़ी के मुद्दों को सापेक्ष प्रभावकारिता के साथ हल किया गया है, संबंधित-पक्ष लेन-देन (RPT) एक ऐसा क्षेत्र रहा है जो वर्षों से अनसुलझा बना हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पूर्ववर्ती सेवा कर कानून के तहत RPT पर प्रावधानों की अनुपस्थिति GST कानून के तहत आदर्श RPT प्रावधानों से बहुत दूर होने के प्रमुख कारणों में से एक हो सकती है।आयकर कानून के तहत ट्रांसफर प्राइसिंग (TP) प्रावधानों की तुलना में RPT एक पूर्ण मूल्यांकन ढाँचे के साथ अच्छी तरह से परिभाषित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**134. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** चीन ने वर्ष 1978 में आर्थिक सुधार शुरू किये, जिसमें कम्यून सिस्टम को खत्म करके, घरेलू ज़िम्मेदारी प्रणाली की शुरुआत करके और अधिकांश फसल की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करके कृषि से शुरुआत की गई।

**कथन-II:** चीन वैश्विक विनिर्माण का केंद्र है और इसकी प्रति व्यक्ति आय डॉलर के संदर्भ में भारत की तुलना में लगभग पाँच गुना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चीन ने **वर्ष 1978 में आर्थिक सुधार** शुरू किये, जिसमें कम्यून सिस्टम को खत्म करके कृषि से शुरुआत की गई, घरेलू ज़िम्मेदारी प्रणाली की शुरुआत की गई और अधिकांश फसल की कीमतों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया गया। **अत: कथन-I सही है।**
    - चीन के किसानों ने केवल छह वर्षों में अपनी वास्तविक आय को दोगुना कर दिया, वर्ष 1978-1984 के दौरान प्रतिवर्ष 14% से अधिक की वृद्धि हुई।
- चीन वैश्विक विनिर्माण का केंद्र है और इसकी प्रति व्यक्ति आय डॉलर के संदर्भ में भारत की तुलना में लगभग पाँच गुना है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**135. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में भारत द्वारा "एक सतत् भविष्य के लिये सशक्त वैश्विक दक्षिण" विषय पर "वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट" का पहला संस्करण आयोजित किया गया।
2. भारत ने वैश्विक दक्षिण में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) में प्रगति को गति देने के लिये सामाजिक प्रभाव कोष में 25 मिलियन अमरीकी डालर का योगदान करने की इच्छा व्यक्त की है।
3. भारत के प्रधानमंत्री ने एक "वैश्विक विकास समझौता" प्रस्तावित किया है जो भारत की विकास यात्रा और विकास साझेदारी के अनुभवों पर आधारित होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट:**

- हाल ही में भारत द्वारा "**An Empowered Global South for a Sustainable Future अर्थात् एक सतत् भविष्य के लिये सशक्त वैश्विक दक्षिण**" विषय पर "वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट" का **तीसरा संस्करण** आयोजित किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत ने ग्लोबल साउथ में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) में प्रगति में तेज़ी लाने के लिये **सामाजिक प्रभाव कोष** में 25 मिलियन अमरीकी डालर का योगदान करने की इच्छा व्यक्त की है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत के प्रधानमंत्री ने एक "**वैश्विक विकास समझौता**" प्रस्तावित किया है जो भारत की विकास यात्रा और विकास साझेदारी के अनुभवों पर आधारित होगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मध्यस्थता एक स्वैच्छिक प्रक्रिया को संदर्भित करती है जिसमें एक निष्पक्ष तृतीय-पक्ष मध्यस्थ विवादित पक्षों को पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समझौते तक पहुँचने में सहायता करता है।
2. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC) स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) मामलों को मध्यस्थता के लिये संदर्भित करने का प्रावधान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मध्यस्थता:**

- मध्यस्थता एक **स्वैच्छिक प्रक्रिया** को संदर्भित करती है जिसमें एक **निष्पक्ष तृतीय-पक्ष मध्यस्थ** विवादित पक्षों को पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समझौते तक पहुँचने में सहायता करता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC) स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) मामलों को मध्यस्थता के लिये संदर्भित करने का प्रावधान नहीं करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - हालाँकि IBC समझौतों पर प्रतिबंध नहीं लगाता है और वास्तव में कानून के अनुसार उन्हें स्वीकार तथा प्रोत्साहित करता है।
- **भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड** ने दिवाला तथा शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत प्रक्रियाओं के संबंध में मध्यस्थता के उपयोग के दायरे की जाँच करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया।
  - उक्त समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय दिवाला व्यवस्था में मध्यस्थता को शामिल करने के लिये प्रत्येक दिवाला समाधान प्रक्रिया या उसके घटकों के अनुरूप विशिष्ट, अनुरूप तंत्र की आवश्यकता होगी, जो दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के उद्देश्य के अनुरूप होना चाहिये।

**137. विश्व मत्स्य पालन और जलीय कृषि की स्थिति, 2024 रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
B. विश्व बैंक
C. ऑक्सफैम
D. अन्नामृता फाउंडेशन

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व मत्स्य पालन और जलीय कृषि की स्थिति, 2024** संयुक्त राष्ट्र के **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)** का प्रमुख प्रकाशन है।
- इसमें कहा गया है कि **वर्ष 2022 में विश्व समुद्री मत्स्य उत्पादन 79.7 मिलियन टन** (mt) रहा।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आधुनिक बैंकिंग आंशिक आरक्षित प्रणाली पर आधारित है, जिसमें बैंक अपनी जमाराशि का एक अंश अपने पास रखते हैं और बाकी को उधार देते हैं।
2. भारत में जमा बीमा का प्रबंधन जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (DICGC) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- आधुनिक **बैंकिंग आंशिक रिज़र्व प्रणाली** पर आधारित है, जिसमें बैंक अपनी जमाराशि का एक अंश अपने पास रखते हैं और बाकी को उधार देते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में जमा बीमा का प्रबंधन जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (DICGC) द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - 31 मार्च, 2024 तक सभी खातों में से 97.8% पूरी तरह से सुरक्षित थे, हालाँकि कुल जमा के प्रतिशत के रूप में कवर कम है क्योंकि अधिकांश जमाओं में शेष राशि कम है।

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (DICGC), जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक इकाई है, बैंकिंग प्रणाली में जमा राशि का बीमा करती है।
2. RBI की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में DICGC को ज़रूरत पड़ने पर RBI से तरलता सहायता प्राप्त करने की सैद्धांतिक सुविधा प्राप्त है।
3. DICGC वाणिज्यिक बैंकों से 94% प्रीमियम एकत्र करता है और उसे सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करता है, जो स्थिर निवेश हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (DICGC)** जो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की एक इकाई है, बैंकिंग प्रणाली में जमा राशि का बीमा करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- RBI की **पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी** के रूप में DICGC को ज़रूरत पड़ने पर RBI से तरलता सहायता प्राप्त करने की सैद्धांतिक सुविधा प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- DICGC वाणिज्यिक बैंकों से 94% प्रीमियम एकत्र करता है, जो शुद्ध दावों का मात्र 1.3% है। सहकारी बैंक प्रीमियम में केवल 6% का योगदान देते हैं।
  - DICGC इन बड़े अधिशेषों को अपनी बैलेंस शीट पर नहीं रखता है। यह उन्हें सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करता है, जो स्थिर निवेश हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वैधानिक विनियामक प्राधिकरण (SRA) राजनीति से स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं और विनियामक निर्णयों को राजनीतिक विचारों से दूर रखते हैं।

**कथन-II:** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल संसदीय अनुमोदन से ही हटाया जा सकता है, जिसके लिये बहुमत एवं उपस्थित तथा मतदान करने वालों के दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**140.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैधानिक विनियामक प्राधिकरण (SRA) राजनीति से स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं और विनियामक निर्णयों को राजनीतिक विचारों से दूर रखते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल **संसदीय अनुमोदन** से ही हटाया जा सकता है, जिसके लिये बहुमत तथा उपस्थित एवं मतदान करने वालों के दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**141. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अर्थव्यवस्था के चार चालकों में से सरकारी व्यय, विशेषकर पूंजीगत व्यय के माध्यम से, हाल के वर्षों में भारत की वृद्धि के पीछे प्रमुख शक्ति रहा है।
2. भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं, जैसे ब्राज़ील और यूरोपीय संघ की तुलना में अतिरिक्त क्षमता का स्तर उच्च है।
3. भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता सेवा क्षेत्र की तुलना में कम है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अर्थव्यवस्था के चार चालकों, निजी खपत, निवेश, **सरकारी खर्च** और निर्यात में से, सरकारी खर्च, विशेष रूप से पूंजीगत व्यय के माध्यम से, हाल के वर्षों में भारत की वृद्धि के पीछे प्रमुख शक्ति रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के विनिर्माण क्षेत्र में **अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं, जैसे ब्राज़ील और यूरोपीय संघ** की तुलना में अतिरिक्त क्षमता का स्तर उच्च है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अतिरिक्त क्षमता से तात्पर्य उस उत्पादन से है जो वर्तमान परिस्थितियों में मांग बढ़ने पर प्राप्त किया जा सकता है।
- भारत के विनिर्माण में **अतिरिक्त क्षमता भी सेवा क्षेत्र की तुलना में अधिक** है, जो मांग में सुधार होने पर उत्पादन में विस्तार की मौजूदा गुंजाइश को और अधिक रेखांकित करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**142. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 60% निम्न आय वाले देश प्रतिवर्ष जलवायु अनुकूलन की तुलना में ऋण सेवा पर लगभग पाँच गुना अधिक व्यय करते हैं।

**कथन-II:** सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के लिये वित्तपोषण मुख्य रूप से ऋण के रूप में दिया जाता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा गैर-रियायती है, जो मौजूदा ऋण दबावों को बढ़ाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अधिकांश विकासशील देशों की वर्तमान प्रगति, सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने के लिये अपेक्षित प्रगति से कम है।
- संयुक्त राष्ट्र की सतत् विकास के लिये वित्तपोषण रिपोर्ट (FSDR) 2024 में अनुमान लगाया गया है कि विकासशील देशों को सतत् विकास लक्ष्य हासिल करने के लिये लगभग 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त वार्षिक निवेश की आवश्यकता होगी।
- 60% **निम्न आय वाले देश प्रतिवर्ष जलवायु अनुकूलन** की तुलना में ऋण सेवा पर लगभग पाँच गुना अधिक खर्च करते हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के लिये वित्तपोषण मुख्य रूप से ऋण के रूप में दिया जाता है, जिसका एक **बड़ा हिस्सा गैर-रियायती** है, जो मौजूदा ऋण दबावों को बढ़ाता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**143. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेटा स्थानीयकरण बहुराष्ट्रीय बैंकों को अपने परिचालन को विभाजित करने के लिये बाध्य करता है, जिससे लागत कम होती है और प्रतिस्पर्द्धा बढ़ जाती है।
2. वैश्विक स्तर पर, यूरोपीय और अमेरिकी बैंकिंग खुले डेटा प्रोटोकॉल की ओर आकर्षित हो रही है, जबकि एशियाई बैंकिंग डेटा स्थानीयकरण के कारण विखंडित हो रही है।
3. एशियाई बैंक अधिकाधिक अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन करना चाहते हैं तथा नए नियम विदेशी बैंकों को डेटा को उस देश के भीतर ही रखने और प्रबंधित करने के लिये बाध्य कर रहे हैं, जहाँ लेन-देन होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **डेटा स्थानीयकरण** बहुराष्ट्रीय बैंकों को अपने **परिचालन को विभाजित करने के लिये बाध्य** करता है, जिससे **लागत बढ़ जाती** है और प्रतिस्पर्द्धा कम हो जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वैश्विक स्तर पर, यूरोपीय और अमेरिकी बैंकिंग एक खुले डेटा प्रोटोकॉल की ओर बढ़ रही है, जबकि एशियाई बैंकिंग डेटा स्थानीयकरण पर विखंडित हो रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एशियाई बैंक अधिक अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन संभालना चाहते हैं और नए नियम विदेशी बैंकों को उस देश के **भीतर डेटा रखने तथा प्रबंधित करने के लिये प्रेरित** कर रहे हैं जहाँ लेन-देन होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**144. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निष्क्रिय इच्छामृत्यु से तात्पर्य किसी व्यक्ति के जीवन को बनाए रखने के लिये आवश्यक चिकित्सा उपचार रोककर या वापस लेकर मरने देने की प्रथा से है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने 1973 में केशवानंद भारती मामले में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु को मान्यता दी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **निष्क्रिय इच्छामृत्यु** से तात्पर्य किसी व्यक्ति के जीवन को बनाए रखने के लिये आवश्यक चिकित्सा उपचार रोककर या वापस लेकर मरने देने की प्रथा से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने **2011 में अरुणा शानबाग मामले में पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु** को मान्यता दी थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ष 2018 में **सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान** के साथ मरने के अधिकार की मौलिक अधिकार के रूप में पुन: पुष्टि की।

**145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2016 में भारत ने पिछले त्रिसंयोजक वैक्सीन से हटकर, एक द्विसंयोजक मौखिक पोलियो वैक्सीन पर स्विच किया जिसमें केवल कमज़ोर टाइप 1 और टाइप 3 वायरस होते हैं।
2. निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (IPV) के विपरीत, प्रतिरक्षा-अक्षमता वाले बच्चों को मौखिक पोलियो वैक्सीन (OPV) दी जानी चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2016 में **भारत ने पिछले त्रिसंयोजक वैक्सीन से हटकर,** एक द्विसंयोजक मौखिक पोलियो वैक्सीन पर स्विच किया जिसमें केवल कमज़ोर टाइप 1 और टाइप 3 वायरस होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (IPV) के मामले के विपरीत, प्रतिरक्षाविहीन **बच्चों को मौखिक पोलियो वैक्सीन** (OPV) नहीं दी जानी चाहिये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**146. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयकर अधिनियम, 1961 धार्मिक और धर्मार्थ वक्फ को छूट देता है, पारिवारिक वक्फ को अभी भी आयकर का भुगतान करना होगा यदि उनकी आय का उपयोग पारिवारिक तथा धार्मिक या धर्मार्थ दोनों उद्देश्यों के लिये किया जाता है।
2. भूमि सुधार कानूनों के तहत नाममात्र भुगतान पर सरकार द्वारा कई कृषि परिवार वक्फों का अधिग्रहण किया गया था।
3. वक्फ अधिनियम, 1995 में पारिवारिक वक्फ को वक्फ की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **आयकर अधिनियम, 1961** धार्मिक और धर्मार्थ वक्फ को छूट देता है, पारिवारिक वक्फ को अभी भी आयकर का भुगतान करना होगा यदि उनकी आय का उपयोग पारिवारिक तथा धार्मिक या धर्मार्थ दोनों उद्देश्यों के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भूमि सुधार कानूनों के तहत** नाममात्र भुगतान पर सरकार द्वारा कई **कृषि परिवार वक्फों का अधिग्रहण** किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वक्फ अधिनियम, 1995 में **पारिवारिक वक्फ को वक्फ** की परिभाषा में **शामिल किया गया** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**147. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **स्थान** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | कुर्स्क क्षेत्र | यूक्रेन |
| 2. | पोक्रोव्स्क | रूस |
| 3. | वारसॉ | पोलैंड |

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कुर्स्क क्षेत्र** रूस का हिस्सा है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **पोक्रोव्स्क** यूक्रेन का हिस्सा है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **वारसॉ** पोलैंड की राजधानी है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :










**148. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** लूटपाट वाले मूल्य निर्धारण में वस्तुओं या सेवाओं को उनकी उत्पादन लागत से अधिक कीमत पर बेचना शामिल है।

**कथन-II:** अत्यधिक मूल्य निर्धारण से मौजूदा प्रतिस्पर्द्धियों को नुकसान पहुँचता है और नए व्यवसायों को बाज़ार में प्रवेश करने से हतोत्साहित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लूटपाट की कीमत में उत्पादन लागत **से कम कीमत पर सामान या सेवाएँ** बेचना शामिल है। **अत: कथन-I सही नहीं है।**
- शिकारी मूल्य निर्धारण एक **प्रतिस्पर्द्धी-विरोधी अभ्यास** है जो फर्म के मौजूदा प्रतिस्पर्द्धियों के नुकसान के लिये काम करता है और बाज़ार खंड में संभावित नए प्रवेशकों को भी हतोत्साहित करता है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है और कथन-II सही है।

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्वानुमानों के प्रति प्रतिक्रियात्मक आपदा प्रबंधन प्रतिक्रियाएँ अक्सर जीवन और आजीविका को बचाने के लिये अपर्याप्त होती हैं।
2. स्वदेशी ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत करने से पर्यावरणीय जोखिमों के प्रबंधन के लिये एक समग्र दृष्टिकोण मिलता है।
3. भारत की डेटा एक्सेसिबिलिटी नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी मंत्रालयों और विभागों का डेटा खुला एवं साझा करने योग्य होना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**149.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पूर्वानुमानों के प्रति प्रतिक्रियात्मक आपदा प्रबंधन प्रतिक्रियाएँ अक्सर जीवन और आजीविका को बचाने के लिये अपर्याप्त होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्वदेशी ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत करने से पर्यावरणीय जोखिमों के प्रबंधन के लिये एक समग्र दृष्टिकोण मिलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत की **डेटा एक्सेसिबिलिटी नीति** के अनुसार सभी मंत्रालयों और विभागों का डेटा **खुला तथा साझा** करने योग्य होना चाहिये, साथ ही प्रत्येक मंत्रालय में डेटा प्रबंधन इकाइयाँ सार्वजनिक पहुँच सुनिश्चित करेंगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की नवीनतम वैश्विक क्षय रोग (TB) रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में टीबी के सबसे अधिक मामले हैं, जिसके बाद भारत का स्थान है।
2. भारत 2025 तक क्षय रोग (TB) को खत्म कर देगा, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वर्ष 2035 तक टीबी से होने वाली मौतों में 95% की कटौती करने के लक्ष्य से दस वर्ष पहले है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन की नवीनतम वैश्विक टीबी रिपोर्ट** से पता चलता है कि भारत में टीबी महामारी के मामले दुनिया में सबसे अधिक 2.6 मिलियन हैं तथा देश में टीबी के सबसे अधिक मामले (वैश्विक कुल का 26%) हैं, साथ ही बहु-दवा प्रतिरोधी (MDR-TB) मामले (135,000, कुल बोझ का 37%) भी हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म कर देगा,** जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वर्ष 2035 तक टीबी से होने वाली मौतों में 95% की कटौती करने के लक्ष्य से दस वर्ष पहले है। **अतः कथन 2 सही है।**

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कानूनी सूचना प्रबंधन और ब्रीफिंग प्रणाली (LIMBS) का उद्देश्य सभी मंत्रालयों तथा विभागों में भारत सरकार से जुड़े कानूनी मामलों की निगरानी के लिये एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करना है।
2. यद्यपि एक राष्ट्रीय मुकदमा नीति की सिफारिश की गई थी, लेकिन NLP 2010 को लागू करने में 22 वर्ष लग गए, जिसका उद्देश्य सरकार को अधिक "कुशल" और "ज़िम्मेदार" मुकदमाकर्त्ता बनाना था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **कानूनी सूचना प्रबंधन और ब्रीफिंग सिस्टम (LIMBS)** का उद्देश्य भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों से जुड़े कानूनी मामलों की निगरानी के लिये एक एकीकृत मंच के रूप में काम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- **राष्ट्रीय मुकदमेबाज़ी नीति (NLP)** की सिफारिश के बावजूद, **NLP 2010** को प्रस्तुत करने में 22 वर्ष लग गए, जिसका उद्देश्य सरकार को एक "कुशल" और "ज़िम्मेदार" मुकदमेबाज़ बनाना था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **हालाँकि ठोस सीमाओं और प्रभावी प्रवर्तन के बिना, NLP 2010** को कभी लागू नहीं किया गया।

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी विकसित समाज का मुख्य संकेतक यह है कि सरकार अपने नागरिकों, व्यवसायों और संस्थाओं पर कितना भरोसा करती है।
2. सरकारों और व्यवसायों के बीच विश्वास बनाने के लिये पारदर्शिता महत्त्वपूर्ण है तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग करके इसे हासिल करने में मदद मिल सकती है।
3. डिजिटल लेन-देन से स्पष्ट रिकॉर्ड प्राप्त होता है, जिससे गलत कार्यों को शीघ्रता से पहचानने और रोकने में मदद मिलती है तथा जटिल विनियमनों की आवश्यकता कम हो जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विकसित समाज का एक प्रमुख संकेतक सरकार द्वारा अपने **नागरिकों, व्यवसायों और संस्थानों** पर रखे गए भरोसे का स्तर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **पारदर्शिता सरकारों और व्यवसायों के बीच विश्वास** बनाने की कुंजी है तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग करके इसे प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- डिजिटल लेन-देन एक **स्पष्ट रिकॉर्ड छोड़ता** है जो गलत कामों को जल्दी से पहचानने और रोकने में मदद करता है, जिससे **जटिल नियमों की आवश्यकता** कम हो जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कृषि क्षेत्र में भारतीय कार्यबल का लगभग 46% हिस्सा लगा हुआ है, जबकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 35% है।
2. भारतीय कृषि में बदलाव सतत् प्रथाओं को अपनाने पर निर्भर करता है जो दीर्घकालिक उत्पादकता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हैं।
3. इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (eNAM) एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से मौजूदा बाज़ारों को एकीकृत करता है और किसानों के लिये बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए बाज़ार पहुँच में सुधार करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कृषि क्षेत्र में **भारतीय कार्यबल का लगभग 46%** हिस्सा लगा हुआ है, जबकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि क्षेत्र का योगदान **लगभग 18%** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय कृषि में परिवर्तन सतत् प्रथाओं को अपनाने पर निर्भर करता है जो दीर्घकालिक उत्पादकता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (eNAM)** एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से मौजूदा बाज़ारों को एकीकृत करता है और किसानों के लिये बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए बाज़ार पहुँच में सुधार करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1 लाख करोड़ रुपए की वित्तपोषण सुविधा के साथ कृषि अवसंरचना कोष, फसल कटाई के बाद प्रबंधन अवसंरचना के विकास और आधुनिकीकरण का समर्थन करता है।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गाँवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण (SVAMITVA) पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी संपत्ति स्वामित्व सुनिश्चित करना है।
3. 2024-25 के बजट में लक्षित कृषि ऋण के लिये 20 लाख करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं और कृषि नवाचार एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु कृषि त्वरक कोष की शुरुआत की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 1 लाख करोड़ रुपए की वित्तपोषण सुविधा वाला **कृषि अवसंरचना कोष** फसल कटाई के बाद प्रबंधन अवसंरचना के विकास और आधुनिकीकरण का समर्थन करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गाँवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर तकनीक के साथ मानचित्रण ( **SVAMITVA ) पहल** का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी संपत्ति स्वामित्व सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 2024-25 के बजट में **लक्षित कृषि ऋण** के लिये 20 लाख करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं और कृषि नवाचार एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु **कृषि त्वरक कोष** की शुरुआत की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

**155. एकीकृत पेंशन योजना ( UPS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एकीकृत पेंशन योजना (UPS) राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के विपरीत सेवानिवृत्त लोगों को एक निश्चित पेंशन का वादा करती है।
2. सेवानिवृत्त व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिवार को सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अंतिम बार प्राप्त पेंशन का 100% प्राप्त करने का अधिकार होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **एकीकृत पेंशन योजना ( UPS )** राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के विपरीत सेवानिवृत्त लोगों को एक निश्चित पेंशन का वादा करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सेवानिवृत्त व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिवार को **सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अंतिम बार प्राप्त पेंशन का 60% प्राप्त होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**156. भारत-अमेरिका संबंधों में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था (SOSA) के तहत अमेरिका और भारत को राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के लिये पारस्परिक प्राथमिकता सहायता प्रदान करने का अधिकार है।
2. लायज़न अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित समझौता ज्ञापन भारत को अमेरिका में संपर्क अधिकारी तैनात करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में रक्षा मंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान **भारत ने अमेरिका के साथ दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर** किये:
  - एक गैर-बाध्यकारी आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था (SOSA) के तहत अमेरिका और भारत को राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के लिये पारस्परिक प्राथमिकता समर्थन प्रदान करने का अधिकार प्राप्त होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित समझौता ज्ञापन** भारत को अमेरिका में संपर्क अधिकारी तैनात करने की अनुमति देता है, जिसकी शुरुआत फ्लोरिडा में अमेरिकी विशेष अभियान कमान के साथ की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

**157. BioE3 ( अर्थव्यवस्था, रोज़गार और पर्यावरण के लिये जैव प्रौद्योगिकी ) नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य रसायन आधारित उद्योगों को अधिक टिकाऊ जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में बदलने को प्रोत्साहित करना है।

नोट :

2. यह एक चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और बायोमास से अपशिष्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करके शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिये एक प्रेरणा प्रदान करेगा।
3. यह भारत की जैव-अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने, जैव-आधारित उत्पादों के विस्तार और व्यावसायीकरण की सुविधा के लिये नए समाधान तैयार करेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने हाल ही में स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिये उच्च प्रदर्शन वाले जैव-विनिर्माण को बढ़ावा देने हेतु **जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की BioE3** (अर्थव्यवस्था, रोज़गार एवं पर्यावरण के लिये जैव प्रौद्योगिकी) नीति को मंज़ूरी दी है।
  - इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य **रसायन-आधारित उद्योगों** को अधिक टिकाऊ जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में बदलने को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक **चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा** और जैव-आधारित उत्पादों का उत्पादन करने के लिये माइक्रोबियल-सेल कारखानों द्वारा बायोमास, लैंडफिल तथा ग्रीनहाउस गैसों से अपशिष्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करके शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिये एक प्रेरणा प्रदान करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
  - BioE3 नीति भारत की जैव-अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने, जैव-आधारित उत्पादों के विस्तार और व्यावसायीकरण की सुविधा प्रदान करने, अपशिष्ट पदार्थों को कम करने, उनका पुनः उपयोग करने तथा पुनर्चक्रण करने, भारत के उच्च कुशल कार्यबल के समूह का विस्तार करने, रोज़गार सृजन में तेज़ी लाने एवं उद्यमशीलता की गति को तेज़ करने के लिये **नए समाधान तैयार** करेगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**158. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और चीन विश्व के सबसे बड़े केला उत्पादक एवं निर्यातक देश हैं।
2. केले की कैवेंडिश किस्म, जो आर्थिक दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण है, बाज़ार में लगभग 47% की हिस्सेदारी रखती है तथा वैश्विक केला निर्यात में 95% से अधिक का योगदान देती है।
3. अपने आर्थिक मूल्य के अतिरिक्त, केला वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहाँ लाखों एकड़ में फैले केले के बागान विभिन्न कीटों, पक्षियों और जानवरों को पोषण प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत और चीन विश्व के सबसे बड़े केला उत्पादक देश हैं।
  - हालाँकि **फिलीपींस** के साथ **इक्वाडोर, कोलंबिया** और **ग्वाटेमाला** सबसे **बड़े निर्यातक** हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- केले की **कैवेंडिश किस्म**, जो आर्थिक रूप से सबसे महत्त्वपूर्ण है, बाज़ार में लगभग 47% हिस्सेदारी रखती है और वैश्विक केले के निर्यात में 95% से अधिक का योगदान देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अपने आर्थिक मूल्य के अलावा, केला वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसमें लाखों एकड़ के बागान विभिन्न कीटों, पक्षियों और जानवरों का समर्थन करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**159. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **मिशन** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | लूना-25 जाँच | रूस |
| 2. | आदित्य-L1 | भारत |
| 3. | शेनझोउ-13 | जापान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो

नोट :

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **लूना-25 जाँच** रूस का लगभग 50 वर्षों में पहला चंद्रमा मिशन था। **अत: युग 1 सही सुमेलित है।**
- **आदित्य-L1** मिशन भारत का पहला सौर वेधशाला मिशन है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **शेनझोउ-13 मिशन** आठवाँ चालक दल वाला **चीनी** अंतरिक्ष यान था और **शेनझोउ कार्यक्रम** की कुल तेरहवीं उड़ान थी। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिका और भारत ने ग्रहीय रक्षा पर समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया है, जो पृथ्वी तथा इसकी अंतरिक्ष संपदाओं को क्षुद्रग्रहों एवं पृथ्वी के निकट की वस्तुओं से बचाने पर केंद्रित है।
2. चीन ने पृथ्वी के निकट की वस्तुओं की रक्षा को प्राथमिकता वाला क्षेत्र करार दिया है क्योंकि इसमें संभावित रूप से परमाणु तकनीक शामिल है।
3. भारत ने संप्रभुता की चिंताओं के कारण आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अमेरिका और भारत** ने ग्रहीय रक्षा पर समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया है, जिसका ध्यान पृथ्वी तथा इसकी अंतरिक्ष संपदाओं को क्षुद्रग्रहों एवं पृथ्वी के निकट की वस्तुओं से बचाने पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **चीन** ने पृथ्वी के निकट की वस्तुओं की रक्षा को प्राथमिकता वाला क्षेत्र करार दिया है क्योंकि इसमें संभावित रूप से परमाणु तकनीक शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत आर्टेमिस समझौते के 27 हस्ताक्षरकर्त्ताओं में से एक है,** जो चंद्रमा, मंगल, धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों की खोज में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांतों की रूपरेखा तैयार करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**161. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य (1997) मामले में कार्यस्थल पर उत्पीड़न को रोकने के लिये भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिशा-निर्देशों की एक श्रृंखला निर्धारित की गई थी।
2. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) के गठन का प्रावधान करता है।
3. निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ (2018) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 228A का उद्देश्य पीड़ितों को शत्रुतापूर्ण भेदभाव और भविष्य में उत्पीड़न से बचाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य (1997)** मामले में कार्यस्थल पर उत्पीड़न को रोकने के लिये भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिशा-निर्देशों की एक श्रृंखला निर्धारित की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इनमें नियोक्ता के कर्त्तव्यों में हमले को रोकना तथा पीड़ित व्यक्तियों के लिये शिकायत निवारण तंत्र का गठन करना शामिल था।
- कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 में एक **आंतरिक शिकायत समिति (ICC)** के गठन का प्रावधान है, जिससे पीड़ित महिला संपर्क कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ (2018)** में सर्वोच्च न्यायालय ने यौन अपराधों के पीड़ितों के नाम और पहचान के प्रकटीकरण के दंड के महत्त्व को समझाया, जैसा कि **भारतीय दंड संहिता की धारा 228A** में अनिवार्य है, जिसे अब भारतीय न्याय संहिता की **धारा 72 और 73** में दोहराया गया है।
    - निर्णय में न्यायालय ने कहा कि प्रावधान का उद्देश्य पीड़ितों को शत्रुतापूर्ण भेदभाव और भविष्य में उत्पीड़न से बचाना है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**162. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रूस और भारत ने बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (RNPP) पर बढ़ते सहयोग को विकसित किया है।
2. श्रीलंकाई कैबिनेट ने घोषणा की है कि वह मट्टाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन 30 वर्षों के लिये भारत-रूस संयुक्त उद्यम को सौंप देगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रूस और भारत ने बांग्लादेश में **रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (RNPP)** पर बढ़ते सहयोग को विकसित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 2018 के **त्रिपक्षीय समझौते** के तहत रूस वित्तपोषण और मुख्य निर्माण की आपूर्ति करता है, जबकि भारतीय विशेषज्ञों व फर्मों को साइट पर कार्य करने के लिये उप-अनुबंधित किया जाता है तथा संयंत्र का निर्माण वर्ष 2024 में पूरा होने की उम्मीद है।
- जुलाई 2024 में श्रीलंकाई कैबिनेट ने घोषणा की कि वह मट्टाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन 30 वर्षों के लिये **भारत-रूस संयुक्त उद्यम** को सौंप देगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**163. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पहला यूरोपीय शैली का बैंक, बैंक ऑफ हिंदोस्तान, वर्ष 1771 में कलकत्ता (अब कोलकाता) में प्रबंध एजेंट अलेक्जेंडर एंड कंपनी द्वारा स्थापित किया गया था।
2. वर्ष 2024-25 के बजट में अंतर-नियामक समन्वय को औपचारिक बनाने के लिये वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) की स्थापना की घोषणा की गई है।
3. अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, रोज़गार सृजित करने और विकास हेतु एक प्रभावी व सक्रिय कॉर्पोरेट बॉण्ड बाज़ार का होना महत्त्वपूर्ण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पहला यूरोपीय शैली का बैंक, **बैंक ऑफ हिंदोस्तान (Bank of Hindostan)** वर्ष 1771 में प्रबंध एजेंट अलेक्जेंडर एंड कंपनी द्वारा कलकत्ता (अब कोलकाता) में स्थापित किया गया था, इसके बाद प्रबंध एजेंट मैकिन्टोश एंड कंपनी द्वारा कमर्शियल बैंक की स्थापना की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वित्त मंत्रालय** ने वर्ष 2008 के वित्तीय संकट के अनुभव से सीखते हुए अंतर-नियामक समन्वय को औपचारिक बनाने के लिये वर्ष 2010 में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) की स्थापना की थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अर्थव्यवस्था के लिये निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, रोज़गार सृजित करने और विकास हेतु एक प्रभावी व **सक्रिय कॉर्पोरेट बॉण्ड बाज़ार** का होना महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन 3 सही है।**

**164. एमपॉक्स प्रकोप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान प्रकोप मुख्य रूप से यौन संचारित है, जबकि वर्ष 2022 का प्रकोप यौन और गैर-यौन संपर्क दोनों के माध्यम से फैलता था।
2. ऐसा माना जाता है कि JYNNEOS, चेचक/एमपॉक्स का टीका, जोखिम वाले लोगों को एमपॉक्स से बचाने में सक्षम है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एमपॉक्स या मंकीपॉक्स एक **ज़ूनोटिक वायरस** है, जिसे हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (PHEIC) घोषित किया गया है।
- वर्ष 2022 एमपॉक्स का प्रकोप **मुख्य रूप से यौन संचारित** था, वर्तमान प्रकोप यौन और गैर-यौन संपर्क दोनों के माध्यम से फैल गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- माना जाता है कि **JYNNEOS**, एक चेचक/एमपॉक्स वैक्सीन, एमपॉक्स से **जोखिम वाले लोगों को** बचाने में सक्षम है, जो निकट संपर्क से फैलता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में लगभग 47% सावधि जमा अब वरिष्ठ नागरिकों के पास है।
2. सावधि जमा (FD) की ब्याज दर और मूलधन बदलती बाज़ार स्थितियों के साथ उतार-चढ़ाव नहीं करते हैं।
3. FD और डेट फंड के बीच मुख्य अंतर यह है कि FD पर ब्याज आय पर रिडेम्प्शन के समय कर लगाया जाता है, जबकि डेट फंड से प्राप्त लाभ पर उपार्जन के आधार पर कर लगाया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में लगभग 47% सावधि जमा अब वरिष्ठ नागरिकों के पास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सावधि जमा (FD) की ब्याज दर और मूलधन बदलती बाज़ार स्थितियों के साथ **उतार-चढ़ाव नहीं** करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- FD और डेट फंड (Debt Funds) के बीच एक मुख्य अंतर यह है कि डेट फंड से प्राप्त लाभ पर रिडेम्प्शन पर कर लगाया जाता है, जबकि FD पर ब्याज आय पर उपार्जन आधार पर कर लगाया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**166. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रेट निकोबार द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी छोर है और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह का एक हिस्सा है, जिसमें 600 से अधिक द्वीप शामिल हैं।
2. ग्रेट निकोबार की निकोबारी जनजातियाँ मुख्य रूप से शिकारी-संग्राहक हैं और अनुसूचित जनजातियों की सूची में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं।
3. शोम्पेन जनजाति खेती और मछली पकड़ने का काम करती है तथा इसके दो समूह हैं, ग्रेट शोम्पेन जनजाति एवं लिटिल शोम्पेन जनजाति।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **ग्रेट निकोबार द्वीप** भारत का सबसे दक्षिणी छोर है तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का एक हिस्सा है, जिसमें 600 से अधिक द्वीप शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ग्रेट निकोबार की शोम्पेन जनजाति मुख्य रूप से शिकारी-संग्राहक हैं और अनुसूचित जनजातियों की सूची में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **निकोबारी जनजातियाँ** खेती और मछली पकड़ने का काम करती हैं तथा उनके दो समूह हैं, ग्रेट निकोबारी और लिटिल निकोबारी। वे निकोबारी भाषा (शोम्पेन की अपनी अलग भाषा है) की अलग-अलग बोलियों का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**167. त्रिपुरा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1 जुलाई 1949 को स्वतंत्रता पश्चात् त्रिपुरा की पूर्ववर्ती रियासत भारतीय संघ में शामिल हुई।
2. यह राज्य भारत के पूर्वोत्तर भाग में स्थित है और पड़ोसी देश बांग्लादेश के साथ इसकी 856 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।
3. राज्य में कई वर्षा आश्रित एवं पड़ोसी देश बांग्लादेश में बहने वाली मौसमी नदियाँ और धाराएँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- त्रिपुरा की पूर्ववर्ती रियासत 1 जुलाई 1949 को **स्वतंत्रता के बाद** भारतीय संघ में शामिल हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राज्य भारत के पूर्वोत्तर भाग में स्थित है और इसकी पड़ोसी देश बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- राज्य में कई वर्षा आश्रित एवं पड़ोसी देश बांग्लादेश में बहने वाली मौसमी नदियाँ और धाराएँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**168. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 2015 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य छोटे और सूक्ष्म व्यवसायों की मदद करने हेतु 10 लाख रुपए तक के जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण प्रदान करके उद्यमिता को बढ़ावा देना था।
2. मुद्रा ऋण केवल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) द्वारा वितरित किये जाते हैं।
3. लगभग 69% मुद्रा ऋण खाते महिलाओं द्वारा धारित हैं और 51% खाते अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY):**

- **वर्ष 2015 में शुरू की गई** इस पहल का उद्देश्य छोटे और सूक्ष्म व्यवसायों की मदद करते हुए 10 लाख रुपए तक के जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान करके उद्यमिता को बढ़ावा देना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- मुद्रा ऋण वाणिज्यिक बैंकों, आरआरबी, लघु वित्त बैंकों, MFI और NBFC द्वारा प्रदान किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- लगभग 69% मुद्रा ऋण खाते महिलाओं द्वारा धारित हैं और 51% खाते अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**169. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेटा पोर्टेबिलिटी उपयोगकर्त्ताओं को अपने डेटा को बनाए रखते हुए आसानी से सेवाओं के बीच स्विच करने की शक्ति प्रदान करती है, जिससे लॉक-इन प्रभाव कम होता है और उपभोक्ता की पसंद बढ़ती है।
2. डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) के वास्तुशिल्प सिद्धांत इंटरऑपरेबिलिटी, डेटा पोर्टेबिलिटी और व्यक्तिगत डेटा पर उपयोगकर्त्ता नियंत्रण को प्राथमिकता देते हैं।
3. डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (DPDP) अधिनियम, 2023 डेटा सुरक्षा मानकों को लागू करने के लिये मज़बूत तंत्र प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **डेटा पोर्टेबिलिटी** उपयोगकर्त्ताओं को अपने डेटा को बनाए रखते हुए आसानी से सेवाओं के बीच स्विच करने की शक्ति प्रदान करती है, जिससे लॉक-इन प्रभाव कम होता है और उपभोक्ता की चॉइस बढ़ती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI)** के वास्तुशिल्प सिद्धांत इंटरऑपरेबिलिटी, डेटा पोर्टेबिलिटी और व्यक्तिगत डेटा पर उपयोगकर्त्ता नियंत्रण को प्राथमिकता देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023** डेटा सुरक्षा मानकों, विशेष रूप से डेटा सशक्तिकरण और सुरक्षा वास्तुकला (DEPA), सहमति प्रबंधन प्रणालियों तथा उपयोगकर्त्ता गोपनीयता के किसी भी उल्लंघन पर कंपनियों को जवाबदेह ठहराने हेतु दंड को लागू करने के लिये मज़बूत तंत्र प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**170. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पिछले दशकों में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (U5MR) में लगातार कमी आ रही है।
2. जन्म से पहले, माँ की आयु, पोषण संबंधी स्थिति और सामान्य स्वास्थ्य का बच्चे के जन्म के समय वज़न निर्धारित करने में कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता है।
3. पिछले दशक में मिशन इंद्रधनुष ने 12-23 महीने के बच्चों के बीच पूर्ण टीकाकरण कवरेज को लगभग 76% तक बढ़ा दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में पिछले दशकों में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (U5MR) में लगातार कमी आ रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत में यह 1,000 जीवित जन्मों पर 29.2 है, जबकि OECD देशों में यह औसत 5 से कम है।
- जन्म से पूर्व माँ की आयु, पोषण संबंधी स्थिति और सामान्य स्वास्थ्य बच्चे के जन्म के समय वज़न एवं नवजात शिशु की संज्ञानात्मक क्षमता निर्धारित करने में **विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण होती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- पिछले दशक में **मिशन इंद्रधनुष** (टीकाकरण अभियान) ने **12-23 महीने के बच्चों में पूर्ण टीकाकरण कवरेज** को लगभग **76% तक बढ़ा** दिया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**171. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में केवल 37% शहरी निवासियों को ही सार्वजनिक परिवहन तक आसान पहुँच प्राप्त है।

**कथन-II:** शहरी क्षेत्रों में प्रभावी जन परिवहन अवसंरचना सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा तीव्रता को कम करने तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये अभिन्न अंग है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में केवल 37% शहरी निवासियों को ही सार्वजनिक परिवहन तक आसान पहुँच प्राप्त है। **अत: कथन-I सही है।**
- शहरी क्षेत्रों में प्रभावी जन परिवहन अवसंरचना सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा तीव्रता को कम करने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये अभिन्न अंग है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**172. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नौकरशाही में पार्श्व प्रवेश से तात्पर्य निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) से विशेषज्ञों को काम पर रखने की प्रक्रिया से है।
2. सुखमय चक्रवर्ती समिति द्वारा प्रस्तावित पार्श्व प्रवेश योजना का उद्देश्य सरकार में संयुक्त सचिवों के स्तर पर नई योग्यताएँ लाना था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नौकरशाही में पार्श्व प्रवेश से तात्पर्य सरकार में विशिष्ट भूमिकाओं के लिये निजी क्षेत्र, शिक्षाविदों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) से **विशेषज्ञों को काम पर रखने की प्रक्रिया** से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग** द्वारा प्रस्तावित पार्श्व प्रवेश योजना का उद्देश्य सरकार में संयुक्त सचिवों के स्तर पर नई योग्यताएँ लाना था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - सुखमय चक्रवर्ती समिति (1985) ने **मौद्रिक नीति** और आर्थिक सुधार से संबंधित मुद्दों की जाँच की।

**173. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2017 के नियमों के तहत, RBI ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीयर-टू-पीयर (NBFC-P2P) प्लेटफॉर्म को ऋण-संबंधी बीमा के अलावा कोई अन्य उत्पाद नहीं बेचने का निर्देश दिया।
2. मौजूदा नियमों के तहत NBFC-P2P को किसी ग्राहक के लिये कोई ऋण वृद्धि या ऋण गारंटी प्रदान करने या उसकी व्यवस्था करने पर पहले से ही रोक है।
3. नवंबर 2024 के मध्य से, उधारकर्त्ता को हस्तांतरण के लिये प्रतीक्षारत ऋणदाताओं की धनराशि, एस्क्रो खाते में T+1 दिन से अधिक समय तक नहीं रहनी चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2017 के नियमों के तहत, RBI ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीयर-टू-पीयर (NBFC-P2P) प्लेटफॉर्म को ऋण-संबंधी बीमा के अलावा कोई अन्य उत्पाद नहीं बेचने का निर्देश दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- मौजूदा नियमों ने पहले से ही NBFC-P2P को किसी ग्राहक के लिये कोई क्रेडिट वृद्धि या क्रेडिट गारंटी प्रदान करने या व्यवस्थित करने से रोक दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नवंबर 2024 के मध्य से, एस्क्रो खाते में उधारकर्त्ता को हस्तांतरित होने वाली उधारदाताओं की धनराशि, T+1 दिन से अधिक समय तक नहीं रहनी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

**174. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

**कथन-I:** भारत में थीम-आधारित फंडों का उदय तथा मध्यम एवं स्मॉल-कैप शेयरों में बढ़ती रुचि, अलग की गई संस्थाओं को अधिक आकर्षक बनाती है।

**कथन-II:** विभाजन से प्रत्येक इकाई को विशिष्ट विकास रणनीतियों को आगे बढ़ाने और अपने संबंधित बाज़ारों में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने की अनुमति मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में थीम-आधारित फंडों का उदय और मध्यम तथा स्मॉल-कैप शेयरों में बढ़ती रुचि अलग की गई संस्थाओं को अधिक आकर्षक बनाती है। **अत: कथन-I सही है।**
- विभाजन से प्रत्येक इकाई को विशिष्ट विकास रणनीतियों को आगे बढ़ाने और अपने संबंधित बाज़ारों में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने की अनुमति मिलती है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**175. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1881 से 2011 तक जनगणना बिना चूक के आयोजित की गई।
2. जून 2024 तक, 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था, जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं की थी।
3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि जैसी कई सार्वजनिक योजनाएँ जनगणना पर निर्भर हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1881 से 2011 तक **जनगणना** बिना चूक के आयोजित की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- जून 2024 तक, 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था, जिन्होंने **इस दशक में जनगणना नहीं की थी। अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि जैसी कई सार्वजनिक योजनाएँ जनगणना पर निर्भर हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**176. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्तमान में भारत की शिक्षा प्रणाली विश्व में तीसरी सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली है, जो केवल चीन और अमेरिका से पीछे है।
2. वर्ष 1966 के मुदालियर आयोग ने भारत में एक समान स्कूल प्रणाली (CSS) का प्रस्ताव रखा।
3. CSS को एक समान मानक के तहत सरकारी स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को एकीकृत करके समान शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्तमान में भारत की शिक्षा प्रणाली विश्व में तीसरी सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली है, जो केवल चीन और अमेरिका से पीछे है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 1966 की कोठारी आयोग** की रिपोर्ट में भारत में एक **समान स्कूल प्रणाली (CSS)** का प्रस्ताव रखा गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - मुदालियर आयोग (1952-53) को भारत सरकार द्वारा भारत में **माध्यमिक शिक्षा** की जाँच और **सुधार** के लिये नियुक्त किया गया था।
- CSS को सार्वजनिक स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को एक समान मानक के तहत एकीकृत करके समान शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**177. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने संयुक्त राज्य अमेरिका में अनुमोदित दवाओं के लिये भारत में नैदानिक परीक्षण की आवश्यकता को माफ कर दिया।
2. यह छूट, जिसमें 'महामारी की स्थितियों में उपयोग की जाने वाली नई दवाएँ' शामिल नहीं हैं, देश में MVA-BN जैसे महत्त्वपूर्ण टीकों की उपलब्धता में कमी आएगी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोपीय संघ में स्वीकृत दवाओं के लिये भारत में नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता को माफ कर दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस छूट में 'महामारी की स्थितियों में इस्तेमाल की जाने वाली नई दवाएँ' **शामिल हैं,** जिससे देश में MVA-BN जैसे महत्त्वपूर्ण टीकों की **उपलब्धता में तेज़ी** आएगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**178. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये अब बच्चों की देखभाल पर ध्यान दिया जा रहा है।

**कथन-II:** महिलाओं की कम आर्थिक भागीदारी का एक प्रमुख कारण परिवार में उनके द्वारा वहन की जाने वाली देखभाल का अत्यधिक बोझ है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये अब बच्चों की देखभाल पर ध्यान दिया जा रहा है। **अत: कथन-I सही है।**
- महिलाओं की कम आर्थिक भागीदारी का एक प्रमुख कारण परिवार में उनके द्वारा वहन की जाने वाली देखभाल का अत्यधिक बोझ है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**179. भगवान मुरुगन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भगवान मुरुगन, जिन्हें कार्तिकेय, स्कंद या सुब्रह्मण्य के नाम से भी जाना जाता है, एक हिंदू देवता हैं।
2. वह भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र हैं, जिन्हें छह मुखों के साथ चित्रित किया गया है तथा उनकी सवारी मोर है।
3. मुरुगन तमिलनाडु के प्रमुख हिंदू देवता हैं और उन्हें केवल भारत में ही पूजा जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भगवान मुरुगन:**

- **भगवान मुरुगन,** जिन्हें कार्तिकेय, स्कंद या सुब्रह्मण्य के नाम से भी जाना जाता है, एक हिंदू देवता हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह **भगवान शिव** और देवी पार्वती के पुत्र हैं, जिन्हें छह मुखों के साथ चित्रित किया गया है तथा उनकी सवारी मोर है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मुरुगन तमिलनाडु में प्रमुख हिंदू देवता हैं और उन्हें भारत, मलेशिया, सिंगापुर, मॉरीशस, रीयूनियन द्वीप तथा श्रीलंका के अन्य हिस्सों में भी पूजा जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**180. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** लाभार्थी-नेतृत्व वाली निर्माण (BLC) योजना PMAY-U के पैमाने के लिये महत्त्वपूर्ण रही है और PMAY-U की कुल स्वीकृतियों में इसका योगदान 62% है।

**कथन-II:** यह छोटे शहरों में सफल रहा है, जहाँ भूमि स्वामित्व अधिक सुलभ है तथा BLC के लिये अर्हता प्राप्त करने हेतु घरेलू भूमि स्वामित्व महत्त्वपूर्ण है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लाभार्थी-नेतृत्व निर्माण (BLC) योजना:**

- लाभार्थी-नेतृत्व निर्माण (BLC) योजना PMAY-U के पैमाने के लिये महत्त्वपूर्ण रही है और PMAY-U के समग्र अनुमोदनों का 62% हिस्सा है। **अत: कथन-I सही है।**
- परिवारों द्वारा भूमि स्वामित्व BLC का लाभ उठाने की कुंजी है, यह छोटे शहरों में अत्यधिक सफल रहा है जहाँ भूमि स्वामित्व आसान है। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**181. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी के अनुसार, चार में से एक से अधिक लोग शहरी क्षेत्रों में ऋणग्रस्तता का सबसे बड़ा कारण स्वास्थ्य संबंधी खर्च को मानते हैं।
2. सीनियर एबल सिटीज़न फॉर रि-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी (SACRED) एक IT प्लेटफॉर्म है जो वरिष्ठ नागरिक रोज़गार चाहने वालों और रोज़गार प्रदाताओं को एक साथ लाता है।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 ने उच्च शिक्षा संस्थानों में सेवानिवृत्त पेशेवरों सहित विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिये "प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस" की अवधारणा पेश की है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **भारत में लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी** के अनुसार, चार में से एक से अधिक लोग शहरी क्षेत्रों में ऋणग्रस्तता का सबसे बड़ा कारण स्वास्थ्य संबंधी खर्च को मानते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सीनियर एबल सिटीज़न फॉर रि-एम्प्लॉयमेंट इन डिग्निटी (SACRED)** एक IT प्लेटफॉर्म है जो वरिष्ठ नागरिक रोज़गार चाहने वालों और रोज़गार प्रदाताओं को एक साथ लाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020** ने उच्च शिक्षा संस्थानों में सेवानिवृत्त पेशेवरों सहित विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिये "प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस" की अवधारणा पेश की है। **अत: कथन 3 सही है।**

**182. सिंथेटिक बायोलॉजी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जेनेटिक इंजीनियरिंग और बायोकंप्यूटिंग में प्रगति का लाभ उठाकर नए जैविक सिस्टम विकसित करती है जिन्हें विशिष्ट कार्य करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. दशक के अंत तक सिंथेटिक बायोलॉजी वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई से अधिक हिस्सा होगी, जिसका मूल्य लगभग 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगा।

नोट :

3. इसका उपयोग स्वास्थ्य, सौंदर्य, फैशन, वस्त्र, खाद्य, कृषि साथ ही खनन और निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सिंथेटिक बायोलॉजी:**

- सिंथेटिक बायोलॉजी **जेनेटिक इंजीनियरिंग** और बायोकंप्यूटिंग में प्रगति का लाभ उठाकर नए जैविक सिस्टम विकसित करती है जिन्हें विशिष्ट कार्य करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- दशक के अंत तक सिंथेटिक बायोलॉजी वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई से अधिक हिस्सा होगी, जिसका मूल्य लगभग 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- सिंथेटिक बायोलॉजी के अनुप्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में हैं, जिनमें स्वास्थ्य, सौंदर्य, फैशन, वस्त्र, खाद्य, कृषि साथ ही खनन और निर्माण शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**183. यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस का उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को ऋण देना बढ़ाना है।
2. ULI प्लेटफॉर्म कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करेगा।
3. बिना किसी विस्तृत दस्तावेज़ की आवश्यकता के ऋण की निर्बाध डिलीवरी और त्वरित टर्नअराउंड समय से उधारकर्त्ताओं तथा उधारदाताओं दोनों को लाभ होगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस:**

- **यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस** का उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को ऋण देना बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ULI प्लेटफॉर्म कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- बिना किसी विस्तृत दस्तावेज़ की आवश्यकता के ऋण की निर्बाध डिलीवरी और त्वरित टर्नअराउंड समय से उधारकर्त्ताओं तथा उधारदाताओं दोनों को लाभ होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**184. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना के अंतर्गत, बुनियादी बचत बैंक जमा (BSBD) खाता केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में ही खोला जा सकता है, जिसके पास अन्य कोई खाता न हो।
2. PMJDY खातों में कोई न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।
3. PMJDY खातों में जमा राशि पर ब्याज अर्जित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इस योजना के तहत, **किसी भी बैंक शाखा** या बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट (बैंक मित्र) आउटलेट में एक बुनियादी बचत बैंक जमा (BSBD) खाता खोला जा सकता है, जो कोई अन्य खाता नहीं रखता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- PMJDY खातों में कोई न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
- PMJDY खातों में जमा राशि पर ब्याज अर्जित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**185. काला सागर पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पहल से काला सागर में तीन प्रमुख यूक्रेनी पत्तनों ओडेसा, चर्नोमोर्स्क और युज़नी से वाणिज्यिक खाद्य और उर्वरक निर्यात की अनुमति मिलती है।
2. इस पहल के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये भारत में संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**काला सागर पहल:**

- यह पहल विशेषत: काला सागर में तीन प्रमुख यूक्रेनी पत्तनों-ओडेसा, चोर्नोमोर्स्क, युज़नी/पिवडेनी से वाणिज्यिक खाद्य और उर्वरक (अमोनिया सहित) निर्यात की अनुमति देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **इस्तांबुल** में स्थित **संयुक्त समन्वय केंद्र (JCC)** की स्थापना पहल के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**186. क्षय रोग (TB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला क्षय रोग (TB) विभिन्न अंगों को प्रभावित कर सकता है, जिनमें सबसे आम तौर पर फेफड़े, फुस्फुस, लिम्फ नोड्स, आँत , रीढ़ और मस्तिष्क शामिल हैं।
2. वर्ष 2022 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने सभी दवा प्रतिरोधी TB रोगियों के लिये BPaL/M नामक एक छोटी, सुरक्षित और अधिक प्रभावी खुराक की सिफारिश की।
3. भारत जल्द ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अनुशंसित दवा प्रतिरोधी TB के लिये कम अवधि की दवाएँ शुरू करेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**क्षय रोग (TB):**

- माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला **क्षय रोग (TB)** विभिन्न अंगों को प्रभावित कर सकता है, जिनमें सबसे आम तौर पर फेफड़े, फुस्फुस, लिम्फ नोड्स, आँत , रीढ़ और मस्तिष्क शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2022 में, **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने सभी दवा प्रतिरोधी TB रोगियों के लिये BPaL/M नामक एक छोटी, सुरक्षित और अधिक प्रभावी खुराक की सिफारिश की। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत जल्द ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अनुशंसित दवा प्रतिरोधी TB के लिये कम अवधि की दवाएँ शुरू करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) एक बाज़ार-आधारित पद्धति है जो प्रदूषक उत्सर्जन को कम करने के लिये आर्थिक प्रोत्साहन का उपयोग करती है।
2. उत्सर्जन व्यापार या कैप एंड ट्रेड, का उद्देश्य किसी निश्चित उत्पादन के लिये ऊर्जा के उपयोग को एक निर्धारित मात्रा तक सीमित करके ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) का उद्देश्य किसी दिये गए आउटपुट के लिये **ऊर्जा के उपयोग को एक निर्धारित मात्रा** तक सीमित करके ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उत्सर्जन व्यापार या कैप और ट्रेड, एक **बाज़ार-आधारित विधि** है जो प्रदूषक उत्सर्जन को कम करने के लिये आर्थिक प्रोत्साहन का उपयोग करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**188. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** iVDPV (प्रतिरक्षा-अक्षमता-संबंधी टीका-व्युत्पन्न पोलियोवायरस) का मामला केवल एक ही बच्चे को प्रभावित करता है, जबकि cVDPV (परिसंचारी टीका-व्युत्पन्न पोलियोवायरस) पूरे समुदाय को प्रभावित कर सकता है।

**कथन-II:** यद्यपि भारत में जंगली पोलियोवायरस का अंतिम मामला 2011 में दर्ज किया गया था, फिर भी वैक्सीन-उत्पन्न पोलियोवायरस के मामलों की कभी-कभी रिपोर्टें आती रहती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

188.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोलियोवायरस:**

- **iVDPV** (इम्यूनोडेफिशिएंसी-संबंधित वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस) का मामला केवल एक बच्चे को प्रभावित करता है, जबकि **cVDPV** (परिसंचारी वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस) पूरे समुदाय को प्रभावित कर सकता है। **अतः कथन-I सही है।**
- हालाँकि भारत में जंगली पोलियोवायरस का अंतिम **उदाहरण वर्ष 2011** में दर्ज किया गया था, फिर भी वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस के मामलों की कभी-कभी रिपोर्टें आती रहती हैं। **अतः कथन-II सही है।**
- अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**189. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और पाकिस्तान ने हाल ही में अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका भारत निर्मित उप-प्रणालियों का सबसे बड़ा रक्षा आयातक बनकर उभरा है।
3. भारत और यूक्रेन ने हाल ही में कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा उत्पाद विनियमन तथा सांस्कृतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाले चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

189.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भारत और पोलैंड** ने हाल ही में अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका** भारत निर्मित उप-प्रणालियों का सबसे बड़ा रक्षा आयातक बनकर उभरा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत और यूक्रेन** ने हाल ही में कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा उत्पाद विनियमन तथा सांस्कृतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाले चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**190. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल गर्ल्स हब (DGH) का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को डिजिटल साक्षरता, नौकरियों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और उद्यमशीलता कौशल तक पहुँच प्रदान करना है।
2. स्किल इम्पैक्ट बॉण्ड का लक्ष्य 50,000 वंचित युवाओं को सहायता प्रदान करना है, जिनमें से 60% महिलाएँ हैं, जिन्हें कौशल और आजीविका प्रदान की जाएगी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **डिजिटल गर्ल्स हब (DGH)** का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को सरकार द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के

मौजूदा नेटवर्क का उपयोग करके डिजिटल साक्षरता, नौकरियों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और उद्यमशीलता कौशल तक पहुँच प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- ये केंद्र लड़कियों में **आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे** तथा सामुदायिक लचीलापन, अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा उन तक पहुँच की क्षमता में वृद्धि करेंगे।

- **स्किल इम्पैक्ट बॉण्ड** का लक्ष्य 50,000 वंचित युवाओं को सहायता प्रदान करना है, जिनमें से 60% महिलाएँ हैं, जिन्हें कौशल और आजीविका प्रदान की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का अधिकांश हिस्सा विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आता है, जिसका नेतृत्व अमेरिका और जापान करते हैं।
2. सभी आसियान अर्थव्यवस्थाएँ और भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) के सदस्य हैं।
3. वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया जैसी आसियान अर्थव्यवस्थाएँ पहले ही वैश्विक मूल्य श्रृंखला (GVC) विविधीकरण की प्रक्रिया में भारत के सापेक्ष बढ़त हासिल कर चुकी हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का अधिकांश हिस्सा विकसित अर्थव्यवस्थाओं से आता है, जिसका नेतृत्व अमेरिका और जापान करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सभी आसियान अर्थव्यवस्थाएँ और चीन क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP)** के सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया जैसी आसियान अर्थव्यवस्थाएँ पहले ही **वैश्विक मूल्य श्रृंखला (GVC)** विविधीकरण की प्रक्रिया में भारत के सापेक्ष बढ़त हासिल कर चुकी हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**192. अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक, 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है:**

A. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)
B. अमेरिकी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स
C. विश्व बैंक
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक (IIPI):**

- **अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स का वैश्विक नवाचार नीति केंद्र (GIPC)** प्रतिवर्ष **अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक (IIPI)** प्रकाशित करता है।
- **वर्ष 2024 अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक में भारत 55 देशों में से 42वें** स्थान पर है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**193. BioE3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी) नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी और रोज़गार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।
2. यह नीति 'सर्कुलर बायोइकोनॉमी' को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित 'हरित विकास' के मार्ग पर ले जाएगी।
3. हालाँकि यह बायोमैन्युफैक्चरिंग और Bio-AI हब को बंद करके प्रौद्योगिकी विकास एवं व्यावसायीकरण में बाधा उत्पन्न करेगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**BioE3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी) नीति:**

- यह नीति भारत के **कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी** और रोज़गार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह नीति सरकार की पहलों जैसे कि **'नेट ज़ीरो'** कार्बन अर्थव्यवस्था और 'पर्यावरण के लिये जीवनशैली' को मज़बूत करेगी तथा 'सर्कुलर बायोइकोनॉमी' को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित **'हरित विकास'** के मार्ग पर आगे बढ़ाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- इससे बायोमैन्युफैक्चरिंग और Bio-AI हब और बायोफाउंड्री (Biofoundry) की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास एवं व्यावसायीकरण में तेज़ी आएगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**194. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राज्य चुनाव आयोगों (SEC) को 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1993 द्वारा प्रस्तुत किये गए संविधान के अनुच्छेद 243K तथा 243ZA द्वारा अस्तित्व में लाया गया था।

**कथन-II:** स्थानीय सरकारों के लिये नियमित और निष्पक्ष चुनाव वास्तविक ज़मीनी स्तर के लोकतंत्र तथा शहरों एवं गाँवों दोनों में प्रभावी सेवा वितरण हेतु आवश्यक हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राज्य चुनाव आयोगों (SEC)** को 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1993 द्वारा प्रस्तुत किये गए संविधान के अनुच्छेद 243K तथा 243ZA द्वारा अस्तित्व में लाया गया था। **अतः कथन-I सही है।**
- स्थानीय सरकारों के लिये **नियमित और निष्पक्ष चुनाव वास्तविक ज़मीनी स्तर** के लोकतंत्र तथा शहरों एवं गाँवों दोनों में प्रभावी सेवा वितरण हेतु आवश्यक हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**195. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** IQAir की 2023 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, भारत, विश्व का तीसरा सबसे प्रदूषित देश है और इसकी राजधानी सबसे अधिक प्रदूषित है।

**कथन-II:** भारत ने सीधे भारत स्टेज (BS) IV से BS VI उत्सर्जन मानकों में बदलाव किया है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **IQAir की 2023 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार,** भारत, विश्व का तीसरा सबसे प्रदूषित देश है और इसकी राजधानी सबसे अधिक प्रदूषित है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत ने सीधे भारत स्टेज (BS) IV से BS VI उत्सर्जन मानकों में बदलाव किया है। **अतः कथन-II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**196. हाल ही में समाचारों में रहा 'राइट टू डिस्कनेक्ट' का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. यह एक ऐसा कानून है जो लोगों को उनके भुगतान किये गए समय से परे, घंटों के बाद काम के संदेशों को अनदेखा करने की अनुमति देता है।

B. यह एक नीति है जो सभी कर्मचारियों के लिये न्यूनतम वेतन वृद्धि को अनिवार्य बनाती है।

C. यह एक विनियमन है जो प्रति सप्ताह अधिकतम कार्य घंटों की संख्या को 40 घंटे तक सीमित करता है।

D. यह एक ऐसा कानून है जो कर्मचारियों को सालाना अतिरिक्त भुगतान वाली छुट्टियाँ प्रदान करता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राइट टू डिस्कनेक्ट** के तहत, ऑस्ट्रेलिया ने एक कानून पारित किया है, **जिससे लोगों को काम के घंटों के बाद अपने मालिकों के काम से संबंधित संदेशों को अनदेखा करने की अनुमति मिलती है** तथा उन्हें अपने भुगतान समय के अलावा आधिकारिक संचार का जवाब देने की आवश्यकता नहीं होती।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**197. औद्योगिक पार्क नीति, 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. औद्योगिक पार्क नीति, 2024 का लक्ष्य औद्योगिक पार्कों का "स्वर्णिम चतुर्भुज" बनाने के लिये 12 एन्क्लेव स्थापित करना है।
2. केंद्र और राज्य सरकारें, निजी क्षेत्र के साथ मिलकर "प्लग एंड प्ले" एकीकृत स्मार्ट औद्योगिक शहर विकसित करेंगी, जिसमें आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्र शामिल होंगे।
3. राज्यों का योगदान इक्विटी के रूप में आएगा और केंद्र भूमि उपलब्ध कराएगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**औद्योगिक पार्क नीति, 2024:**

- औद्योगिक पार्क नीति, 2024 का लक्ष्य औद्योगिक पार्कों का **"स्वर्णिम चतुर्भुज"** बनाने के लिये 12 परिक्षेत्र स्थापित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्र और राज्य सरकारें निजी क्षेत्र के साथ मिलकर **"प्लग एंड प्ले"** एकीकृत स्मार्ट औद्योगिक शहर विकसित करेंगी जिसमें आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्र शामिल होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राज्यों से योगदान** भूमि के रूप में आएगा और **केंद्र मामले के आधार पर इक्विटी या ऋण प्रदान** करेगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**198. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतरिक्ष में हवा नहीं है और वहाँ अत्यधिक तापमान रहता है तथा वायुमंडल या चुंबकीय क्षेत्र के बिना मनुष्य सौर विकिरण से असुरक्षित है।
2. अंतरिक्ष में लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण मांसपेशियाँ कमज़ोर हो सकती हैं तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ भी हो सकती हैं।
3. अंतरिक्ष उड़ान के लिये त्वरण की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप पिंड पर सामान्य गुरुत्वाकर्षण का 910 गुना अधिक प्रभाव पड़ता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अंतरिक्ष में हवा नहीं है** और वहाँ अत्यधिक तापमान रहता है तथा वायुमंडल या चुंबकीय क्षेत्र के बिना, मनुष्य सौर विकिरण से असुरक्षित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतरिक्ष में लंबे समय तक शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण मांसपेशियाँ कमज़ोर हो सकती हैं तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ भी हो सकती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतरिक्ष उड़ान के लिये त्वरण की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप पिंड पर सामान्य गुरुत्वाकर्षण का 910 गुना अधिक प्रभाव पड़ता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**199. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पुरानी पेंशन योजना (OPS) में निश्चित लाभ का वादा किया गया था, जिसमें कर्मचारियों से कोई योगदान नहीं लिया जाता था।
2. नई पेंशन योजना (NPS) में लाभ की गारंटी वाली प्रणाली को बदलकर ऐसी प्रणाली बना दिया गया है, जिसमें रिटर्न इस बात पर निर्भर करता है कि निवेश कितना अच्छा प्रदर्शन करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पुरानी पेंशन योजना (OPS)** में निश्चित लाभ का वादा किया गया था, जिसमें कर्मचारियों से कोई योगदान नहीं लिया जाता था। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **नई पेंशन योजना (NPS)** गारंटीशुदा लाभ वाली प्रणाली से बदलकर ऐसी प्रणाली बन गई है जहाँ रिटर्न इस बात पर निर्भर करता है कि निवेश कितना अच्छा प्रदर्शन करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**200. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 का उद्देश्य नागरिकों के डेटा की सुरक्षा करना है, जिसमें सीमा-पार साझाकरण भी शामिल है।
2. यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को जानने और नियंत्रित करने का अधिकार देता है।
3. यह व्यक्तिगत डेटा को तब हटाने का आदेश देता है जब उपयोगकर्त्ता सहमति वापस ले लेता है या जिस उद्देश्य के लिये डेटा एकत्र किया गया था वह अब प्रासंगिक नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023:**

- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 का उद्देश्य नागरिकों के डेटा की सुरक्षा करना है, जिसमें सीमा-पार साझाकरण भी शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को जानने और नियंत्रित करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह व्यक्तिगत डेटा को तब हटाने का आदेश देता है जब उपयोगकर्त्ता सहमति वापस ले लेता है या जिस उद्देश्य के लिये डेटा एकत्र किया गया था वह अब प्रासंगिक नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

**201. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये विविध प्रयासों का समन्वय और निगरानी करने हेतु एक वैधानिक तंत्र है।
2. इसने 22 वर्ष पुराने पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) का स्थान लिया है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक भागीदारी एवं अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ाना है।
3. आयोग निर्वाचित प्रतिनिधियों की देख-रेख में काम करेगा और संसद को नियमित रिपोर्ट देगा।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM):**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये विविध प्रयासों का समन्वय तथा देख-रेख करने हेतु एक **वैधानिक तंत्र** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसने 22 वर्ष पुराने **पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA)** का स्थान लिया है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक भागीदारी, अंतर-राज्यीय सहयोग, विशेषज्ञ इनपुट तथा चल रहे अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आयोग निर्वाचित प्रतिनिधियों की देख-रेख में काम करेगा और संसद को नियमित रिपोर्ट देगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**202. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडियास्टैक का उद्देश्य कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं को भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी का निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है।
2. यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI) डिजिटल उपकरणों का एक संग्रह है जो सरकारों, व्यवसायों और डेवलपर्स को भौतिक उपस्थिति, कागजी कार्रवाई या नकदी की आवश्यकता के बिना भारत में सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस ( ULI )** का उद्देश्य कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं को भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **इंडियास्टैक** डिजिटल उपकरणों का एक संग्रह है जो सरकारों, व्यवसायों और डेवलपर्स को भौतिक उपस्थिति, कागज़ी कार्रवाई या नकदी की आवश्यकता के बिना भारत में सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**203. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) वह मूल्य है जो उत्पादकों ने खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं में जोड़ा है।
2. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी देश में एक निश्चित समयावधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का माप है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **सकल मूल्य वर्द्धित ( GVA )** वह मूल्य है जो उत्पादकों ने खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं में जोड़ा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सकल घरेलू उत्पाद ( GDP )** किसी देश में एक निश्चित समयावधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का माप है। **अतः कथन 2 सही है।**

**204. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) एक भौगोलिक क्षेत्र है जिसके आर्थिक कानून देश के घरेलू आर्थिक कानूनों की तुलना में अधिक उदार होते हैं।
2. भारत एशिया में निर्यात को बढ़ावा देने में निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र मॉडल की प्रभावशीलता को पहचानने वाले पहले देशों में से एक था, जिसने वर्ष 1965 में नई दिल्ली में एशिया का पहला EPZ स्थापित किया था।
3. भारत के सभी कानून SEZ पर लागू होते हैं जब तक कि SEZ अधिनियम/नियमों के अनुसार विशेष रूप से छूट न दी गई हो।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष आर्थिक क्षेत्र ( SEZ ):**

- विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) एक भौगोलिक क्षेत्र है जिसके आर्थिक कानून देश के घरेलू आर्थिक कानूनों की तुलना में अधिक उदार होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- निर्यात को बढ़ावा देने में निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र मॉडल की प्रभावशीलता को पहचानने वाले भारत एशिया के पहले देशों में से एक था, जिसने वर्ष 1965 में **गुजरात के कांडला** में एशिया का पहला EPZ स्थापित किया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के **सभी कानून SEZ पर लागू होते** हैं जब तक कि SEZ अधिनियम/नियमों के अनुसार विशेष रूप से छूट न दी गई हो। **अतः कथन 3 सही है।**

**205. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** महत्त्वपूर्ण कच्चे माल, जो EV बैटरी बनाने की लागत का 60% हिस्सा होते हैं, ज़्यादातर कुछ ही देशों में स्थित होते हैं, जिससे भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान का जोखिम पैदा होता है।

**कथन-II:** लिथियम, ताँबा और कोबाल्ट जैसे महत्त्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की रीढ़ हैं तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्त्वपूर्ण हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- **महत्त्वपूर्ण कच्चे माल,** जो EV बैटरी बनाने की लागत का 60% हिस्सा होते हैं, ज़्यादातर कुछ ही देशों में स्थित होते हैं, जिससे भू-राजनीतिक तनाव के कारण **आपूर्ति शृंखला में व्यवधान का जोखिम** पैदा होता है। **अत: कथन-I सही है।**
- लिथियम, ताँबा और कोबाल्ट जैसे **महत्त्वपूर्ण खनिज** इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की रीढ़ हैं तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्त्वपूर्ण हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

**206. निम्न पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत ने बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 के तहत आपूर्ति शृंखला में पुनर्चक्रण को एकीकृत करके बैटरी के पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग द्वारा बैटरी अपशिष्ट को कम करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

**कथन-II:** पुरानी बैटरियों को रीसाइकिल करने से 2040 तक ताँबा, लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी नई सामग्रियों के खनन की आवश्यकता काफी कम हो सकती है तथा बैटरी उत्सर्जन में 7-17% की कमी आ सकती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पुरानी बैटरियों का पुनर्चक्रण:**

- **भारत ने बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022** के तहत आपूर्ति शृंखला में पुनर्चक्रण को एकीकृत करके बैटरी के पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग द्वारा बैटरी अपशिष्ट को कम करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। **अत: कथन-I सही है।**
- पुरानी बैटरियों को रीसाइकिल करने से 2040 तक ताँबा, लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी नई सामग्रियों के खनन की आवश्यकता काफी कम हो सकती है तथा बैटरी उत्सर्जन में 7-17% की कमी आ सकती है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**207. महाबोधि मंदिर परिसर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महाबोधि मंदिर परिसर भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है।
2. पहला मंदिर सम्राट अशोक ने पहली शताब्दी ईसा पूर्व में बनवाया था और वर्तमान मंदिर 5वीं या 6वीं शताब्दी का है।
3. यह पूरी तरह से ईंटों से निर्मित सबसे पुराने बौद्ध मंदिरों में से एक है, जो गुप्त काल के अंत से लेकर आज भी भारत में मौजूद है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महाबोधि मंदिर परिसर:**

- महाबोधि मंदिर परिसर भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सम्राट अशोक ने** ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में पहला मंदिर बनवाया था और वर्तमान **मंदिर 5वीं या 6वीं** शताब्दी का है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह पूरी तरह से ईंटों से निर्मित सबसे पुराने बौद्ध मंदिरों में से एक है, जो **गुप्त काल** के अंत से भारत में अभी भी मौजूद है। **अत: कथन 3 सही है।**

**208. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कवच एक स्वदेशी व्यापक सिग्नलिंग प्रणाली है जिसमें टक्कर रोधी विशेषताएँ हैं, जिसे अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन (RDSO) द्वारा विकसित किया गया है।

नोट :

2. इसे हमारी राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली के रूप में अपनाया गया है।
3. इसमें ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रेनों की गतिविधियों की केंद्रीकृत लाइव निगरानी की सुविधा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कवच:**

- कवच अनुसंधान डिज़ाइन और मानक संगठन (RDSO) द्वारा विकसित टक्कर-रोधी विशेषताओं वाला एक स्वदेशी व्यापक सिग्नलिंग सिस्टम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे हमारी राष्ट्रीय स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली के रूप में अपनाया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें नेटवर्क **मॉनिटर सिस्टम के माध्यम से ट्रेन की** गतिविधियों की **केंद्रीकृत लाइव निगरानी की सुविधा** है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि The Vision

नोट :